सेंसेक्स 72,026.15 ▲ +178.58
डॉलर 83.125 ▼ -0.140

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

	अधिकतम	न्यूनतम	(न्यूनतम)
रांची	18.0	15.0	15.0
धनबाद	21.0	16.0	18.0
जमशेदपुर	27.0	15.0	19.0
पलामू	19.0	16.0	16.0

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची, पौष कृष्ण पक्ष 10, विक्रम संवत 2080 | रांची, शनिवार, 06 जनवरी 2024, वर्ष-24, अंक- 329, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय | नये साल से उम्मीदें तो बहुत हैं मगर कई ...8 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | अभिनेता मनोज बाजपेयी के लोस चुनाव ... 12 | देश/विदेश

रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 59,700

चांदी (1 किलो) 78,000

एक नजर

सीबीआई कोर्ट में सीता सोरेन ने जमा किया पासपोर्ट

रांची। राज्यसभा चुनाव से जुड़े हॉर्स ट्रेडिंग मामले की आरोपित झामुमो की विधायक सीता सोरेन ने शुक्रवार को रांची सीबीआई कोर्ट पहुंची। इस दौरान उन्होंने सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में अपना पासपोर्ट जमा किया। इस मामले में सीबीआई ने सीता सोरेन के खिलाफ चार्जशीट दायर की है।

राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक नौ को

रांची। राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक नौ जनवरी को शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी। बैठक में महत्वपूर्ण फैसले लिए जाएंगे। कैबिनेट की बैठक को लेकर मंत्रिमंडल सचिवालय ने शुक्रवार को आदेश जारी किया और सभी विभागों से प्रस्ताव भी मांगा है।

सुप्रीम कोर्ट से तेजस्वी यादव को झटका

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को झटका देते हुए उनकी याचिका को 22 जनवरी तक स्थगित कर दिया। तेजस्वी यादव ने याचिका में अहमदाबाद की एक मजिस्ट्रेट अदालत में उनके खिलाफ लंबित आपराधिक मानहानि की शिकायत को गुजरात के बाहर, खासतौर से दिल्ली में ट्रांसफर करने की मांग की है। यह केस तेजस्वी के बयान केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं को लेकर चल रहा है।

राहुल को हाईकोर्ट से राहत बरकरार

रांची। भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी से जुड़े मामले में सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को दी गई राहत बरकरार रखी है।

लश्कर का आतंकी बिलाल अहमद

शोपियां। जम्मू-कश्मीर के शोपियां में चल रही मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकवादी को मार गिराया है। पुलिस ने कहा कि मारा गया आतंकी सेना के एक जवान और गैर-स्थानीय मजदूरों की हत्या में शामिल था। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दक्षिण कश्मीर जिले के चोटीगाम गांव में एक आतंकवादी की मौजूदगी की गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने तड़के घेराबंदी की और तलाशी अभियान शुरू किया। जैसे ही सुरक्षा बल संदिग्ध स्थान के पास पहुंचे, छिपे हुए आतंकवादी ने उन पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसका करारा जवाब दिया गया और मुठभेड़ शुरू हो गई।

मई में समीर उरांव और धीरज साहू का कार्यकाल होगा पूरा

9 केंद्रीय मंत्री समेत 68 सांसद इस साल राज्यसभा से होंगे रिटायर

एजेंसी। नई दिल्ली

इस साल 68 राज्यसभा सदस्य अपना कार्यकाल पूरा करने जा रहे हैं। झारखंड से भाजपा सदस्य समीर उरांव और कांग्रेस सदस्य धीरज प्रसाद साहू मई में अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। इन 68 पदों में से दिल्ली की तीन सीटों के लिए पहले से ही चुनाव का ऐलान हो गया है। यहां संजय सिंह, नारायण दास गुप्ता और सुशील कुमार गुप्ता 27 जनवरी को कार्यकाल पूरा करने वाले हैं। सिक्किम में एक सीट के लिए चुनाव कराने को कहा गया है। यहां से हिशे लाचुंगपा 23 फरवरी को रिटायर होंगे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मडाविया और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह सहित 57 नेता अप्रैल में अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 10 सीटें खाली होंगी, इसके बाद महाराष्ट्र और बिहार 6-6 सीटें, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल 5-5 सीटें, कर्नाटक और गुजरात में 4-4 सीटें, ओडिशा, तेलंगाना, केरल और आंध्र प्रदेश 3-3 सीटें, झारखंड और राजस्थान में 2-2 सीटें, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और छत्तीसगढ़ में 1-1 सीटें खाली होंगी।

महाराष्ट्र के ये सदस्य होने जा रहे रिटायर

महाराष्ट्र में एनसीपी और शिवसेना में विभाजन के कारण राज्य में राजनीतिक पुनर्गठन के बाद राज्यसभा चुनावों पर खासी नजर है। मध्य प्रदेश से धर्मेंद्र प्रधान, सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन, भाजपा सदस्य अजय प्रताप सिंह, कैलाश सोनी और कांग्रेस सदस्य राजमणि पटेल संसद के उच्च सदन से रिटायर हो रहे हैं। कर्नाटक में, रिटायर होने वाले सदस्यों में भाजपा के राजीव चन्द्रशेखर और कांग्रेस के एल हनुमंथैया, जी सी चन्द्रशेखर और सैयद नासिर हुसैन शामिल हैं। बीआरएस के जोगिनीपल्ली संतोष कुमार रविचंद्र वद्दीराजू और बी लिंगैया यादव तेलंगाना से रिटायर होने वाले सदस्यों की लिस्ट में हैं।

4 मनोनीत सदस्य जुलाई में होंगे रिटायर

चार मनोनीत सदस्य जुलाई में रिटायर हो रहे हैं। हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा के लिए दोबारा नामांकन के लिए बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा को अपने गृह राज्य से बाहर सीट तलाशनी होगी क्योंकि वहां कांग्रेस सत्ता में है। वहीं कांग्रेस कर्नाटक और तेलंगाना से भी अपने उम्मीदवारों को संसद के उच्च सदन में भेज सकती है। इन राज्यों में कांग्रेस पिछले साल ही सत्ता में आई है। कर्नाटक में चार और तेलंगाना में तीन राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है। रिटायर होने वाले सदस्यों में मनमोहन सिंह और भूपेन्द्र यादव (राजस्थान), अश्विनी वैष्णव, बीजद सदस्य प्रशांत नंदा और अमर पटनायक (ओडिशा), भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी (उत्तराखंड), मनसुख मंडाविया और मत्स्य पालन मंत्री परषोत्तम रूपाला, कांग्रेस सदस्य नारणभाई राठवा और गुजरात से अमी याग्निक शामिल हैं। विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन, एमएसएमई मंत्री नारायण राणे, पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर, कांग्रेस सदस्य कुमार केतकर, एनसीपी सदस्य वंदना चव्हाण और शिवसेना (यूबीटी) सदस्य अनिल देसाई महाराष्ट्र से रिटायर होने जा रहे हैं।

बंगाल-बिहार के सदस्य भी होंगे रिटायर

पश्चिम बंगाल से तृणमूल कांग्रेस के सदस्य अबीर रंजन विश्वास, सुभाशीष चक्रवर्ती, मोहम्मद नदीमुल हक और शांतनु सेन और कांग्रेस सदस्य अभिषेक मनु सिंघवी संसद के उच्च सदन से रिटायर हो रहे हैं। बिहार में, राजद सदस्य मनोज कुमार झा और अहमद अशफाक करीम, जदयू सदस्य अनिल प्रसाद हेगड़े और बशिष्ठ नारायण सिंह, भाजपा सदस्य सुशील कुमार मोदी और कांग्रेस सदस्य अखिलेश प्रसाद सिंह राज्यसभा में अपना कार्यकाल पूरा करने वाले हैं। भाजपा सदस्य अनिल अग्रवाल, अशोक बाजपेयी, अनिल जैन, कांता कर्दम, सकलदीप राजभर, जीवीएल नरसिम्हा राव, विजय पाल सिंह तोमर, सुधांशु त्रिवेदी और हरनाथ सिंह यादव और उत्तर प्रदेश से समाजवादी पार्टी सदस्य जया बच्चन रिटायर होने जा रही हैं। आंध्र प्रदेश से टीडीपी सदस्य कनकमेदाला रवींद्र कुमार, भाजपा सदस्य सी एम रमेश और वाईएसआरसीपी सदस्य प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी का कार्यकाल इस साल पूरा होने जा रहा है। केरल में, सीपीआई (एम) सदस्य एलामाराम करीम, सीपीआई सदस्य बिनॉय विश्वम और केसी (एम) सदस्य जोस के मणि जुलाई में रिटायर होंगे। जुलाई में भाजपा के महेश जेठमलानी, सोनल मानसिंह, राम शकल और राकेश सिन्हा अपना राज्यसभा का कार्यकाल पूरा करेंगे।

अभय चौटाला के समधी के ठिकाने से पांच करोड़ जब्त

प. बंगाल में ईडी टीम पर जानलेवा हमला

एजेंसी

कोलकाता / यमुनानगर / चंडीगढ़ / मुंबई। ईडी की टीम ने शुक्रवार को प. बंगाल, हरियाणा और महाराष्ट्र में अलग-अलग मामले में छापेमारी की। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में राशन वितरण भ्रष्टाचार मामले में तृणमूल नेता शाहजहां शेख के घर छापा मारने पहुंची ईडी के अधिकारियों पर तीन सौ ज्यादा टीएमसी समर्थकों ने जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस की मौजूदगी के बावजूद ये हमला हुआ जिसमें एक अधिकारी के घायल होने की सूचना है। इस वजह से अधिकारियों को जान बचाकर भागना पड़ा। उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में तृणमूल नेता शाहजहां शेख के घर पर छापा मारने पहुंची ईडी की टीम पर हमला हुआ है। वहीं हरियाणा के यमुनानगर से इनेलो के पूर्व विधायक और अभय चौटाला के समधी दिलबाग सिंह और उनके करीबियों घर व कार्यालय से ईडी ने पांच करोड़ रुपये की नकदी, सोने के तीन बिस्कुट और 100 से अधिक विदेशी शराब की बोतल बरामद की है। वहीं शरद पवार के पौत्र और विधायक रोहित पवार की बारामती एग्रो कंपनी सहित छह जगहों पर शुक्रवार की सुबह से ही ईडी की छापेमारी चल रही है।

राशन वितरण घोटाले में तृणमूल नेता शाहजहां शेख के घर पर छापा मारने पहुंची थी ईडी की टीम

दिलबाग सिंह के घर सोने के तीन बिस्कुट और 100 से अधिक विदेशी शराब की बोतलें बरामद

किरीट सोमैया की शिकायत पर रोहित पवार के बारामती एग्रो कंपनी के खिलाफ हो रही है छापेमारी

तीन सौ से अधिक लोगों ने किया हमला

BJP ने की NIA जांच की मांग

छापे के खिलाफ टीएमसी का जबरदस्त विरोध

ईडी के छापेमारी के प्रयास के खिलाफ पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली के विभिन्न स्थानों पर तृणमूल कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। सड़कें घेर कर टायरों में आग लगा दी। मीडिया की गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की गई। यह पहली बार है कि ईडी को किसी अभियान में इतने सख्त विरोध का सामना करना पड़ा। इस घटना की शुरूआत शुक्रवार सुबह हुई। राशन वितरण भ्रष्टाचार मामले में ईडी के अधिकारी संदेशखाली में तृणमूल नेता शाहजहां शेख के घर पहुंचे। घर पर ताला लगा था। काफी देर तक फोन करने के बाद भी किसी ने जवाब नहीं दिया।

विदेश में बनाई संपत्तियों के कागजात मिले

प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को साफ किया है कि गुरुवार को यमुनानगर में मारे गए इन छापों में विदेश में बनाई गई कई संपत्तियों के कागजात और चार विदेशी राइफल सहित अन्य चीजें भी मिली हैं। एजेंसी की यह कार्रवाई शुक्रवार सुबह तक जारी रही। प्रवर्तन निदेशालय ने अदालत के आदेश पर सोनीपत से पूर्व कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार, करनाल के भाजपा नेता मनोज वधवा और यमुनानगर के इनेलो से पूर्व विधायक के ठिकानों पर छापा मारा था। ईडी के अधिकारियों ने दिलबाग सिंह के कार्यालय, फैजपुर स्थित फार्म हाउस सहित अन्य कारोबारी संजीव बिट्टा, इंद्रपाल सिंह बब्बल के घर और अन्य ठिकानों पर छापा मारा था। दिलबाग सिंह 2009 में विधायक का चुनाव जीते थे। 2014 में उन्हें भाजपा के घनश्याम दास अरोड़ा से हार का सामना करना पड़ा था।

राज्यपाल की ममता को सख्त चेतावनी

प. बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने टीएमसी नेता शेख साजहान के समर्थकों द्वारा प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर हमले को खतरनाक, निंदनीय और एक भयानक घटना कहा। कड़े शब्दों में प्रत्युत्तर में उन्होंने कहा कि बंगाल बनाना रिपब्लिक नहीं है और सरकार को राज्य में बर्बरता रोकनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ममता बनर्जी सरकार अपने मूल कर्तव्यों को निभाने में विफल रहती है, तो भारत का संविधान अपना काम करेगा। यदि कोई सरकार अपने मूल कर्तव्य में विफल रहती है, तो भारत का संविधान अपना काम करेगा। मैं उचित कार्रवाई के लिए अपने सभी संवैधानिक विकल्प सुरक्षित रखता हूं।

छापेमारी राजनीति से प्रेरित : सुले

मुंबई में रोहित पवार के ठिकानों पर छापेमारी पर शरद पवार की बेटी और सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि यह कार्रवाई राजनीति से प्रेरित है। फिर भी रोहित पवार जांच में सहयोग करेंगे। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष किरीट सोमैया की शिकायत पर ईडी की टीम शुक्रवार सुबह से ही रोहित पवार के बारामती एग्रो कंपनी और कन्नड़ कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्री सहित छह जगह छापेमारी कर रही है। किरीट सोमैया का आरोप है कि विधायक रोहित पवार ने बारामती एग्रो कंपनी को नीलामी में केवल 50 करोड़ रुपये में खरीदा।

सीईओ से मिला झामुमो प्रतिनिधिमंडल, सौंपा ज्ञापन

गांडेय में उप चुनाव कराने की मांग

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड में राजनीतिक उठा पटक के बीच झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय के नेतृत्व में शुक्रवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और जल्द गांडेय विधानसभा क्षेत्र में उप चुनाव कराने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से झामुमो ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को जानकारी दी कि गांडेय विधान सभा क्षेत्र से निर्वाचित डॉ सरफराज अहमद ने विधान सभा अध्यक्ष को अपना त्याग पत्र सौंपे जाने एवं विधान सभा द्वारा संविधान के अनुच्छेद 190 (3) (ख) एवं झारखंड विधानसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम 316 के अन्तर्गत डॉ अहमद के त्याग पत्र की स्वीकृति के कारण गाण्डेय विधान सभा क्षेत्र 31 दिसंबर 2023 के प्रभाव से रिक्त हो गया है। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि पंचम झारखंड ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

चुनाव आयोग ने जयराम रमेश की वीवीपैट मशीनों को लेकर जताई चिंताओं को किया खारिज



नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता जयराम रमेश की वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) मशीनों को लेकर जताई गई चिंता को खारिज करते हुए आज कहा कि उन्होंने कोई नया दावा नहीं किया है। यह कोई ऐसा कानूनी और तार्किक पक्ष नहीं रखा गया है, जिस पर आगे स्पष्टीकरण की जरूरत है। आयोग ने कहा, पहले पत्रों के अनुक्रम में वर्तमान पत्र दिनांक 30 दिसंबर, 2023 में कोई नया दावा या उचित और वैध संदेह नहीं है, जिसके लिए और स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। चुनाव आयोग ने जयराम रमेश को लिखे पत्र में एक बार फिर ईवीएम के माध्यम से चुनाव कराए जाने पर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया है। चुनाव आयोग का कहना है कि उसकी ओर से दिए गए 'फ्रिक्वेंटली आस्क क्वेश्चंस' के जवाब में उनकी उठाई गई सभी चिंता और कानूनी पहलुओं का जवाब मौजूद है। उल्लेखनीय है कि विपक्षी गठबंधन ने 19 दिसंबर को एक बैठक में ईवीएम की कार्यप्रणाली पर संदेह व्यक्त किया था।

धोनी ने पूर्व बिजनेस पार्टनर कंपनी पर दर्ज कराया मुकदमा

15 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप

नवीन मेल संवाददाता। रांची

महेंद्र सिंह धोनी ने अरका स्पोर्ट्स मैनेजमेंट नामक कंपनी पर 15 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए रांची की अदालत में मुकदमा दर्ज कराया है। इस कंपनी के साथ महेंद्र सिंह धोनी ने ग्लोबल लेवल पर क्रिकेट एकेडमी की स्थापना को लेकर 2017 में करार किया था। करार की शर्तों का पालन न करने पर उन्होंने कंपनी को कई नोटिस दिए थे। जवाब न मिलने धोनी ने कंपनी को अपनी ओर से दिया गया अधिकार खत्म कर दिया था।

अब इसी मामले में उन्होंने 15 करोड़ के नुकसान का दावा करते हुए कंपनी के दो प्रमुख कर्ता-धर्ता मिहिर दिवाकर और सौम्या विश्वास के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज कराया है। इस मुकदमे को लेकर शुक्रवार को रांची में ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट राजकुमार पांडे की अदालत में सुनवाई हुई। दरअसल, क्रिकेट एकेडमी चलाने के लिए 2017 में दोनों पक्षों के बीच जो एग्रीमेंट हुआ, उसके मुताबिक अरका स्पोर्ट्स की ओर से धोनी को फ्रेंचाइजी शुल्क मिलना था और इसके अलावा प्रॉफिट का हिस्सा भी शेयर किया जाना था। धोनी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

अलका लांबा बनी महिला कांग्रेस अध्यक्ष, वरूण को एनएसयूआई की कमान

नई दिल्ली। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महिला कांग्रेस और एनएसयूआई के अध्यक्षों को बदल दिया है। अलका लांबा को अखिल भारतीय महिला कांग्रेस का अध्यक्ष बनाना गया है। वह निवर्तमान अध्यक्ष नेटा डिसूजा का स्थान लेगी। कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष को भी बदल दिया गया है। एनएसयूआई नीरज कुंदन को हटा दिया गया है। उनके स्थान पर वरूण चौधरी को एनएसयूआई का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। इस संबंध में कांग्रेस के महासचिव के सी वेणुगोपाल ने सूचना जारी की।

एके सिंह कॉलेज जपला के शासी निकाय का चुनाव सम्पन्न

सांसद वीडी राम अध्यक्ष व प्रफुल्ल सिंह बने सचिव

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। एके सिंह कॉलेज जपला के बहुप्रतीक्षित शासी निकाय के अध्यक्ष एवं सचिव का चुनाव गुरुवार की देर शाम स्थानीय परिसदन भवन में संपन्न हुआ। इसमें सर्वसम्मति से पलामू सांसद वीडी राम को अध्यक्ष एवं शिक्षाविद् प्रफुल कुमार सिंह को सचिव निर्वाचित किया गया। सांसद के अध्यक्ष बनाये जाने का प्रस्ताव प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने रखा और शिक्षाविद प्रफुल्ल कुमार सिंह को सचिव बनाए जाने का प्रस्ताव दानदाता श्री रौनक ने रखा। मौके पर हुसैनाबाद के एसडीएम प्रशिक्षु आईएएस आशीष गंगवार, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह और शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. आनंद कुमार उपस्थित थे।

इंडिया

मोदी चीनी भाई-भाई या कुछ और ?

सुनील बादल

सरकारी नियंत्रण वाले चीन के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ कर वैश्विक स्तर पर एक चर्चा छेड़ दी है कि हमेशा से पाकिस्तान समर्थक और भारत का प्रतिद्वंदी चीन क्या सचमुच बदल गया है या हिंदी-चीनी भाई-भाई बोलकर धोखा देने वाला चीन भारत से डर गया है या दोस्ती रखने में ही भलाई समझ रहा है? ग्लोबल टाइम्स में भारत या भारत सरकार की तारीफ होना सामान्य बात नहीं है क्योंकि इस अखबार का काम भारत के बारे में अफवाह फैलाकर भारत विरोधी एजेंडा चलाना रहा है। झांग जियादोंग ने अपनी भारत यात्रा का उल्लेख करते हुए भारतीय प्रयासों की सराहना की तो सभी का चौंकना स्वाभाविक था। इसके लिए उसने राष्ट्रपति शी जिनपिंग की अनुमति भी ली होगी। उन्होंने लिखा है कि मैंने हाल ही में दो बार भारत का दौरा किया। यात्राओं के दौरान मैंने पाया कि भारत की घरेलू और विदेशी स्थिति चार साल पहले की तुलना में काफी बदल गई है। भारत ने आर्थिक विकास और सामाजिक शासन में उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए हैं और इसकी महान शक्ति सपने से वास्तविकता की ओर बढ़ गई है। हालांकि संभावित जोखिम और संकट भी सामने आने लगे हैं। खबर यह भी है कि चीनी राजनयिकों का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नागपुर मुख्यालय का दौरा करके आया है। क्या चीन की ओर से आरएसएस और भाजपा को खुश करने का प्रयास किया जा रहा है? मोदी ने अपने सख्त रुख के चलते जिस तरह सैन्य, आर्थिक और रणनीतिक मोर्चे पर चीन को कई झटके दिये हैं क्या उससे राष्ट्रपति शी जिनपिंग की सारी हेकड़ी निकल गयी है? झांग लिखते हैं कि एक ओर भारत ने आर्थिक विकास और सामाजिक शासन में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। इसकी अर्थव्यवस्था ने गति पकड़ ली है और यह सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की राह पर है। साथ ही नई दिल्ली ने शहरी प्रशासन में भी प्रगति की है। हालांकि धुंध अभी भी बड़ा है, लेकिन चार साल पहले विमान से उतरते ही जो विशिष्ट गंध आपको महसूस होती थी, वह आम तौर पर गायब हो गई है। इससे पता चलता है कि नई दिल्ली में सार्वजनिक माहौल कुछ बेहतर हुआ है।

भारतीय प्रतिनिधियों से बातचीत के दौरान चीनी विद्वानों के प्रति उनका रवैया कहीं-कहीं अड़ियल होने की बजाय अधिक सहज और संयत रहा। उदाहरण के लिए, चीन और भारत के बीच 'व्यापार असंतुलन' पर चर्चा करते समय, भारतीय विद्वान मुख्य रूप से व्यापार असंतुलन को कम करने के लिए ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के जेलर समेत 3 निलंबित, जेल आईजी ने की कार्रवाई

एसएसपी ने बुलायी आपात बैठक, थानेदारों को दिए अपराध नियंत्रण के दिशा-निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। रांची

प्रभात खबर के प्रधान संपादक आशुतोष चतुर्वेदी और संपादक विजय पाठक को जेल से धमकी देने मामले में जेल आईजी ने कार्रवाई करते हुए जेलर समेत तीन लोगों को निलंबित कर दिया है। निलंबित हुए लोगों में जेलर प्रमोद कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर पवन कुमार, जमादार अवधेश सिंह शामिल है। सूत्र बताते है कि प्रधान संपादक और संपादक के नंबर को फीड करने में इनकी भूमिका थी। बता दें कि जेल के नंबर से बीते 29 दिसंबर को दैनिक अखबार के प्रधान संपादक आशुतोष चतुर्वेदी को मनी लॉन्ड्रिंग के अभियुक्त योगेंद्र तिवारी ने धमकी दी थी। इसके बाद ईडी ने जेलर को तलब किया था। प्रभात खबर के प्रधान संपादक आशुतोष चतुर्वेदी और वरीय संपादक विजय पाठक को रांची के बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल से से धमकी दिए जाने के मामले में शुक्रवार (पांच जनवरी) को बड़ी कार्रवाई हुई है। जेलर प्रमोद कुमार के साथ-साथ दो अन्य लोगों को भी सस्पेंड कर दिया गया है। बताया जाता है कि प्रधान संपादक और वरीय संपादक का फोन नंबर फीड करने में इन दोनों की भूमिका थी।

एक नजर

गोड्डा में पिकअप वैन ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

गोड्डा। जिले के रामगढ़ दुमका रोड में लाठी बाड़ी गांव के पास एक तेज रफ्तार पिकअप वैन ने एक मोटरसाइकिल सवार को तेज टक्कर मारते हुए फरार हो गया। मोटरसाइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। मृतक 25 वर्षीय स्टीफन हेम्ब्रम थाना पाकुड़ जिले के लिट्टीपाड़ा थाना के अंतर्गत रहने वाला बताया जाता है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल का वितरण

मांडर। प्रखंड अंतर्गत मुड़मा में शुक्रवार को खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री का वितरण किया गया। यह वितरण रांची जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक अध्यक्ष शमीम अख्तर के द्वारा किया गया । उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले खिलाड़ियों में काफी प्रतिभा है। उचित प्लेटफार्म के अभाव एवं खेल सामग्री नहीं रहने के कारण वह अपनी प्रतिभा को उजागर नहीं कर पाते है। इसी को ख्याल में रख ग्रामीण क्षेत्र के युवक व युवतियों के टीम के बीच फुटबॉल का वितरण किया गया।

राष्ट्रीय जतरा महोत्सव 2024 के पोस्टर का विमोचन

रांची। आगामी 31 जनवरी 2024 दिन बुधवार और 1 फरवरी 2024 दिन गुरुवार को ₹ राष्ट्रीय जतरा महोत्सव 2024₹ का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर 5 जनवरी 2024 दिन शुक्रवार को दोपहर 2:00 बजे पोस्टर का विमोचन किया गया। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में लोक कलाकार, संगीतकार और फिल्म निर्देशक नंदलाल नायक समेत अन्य गणमान्य लोगों के हाथों किया गया।

अच्छे कर्मों का फल है श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण मिलना : कड़िया मुंडा

नवीन मेल संवाददाता। खूंटी/रांची अयोध्या के श्रीरामजन्म भूमि के पूजित अक्षत से घर-घर जाकर निमंत्रण देने का अभियान शुक्रवार को राज्य के सभी जिला में चलाया गया। अभियान के दौरान खूंटी स्थित आवास में पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष और विहिप के केंद्रीय न्यासी कड़िया मुंडा, मुंडारी भाषा में हनुमान चालीसा और रामायण लिखने वाले कवि छत्रपाल सिंह मुंडा, खूंटी के उपायुक्त लोकेश मिश्रा सहित प्रांत के कई लोगों को अयोध्या जाने के लिए निमंत्रण दिया गया। मौके पर कड़िया मुंडा ने कहा कि अच्छे कर्मों का फल है कि अयोध्या के श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण हमे मिला। हमारे जीवन में यह सुखद पल पूर्व एवं वर्तमान जन्म के अच्छे कर्मों के कारण ही संभव हुआ होगा। उन्होंने कहा भगवान पुरुषोत्तम श्रीराम लला का नूतन मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होते देखने के लिए पूरा सनातन हिंदू समाज प्रतीक्षा कर रहें हैं। दुनिया में बसे प्रत्येक हिंदू समाज के हृदय में बसने वाले भगवान पुरुषोत्तम श्रीराम की नगरी अयोध्या सनातन हिंदू परंपरा का केंद्र बिंदु होगा। उन्होंने कहा प्राण प्रतिष्ठा के दिन प्रत्येक परिवार पूजा-पाठ करके पांच दीपक अवश्य जलाएं। प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह ने खूंटी, प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू ने रांची महानगर, प्रांत सहमंत्री रंगनाथ महतो ने रांची ग्रामीण, बजरंग दल प्रांत संयोजक दीपक ठाकुर ने हजारीबाग, प्रांत सहमंत्री मनोज पोद्दार ने रामगढ़, प्रांत सहमंत्री रामनरेश सिंह ने देवघर, विशेष संपर्क प्रांत प्रमुख अरविंद सिंह ने कोडरमा, प्रांत प्रचारक गोपाल शर्मा ने रांची के अभियान कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्दन किया। झारखंड में लगभग 5000 टोलियां अपने-अपने गांव- मोहल्ला में निकलकर अभियान में लगे हैं।

गुमला में पीएलएफआई का उग्रवादी को गिरफ्तार

नरेश जायसवाल, गुमला

कामडारा थाना पुलिस ने पीएलएफआई के एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। कामडारा थाना क्षेत्र स्थित रामतोल्या बडीटोली निवासी माडु तोपनो उर्फ सहाय तोपनो उर्फ संदीप बारला को गुरुवार रात रामतोल्या जंगल से पुलिस गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार उग्रवादी के पास से देशी पिस्तौल, 8 एमएम की दो गोली, पीएलएफआई का पर्चा पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस ने शुक्रवार को पत्रकारों से बताया कि गुमला एसपी को लगातार सूचना मिल रही थी कि रामतोल्या जंगल में पीएलएफआई के कुछ उग्रवादी जमा हुए हैं, जो किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। इस सूचना पर एसपी ने छापेमारी दल का गठन कर गुरुवार रात रामतोल्या स्थित जंगल में छापेमारी किया। पुलिस बल को देखते हुए सभी लोग भागने लगे, जिसमें दौड़ाकर पीछा करने पर माडु तोपनो उर्फ सहाय तोपनो उर्फ संदीप बारला को पकड़ा गया। गिरफ्तार उग्रवादी ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि वह पीएलएफआई संगठन में नए लड़कों को जोड़ने का काम कर रहा था।

न्यूज बॉक्स

आजसू ने जरूरतमंदों के बीच कंबल किया वितरित

सिल्ली/मुरी। विधायक सुदेश महतो के निर्देश पर आजसू पार्टी के मुरी पूर्वी के जॉन प्रभारी लक्ष्मण महतो ओर पूर्व जिला परिषद सदस्य गौतम कृष्ण साहू सिल्ली प्रखंड के कुतरु गांव तथा असुरकोड़ा गांव जाकर जरूरतमंद एवं बृद्ध जनों के बीच कम्बल का वितरण किया। मौके पर आजसू कार्यकर्ताओं ने कहा कि क्षेत्र में बढ़ते ठंड के मौसम में गरीब व असहाय लोगो की परेशानी को देखते हुए विधायक द्वारा मदद पहुंचाई जा रही है।आजसू पार्टी हमेशा लोगो की समस्याओं को दूर करने का हर सम्भव प्रयास करते आ रहा है।मौके पर पूर्व मुखिया गोपाल सिंह,माथुर महतो,संतोष मंडल, मनोहर महतो,शक्ति महतो,आदेश महतो वार्ड सदस्य तथा चूल्हा प्रमुख उपस्थित थे।

पुण्यतिथि पर विश्वनाथ शाहदेव को दी गई श्रद्धांजलि

खूंटी। कर्रा प्रखंड के जरियागढ़ के पूर्व राजा ठाकुर महेंद्र नाथ शाहदेव के छोटे पुत्र कुमार विश्वनाथ शाहदेव को उनकी 41वीं पुण्यतिथि पर शुक्रवार को जरियागढ़ में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। उनका निधन पांच जनवरी 1983 को जरियागढ़ में हो गया था। विश्वनाथ शाहदेव देश में पंचायती राज व्यवस्था लागू होने के बाद 1952 से लेकर हर पंचायत चुनाव में निर्विरोध सरपंच चुने जाते रहे। वे अपनी पंचायत के आजीवन सरपंच रहे। विश्वनाथ शाहदेव सामाजिक और धार्मिक कार्यों में हमेशा सक्रिय भूमिका निभाते थे। मौके पर ग्रामीणों के बीच फलों और मिठाई का वितरण किया गया। श्रद्धांजलि देने वालों में विश्वनाथ शाहदेव के पुत्र लाल उदय नाथ शााहदेव, अरुण शर्मा, नटवा मिश्रा, पंचानंद दास, अजय महाराणा, अर्जुन साहू आदि शामिल थे।

मुरहू के उप प्रमुख ने गरीबों के बीच बांटे कंबल

खूंटी। मुरहू प्रखंड के उप प्रमुख अरुण कुमार साबू ने दूसरे दिन शुक्रवार को भी अपने पंचायत में घर-घर जाकर गरीबों और जरूररतमंदों के बीच कंबलोंका वितरण किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य नीलानी देवता, मुरहू के समाजसेवी शिवकुमार, शिबलू खान, दीपू चौधरी, वार्ड सदस्य सुखराम मुंडू सहित कई लोग मौजूद थे। कंबल पाकर गरीबों ने बरूण साबू को आशीर्वाद दिया और उनके कार्यों की सराहना की। इसके पूर्व रात नौ बजे में भी अरूण साबू ने गरीबों के घर जाकर उनके बीच कंबल विरण किया था। अरूण साबू ने कहा कि हर पंचायत प्रतिनिधि का दायित्व होना चाहिए कि वे गरीबों की जरूरतों को समझें।

स्वेच्छा से सड़क को अतिक्रमण मुक्त करें दुकानदार, नहीं तो होगी कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता। खूंटी

तोरपा के प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमुद कुमार झा और अंचलाधिकारी सच्चिदानंद वर्मा ने तोरपा मुख्य मार्ग में सड़क का अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी दी कि वे स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा लें अन्यथा प्रशासन जबरन अतिक्रमण हटायेगा। बीडीओ और सीओ ने कहा कि दुकानदार स्वेच्छा से सड़क के किनारे बनी नाली के पीछे अपनी-अपनी दुकान ले जाएं। जिन दुकानदारों ने सड़क के किनारे सामान रखे हैं, वे उन्हें अविपलंब हटा लें। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन अतिक्रमण हटायेगा, तो इसके खर्च की वसूली दुकानदारों से की जायेगी। उन्होंने कहा कि आदेश नहीं मानने वाले दुकानदारों के खिलाफ प्रशासन सख्ती बरतते हुए कानूनी कार्रवाई करेगा। दूसरी ओर प्रखंड मुख्यालय में बन रहे गोदाम परिसर का स्थल और शांति नगर पथ का निरीक्षण बीडीओ और सीओ ने किया। बीडीओ कुमुद झा ने कहा कि जहां गोदाम बन रहा है, उसके पीछे शांति नगर के निवासियों को प्रखंड परिसर की चहारदीवारी से सटे रास्ते का प्रयोग करने की सलाह दी। उन्होंने पथ को चौड़ा करने के लिए चहारदीवारी को तोड़ कर सुधार करने की भी बात कही।

झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने नगर आयुक्त अमित कुमार से की मुलाकात

रांची। दुकानदार और इंफोर्समेंट टीम के बीच प्लास्टिक के उपयोग को लेकर बाजार में बनी भ्रांति और विवाद को देखते हुए आज झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने नगर आयुक्त अमित कुमार से मुलाकात की। प्रतिनिधिमण्डल ने आग्रह किया कि आगामी एक सप्ताह के अंदर निगम द्वारा चैंबर भवन में एक कार्यशाला का आयोजन कर, प्लास्टिक के उपयोग से जुडी बिंदुओं पर दुकानदारों को जागरूक किया जाय, जिसपर नगर आयुक्त ने सहमति जताई। प्रतिनिधिमण्डल के आग्रह पर उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि इंफोर्समेंट टीम को भी इस कानून के प्रति जागरूक करने की पहल की जायेगी। नगर आयुक्त ने यह भी कहा कि प्लास्टिक पैकिंग मटीरियल सील्ड होना चाहिए न कि कैरी बैग की तरह इस्तेमाल होना चाहिए जिसका चैंबर ने समर्थन किया। प्रतिनिधिमंडल में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, महासचिव परेश गट्टानी, पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा, प्रवीण जैन छाबडा, पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, प्लास्टिक ट्रेड उप समिति चेयरमेन कुणाल विजयवर्गीय और राजीव वर्मा शामिल थे।

विस्थापितों को हक दिलाने के लिए माकपा ने गोड्डा प्रखंड कार्यालय के बाहर दिया धरना

नवीन मेल संवाददाता। गोड्डा

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के बैनर तले शुक्रवार को बोआरीजोर प्रखंड कार्यालय परिसर में मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा। साथ ही राजमहल परियोजना ने विस्थापित रैयतों और ईसीएल प्रबंधन के बीच वार्ता कर कर इसका निष्पादन करने और खनन के बाद रैयतों को जमीन वापस करने तथा मलिक हक देने की बात कही गई। राजमहल परियोजना के अंतर्गत लोहंडिया और अन्य स्थानों के अधिग्रहित जमीन पर बसे युवाओं को रोजगार देने तथा उसकी जमीन के मालिकाना हक को पुष्टि के लिए वंशावली तुरंत बनाने, जन वितरण प्रणाली के अंतर्गत छूटे हुए ग्रामीणों को नया राशन कार्ड बनाने सहित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत आवेदित अबूआ आवास का आवंटन की प्रक्रिया तेज करने की मांग शामिल हैं। पार्टी के अशोक साह ने मनरेगा के तहत रोजगार मांगने वाले को रोजगार मुहैया कराने, पंचायत स्तर पर धान क्रय केंद्र खोलकर धान क्रय करने सहित कई मांगों को भी रखा। इस मौके पर तीनों वामपंथी दलों के अरुण सहाय माले, रामजी साह भाकपा, माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विपल्व, अनिल कुमार सिंह, लखन लाल मंडल आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

GOVERNMENT OF JHARKHAND
Agriculture, Animal Husbandry & Co-operative Department (Co-Operative Division)
OFFICE OF THE REGISTRAR, CO-OPERATIVE SOCIETIES JHARKHAND, RANCHI
INTEGRATED CO-OPERATIVE DEVELOPMENT PROJECT (I.C.D.P.) CELL, RANCHI)

e-procurement Notice

Tender Reference No:- ICDP/RANCHI/08/2023-24
Date :- 03.01.2023

01.	Name of work	Construction/Establishment of Rice Mill at Hazaribagh, Commissionary, Jharkhand.
02.	Estimated Value of work (IN Rs)	11,92,84,800.00
03.	Earnest Money (IN Rs)	11,92,900.00
04.	B.O.Q. Cost (IN Rs)	10,000.00
05.	Time of Completion	18 Months
06.	Date Of Publication of on Website	16.01.2024 AT 11:00 AM
07.	Last Date & Time of Submission of bids	27.01.2024 Up to 05:00 PM
08.	Name & Address of Office Inviting Tender	State Monitoring Officer ICDP Cell, Ranchi, Pasupalan-Sahkarita Bhawan Singh More Hatia, Ranchi. 834003
09.	Contact No of Procurement Officer	7979760612, 7250895727

02. Bid document with details terms and conditions will be available online on e-tendering portal, http:// Jharkhandtenders.gov.in from 16.01.2024 at 11:00 AM to 27.01.2024 up to 05:00 PM. Bids must be Submitted online only at the e- tendering portal http:// Jharkhandtender.gov.in on or before 05:00 PM on 27.01.2024. Tender Fee and EMD Will be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of tender fee and EMD. Alternatively ,bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from jharhandtenders.gov.in portal. Technical Bid received online will be opened at 04:00 PM on 29.01.2024
03. Estimate Cost May Vary.
04. Corrigendum/Amendment if any will be published only on the above mentioned website.

Sd/-
State monitoring Officer
ICDP Cell, Ranchi

PR.NO.315170 Co-opretive(23-24):D

नियोजन अधिनियम पर कार्यशाला

नवीन मेल संवाददाता। रांची

जिलान्तर्गत निबंधित नियोजकों को झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों को नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 के क्रियान्वयन के लिए कार्यरत झारनियोजन पोर्टल के संबंध में जानकारी देने हेतु श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग (झारखण्ड) द्वारा आज चैंबर भवन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में नियोजन पदाधिकारी राजेश कुमार के द्वारा 75 फीसदी एक्ट में उपलब्ध प्रावधान और सुविधाओं के संबंध में उपस्थित नियोजकों को अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि इस एक्ट के अंतर्गत आनेवाले 10 या 10 से अधिक संख्या वाले कर्मचारियों तथा 40 हजार रू0 वेतन तक के पदों की नियुक्ति वाले प्रतिष्ठान को झारनियोजन पोर्टल पर निबंधन करना अनिवार्य है अन्यथा इस एक्ट का पालन नहीं करनेवाले प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई का प्रावधान है। नियोजन अधिकारी ने झारनियोजन पोर्टल पर निबंधन की जानकारी, एनेक्चर फोर रिपोर्ट से संबंधित कार्यों को यथाशीघ्र करने की भी बात कही। यह भी कहा कि 12 सितंबर 2022 के बाद से आगामी तीन वर्ष तक में सभी नियोजकों को अपने प्रतिष्ठान में नये नियोजन में 75 फीसदी स्थानीय उम्मीदवार को प्राथमिकता देना अनिवार्य है।

स्कॉलरशिप परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता। चान्हो प्रखंड अंतर्गत शुक्रवार को बाघवार अकादमी के प्रांगण में राजहंस अकादमी रांची द्वारा आयोजित स्कॉलरशिप परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र एवं छात्राओं को सर्टिफिकेट एवं टी-शर्ट देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह के अवसर पर विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार, प्रधानाचार्य अरुण बाघवार, उप प्रधानाचार्य अजय उरांव, राजहंस अकादमी के सीईओ सूरज रंजन, नितेश सिंह फि ज़िक्स के हेड ऑफ द डिपार्टमेंट, जितेंद्र सिंह रसायन शास्त्र के हेड ऑफ द डिपार्टमेंट आदि उपस्थित थे। इन सभी के कर कमलों के द्वारा बच्चों को सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि राजहंस एकेडमी रांची की जानी-मानी कोचिंग इंस्टिट्यूट है जो बच्चों को (जेईई-एनईईटी) आदि की तैयारी करवाती है। इन वक्ताओं के द्वारा बच्चों को मैट्रिक परीक्षा के बाद उच्च शिक्षा के लिए कला , विज्ञान एवं वाणिज्य निकाय का चुनाव किन बिंदुओं को ध्यान में रखकर करें एवं कैसे करें, विषय पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। इसके साथ-साथ बच्चे अपने पढ़ाई के साथ-साथ इंजीनियरिंग, मेडिकल, आईटी एवं अन्य कैरियर संबंधी परीक्षाओं की तैयारी कैसे कर सकते हैं इस बिंदु पर भी विस्तार पूर्वक बतलाया गया। आमतौर पर यह पाया जाता है कि मैट्रिक परीक्षा के बाद कई बच्चों को यह नहीं पता होता कि आगे की पढ़ाई के लिए किन विषयों का चयन करें और कैसे करें। आज की कार्यशाला निश्चित रूप से इन बच्चों को अपने कैरियर के चुनाव में मार्ग प्रशस्त करेगा। आपको ज्ञात हो इस वर्ष बाघवार एकेडमी में क्लास ग्यारह साइंस की पढ़ाई प्रारंभ हो गई है।कार्यशाला का आयोजन विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य अरुण बाघवार के सफल निर्देशन में संपन्न हुआ।

पूजित अक्षत को लेकर अरसन्डे में निकाली गयी शोभा यात्रा

रांची। आज एदलहातु, रांची में अयोध्याधाम से आये पूजित अक्षत-कलश को लेकर नगर भ्रमण किया गया एव सभी मंदिरों में पूजित अक्षत - कलश का पूजन किया गया। एदलहातु के देवी मंडप से पूजित अक्षत कलश को हनुमान मंदिर, भोलेनाथ के मंदिर लाया गया। वहां से भ्रमण करते हुए दुर्गा मंदिर पहुंचकर भक्तों के द्वारा पूजन किया गया एवं भजन कीर्तन किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिन्दू परिषद एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता एवं समाज के कई रामभक्त सम्मिलित हुए।

फाइलेरिया मुक्त झारखंड के लिए लाभार्थियों को दवाएं खिलाना सुनिश्चित करें: डॉ. वीरेंद्र

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राज्य सरकार लिम्फेटिक फाइलेरिया के उन्मूलन लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी के फलस्वरूप राज्य सरकार द्वारा आगामी 10 फरवरी से 25 फरवरी तक झारखंड के 14 फाइलेरिया प्रभावित जिलों बोकारो, देवघर, धनबाद, गुमला, रामगढ़, साहेबगंज, पाकुड़, कोडरमा, रांची, गिरिडीह,गढ़वा, लोहरदगा, सिमडेगा और पूर्वी सिंहभूम में फाइलेरिया रोग उन्मूलन के लिए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. बिरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में 14 जिलों के मलेरिया निरीक्षक एवं एफएलए को प्रशिक्षित किया गया ताकि इसके अंतर्गत संपन्न की जाने वाली गतिविधियां सही रूप से सम्पादित हों। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया मुक्त झारखण्ड के लिए आगामी मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के दौरान सभी पात्र लाभार्थियों को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों के सामने सुनिश्चित किया जाये उन्होंने कहा कि राज्य से फाइलेरिया के शीघ्र उन्मूलन के लिए हम सबको प्रतिबद्धता से कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान सभी पात्र लाभार्थियों द्वारा फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही समाज के लोगों को भी इस कार्यक्रम में जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित कीजिये क्योंकि किसी भी कार्यक्रम की सफलता के लिए सामुदायिक सहभागिता बहुत आवश्यक होती है। उन्होंने बताया कि फरवरी में शुरू किये जा रहे मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम में फाइलेरिया से मुक्ति के लिए दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों गर्भवती महिलाओं और अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी लोगों को उम्र के अनुसार डीईसी और अलबेंडाजोल की निर्धारित खुराक प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा घर-घर जाकर अपने सामने मुफ़्त खिलाई जाएगी।

आड्रे हाउस सभागार मे आयोजित हुई प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता

नवीन मेल संवाददाता। रांची राष्ट्रीय युवा दिवस 2024 के अवसर पर प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन आड्रे हाउस सभागार, राँची में हुआ। जिसके अंतर्गत पाँच प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।यह प्रमंडलीय स्तर कार्यक्रम मे 5 जिला रांची, खूंटी, लोहरदग्गा, गुमला,सिमडेगा के लगभग 300 युवाओं ने भाग लिया। प्रथम विजेता को नगद 1000 द्वितीय को 8000 , तृतीय विजेता को 6000 ,चौथे विजेता को 4000 एवम पाचवे विजेता को 2000 दिया गया। जिसमे भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंजली मिश्रा, द्वितीय स्थान अनन्ता जवारिया तृतीय स्थान आयशा फातिमा चतुर्थ स्थान प्रज्ञा भारती पाचवे स्थान अन्वेषा कर । युवा संसद में प्रथम स्थान आयशा फातिमा, द्वितीय स्थान प्रणव राम तिवारी, तृतीय स्थान तनुश्री प्रधान, चतुर्थ स्थान सलोनी कुमारी, पाचवा स्थान नौसिन आलम हुए। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम ग्रुप (सोनम कुमारी, राखी कुमारी,मधुकला कुमारी) द्वितीय ग्रुप(सुंदरम ओझा, रानी अंशिका, अमीषा राय) तृतीय ग्रुप (नेहा कुमारी वर्मा,अर्पिता सिंह,स्नेहा) पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथान स्थान रक्षणदा नूर, द्वितीय स्थान अंकिता गाड़ी,तृतीय जया कुमारी, चतुर्थ रोहित कुमार, पाचवे स्थान प्रियांशु कुमार। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आस्था कुमारी, द्वितीय अनुज कुमार महतो, तृतीय हर्षिता सिन्हा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि में डायरेक्टर कल्चर धर्मेंद्र दीक्षित रहे। कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी डॉ कमल बॉस ने कार्यक्रम का संचालन किया। जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार सिंह ने धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मुख्य रूप से गौरव अग्रवाल, रिकेश, अंकित. दिवाकर, अंजली, शुभम, सूरज, संदीप, उज्वल पीयूष।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
जिला नियोजनालय-मॉडल-कैरियर सेंटर सिमडेगा

प्रेस विज्ञप्ति

निदेशक–सह–राज्य शिक्षुता सलाहकार (AAA) नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, रांची का पत्रांक–823 दिनांक–25.05.2023 के आलोक में सूचित किया जाता है कि जिला नियोजनालय, सिमडेगा के द्वारा शिक्षुता (Apprenticeship) के विषय में जनजागृति एवं प्रचार हेतु गोस्सनर इण्टर कॉलेज, सिमडेगा में दिनांक 08.01.2024 को समय 10 am से 2 pm तक PM Apprenticeship मेला का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आई0 टी0 आई0 पास एवं स्नातक अंतिम सत्र के छात्र–छात्राएँ भाग ले सकते हैं । इच्छकों से निवेदन है कि सारे प्रमाण पत्र साथ लेते आवें एवं इच्छुक स्थानीय नियोजक भी उक्त मेला में भाग ले सकते हैं ।

ह०/–
जिला नियोजन पदाधिकारी, सिमडेगा।

PR.NO.315181 Simdega(23-24):D

कार्यालय जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, खूँटी

(आम सूचना)

एत्त द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड सरकार द्वारा राज्य के ग्रामीण क्षेत्र में आवास विहीन एवं योग्य लाभुकों को आवास देने हेतु राज्य सम्पोषित योजना अबुआ आवास प्रारंभ की गई है जो कि सरकार की बहुतम हत्वकांक्षी योजना है। खूँटी जिला अंतर्गत "आपकी योजना–आपकी सरकार–आपके द्वार" कार्यक्रम के दौरान दिनांक 24.011.2023 से 15.12.2023 तक अबुआ आवास योजना के लिए आवेदन प्राप्त है। ग्राम सभा द्वारा पारित सूची का प्रकाशन तथा प्रकाशित सूची के विरूद्ध आपत्ति आमन्त्रण दिनांक 08.01.2024 तक एवं प्रकाशित सूची के विरूद्ध आपत्ति का आमंत्रण/निराकरण दिनांक 18.01.2024 तक किया जाना है। तत्पश्चात स्थाई प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन दिनांक 20.01.2024 तक किया जायगा।

अतः खूँटी जिला के आवेदनकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम सभा द्वारा पारित सूची के विरूद्ध यदि आपत्ति होतो दिनांक 08.01.2024 तक निश्चित रूप से प्रखण्ड विकासप दाधिकारी के समक्ष अपना दावा आपत्ति समर्पित करेंगे। अंतिम तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जायेगा।

ह0/–
उप विकास आयुक्त,खूँटी

PR 315217 (District)23-24*D

जाममुक्त करने के सभी प्रयास नाकाम, हर तरफ लगता है जाम

रवि चंद कपूर। रांची

झारखंड की राजधानी रांची की पहचान ट्रैफिक जाम से बिगड़ी व्यवस्था वाले शहर के रूप में होती है। जिला प्रशासन, रांची नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस के लाख प्रयासों के बाद भी शहर को जाममुक्त नहीं बनाया जा सका। शहर में जाम की सबसे बड़ी समस्या बेलगाम ऑटो और सड़क पर गलत तरीके से वाहनों की पार्किंग को माना जाता है। हालांकि ट्रैफिक पुलिस गलत तरीके से पार्क किये गये वाहनों पर जुर्माना लगाकर लोगों के ऐसी आदत को छुड़ाने का प्रयास करती है। नगर निगम भी सड़क के किनारे किये गये अतिक्रमण को बार बार हटाकर लोगों को जाम से निजात दिलाना चाहता है। इसके बावजूद शहर जाममुक्त नहीं हो रहा है। राजधानी में हर तरफ जाम का बड़ा कारण बेरोकटोक चलने वाले ऑटो की अत्यधिक संख्या है। शहर में ऑटो की संख्या बढ़ने का कारण यह भी है कि राजधानी के लोगों के पास शहर में कहीं भी जाने के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट का पूर्ण विकल्प नहीं है। लगभग पूरा शहर रिक्शा और ऑटो की सवारी पर निर्भर है।

रांची नगर निगम क्षेत्र के शहरी क्षेत्र के लिए जिला परिवहन कार्यालय में करीब छह हजार ऑटो और रांची नगर निगम ने 1400 ई रिक्शा को परमिट दिया है, यानी करीब 7500 सवारी ऑटो को ही प्रचालन की अनुमति है। लेकिन शहर में इस समय करीब 18 हजार ऑटो चलते हैं। शहर में इतनी बड़ी संख्या में ऑटो के चलने से शहर में हर तरफ जाम की स्थिति बनी रहती है। पूरे जिले की बात करें तो करीब 21 से 22 हजार सीएनजी व डीजल ऑटो और 7 से 8 हजार टोटो यानी

परमिट की होती है जांच : डीटीओ

रांची जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण प्रकाश ने बताया कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लिए अलग अलग परमिट निर्गत किये गये। समय समय पर इसकी जांच की जाती है। रूट परमिट से अलग ऑटो चलाने वालों पर जुर्माना और कार्रवाई की जाती है।

परमिट 7500 को, शहर में चलते हैं 18 हजार ऑटो

शहरी और ग्रामीण परमिट की नहीं होती है निगरानी

शहर को जाममुक्त बनाने के लिए सीमित संख्या में परमिट दिया गया है। शेष ऑटो का परमिट ग्रामीण क्षेत्र के लिए है। इसके बावजूद सड़क पर ऑटो दौड़ाने वाले चालकों को शहर और ग्रामीण क्षेत्र के अंतर से कोई वास्ता नहीं। इसका सबसे बड़ा कारण है कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के परमिट की नियमित जांच नहीं होती है। जिसका फायदा उठाकर ग्रामीण क्षेत्र के परमिट वाले ऑटो शहर में आकर जाम की स्थिति बना रहे है। हालांकि बीच बीच में ट्रैफिक पुलिस या फिर डीटीओ जांच अभियान चलाकर वाहनों से जुमार्ना भी वसूलते हैं। बड़े शहरों में बड़े बड़े अक्षरों में रूट लिखा होने के कारण दूर से पता चल जाता है कि परमिट ग्रामीण क्षेत्र का है यहां शहरी क्षेत्र के लिए निर्धारित हरे रंग से सभी ऑटो रंगे हैं । पुलिस सिर्फ हेलमेट जांच करती है जिससे उसपर भी मिलीभगत के आरोप लगते हैं।

नगर निगम कर रहा है जाममुक्ती का प्रयास : सहायक प्रशासक

रांची नगर निगम के सहायक प्रशासक कुंवर सिंह पाहन ने कहा कि ऑटो से जाम की स्थिति बनती है यह सच्चाई है, नगर निगम का प्रयास है कि शहर को जाममुक्त बनाया जाय। इसके लिए जो जरूरी प्रयास और कार्रवाई है की जा रही है। सार्वजनिक परिवहन सिटी बसों की बदहाली पर उन्होने कहा कि अगले सप्ताह इस विषय पर बैठक होगी, जिसमें सभी विंदुओं पर चर्चा की जायेगी।

चार हजार सीएनजी ऑटो को परमिट, चल रहे आठ हजार

शहरी क्षेत्र के लिए करीब 4000 सीएनजी ऑटो को परमिट दिया गया है। जबकि सड़क पर इसकी दुगुनी संख्या करीब 8000 ऑटो चलते हैं। शहर में चलने वाले डीजल ऑटो की संख्या करीब एक हजार है, जबकि करीब 7000 ऑटो शहर के सड़क पर दौड़ते हैं। इसके अलावा नगर निगम क्षेत्र के लिए 1400 टोटो का परमिट है, लेकिन जिला परिवहन कार्यालय में करीब 4500 टोटो रजिस्टर्ड हैं । इस तरह सीएनजी व डीजल ऑटो और टोटो की कुल परमिट करीब 7500 है और सड़क पर करीब 18-19 हजार ऑटो दौड़ रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्र में चलते हैं 10 हजार ऑटो

राजधानी के ग्रामीण क्षेत्रों में करीब 10 हजार ऑटो चलते हैं। जिसमें करीब 3000 सीएनजी और 6000 डीजल ऑटो और टोटो शामिल हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात का दबाव कम होने के कारण शहर में निर्धारित परमिट के बाद ऑटो को ग्रामीण क्षेत्र के लिए परमिट दिया जाता है। वैसे ऑटो जिन्हें ग्रामीण क्षेत्र के लिए परमिट दिया गया है। उन्हें शहरी क्षेत्र में ऑटो चलाना वर्जित है, इसके बावजूद ऐसे चालक शहरी क्षेत्र में धड़ल्ले से ऑटो चलाते हैं । जो शहर में जाम का बड़ा कारण है।

”

शहर में जो भी नया ऑटो का रजिस्ट्रेशन किया गया है। उन सभी को परमिट तत्काल निर्गत किया जाए। शहर में चौक चौराहों से हटकर यात्री पड़ाव बनाया जाय। ताकि चौक चौराहों पर जाम नहीं लगे। गरीब ऑटो चालकों व मालिकों से किसी भी प्रकार की अवैध वसूली नहीं की जाये।

दिनेश सोनी
झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो चालक महासंघ के संस्थापक

अतिक्रमण से संकरी हो गयी शहर की सड़कों का चौड़ीकरण किया जाए। उसके बाद ही जाममुक्त शहर के लिए अभियान चलाया जाए तो बेहतर होगा।

बादल थापा
रांची रेलवे स्टेशन प्रीपेड सेवा

ऑटो चालकों से रांची रेलवे स्टेशन, हटिया रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट रोड,आईटीआई बस स्टैंड, खादगढ़ा बस स्टैंड और अरगोड़ा ऑटो स्टैंड में की जा रही वसूली को तत्काल बंद किया जाए। नए रजिस्ट्रेशन वाले सभी सीएनजी ऑटो चालकों को परमिट निर्गत किया जाये।

तबरेज आलम
चालक

शहर में जाम का कारण नगर निगम की सिटी बस भी है। ऑटो चालकों और सिटी बस के लिए स्थायी स्टैंड की व्यवस्था हो। दिन भर सड़क पर रहने वाले चालकों के लिए जगह-जगह बैठने के साथ सुविधा बहाल की जाये।

भोला सिंह

एक नजर

रांची में घर के कमरे से मिला शव

रांची। रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित सिराजुद्दीन लेन स्थित एक घर से पुलिस ने एक व्यक्ति का शव शुक्रवार को बरामद किया है। मृतक की पहचान अंकुर मोदी के रूप में हुई है। घर से बदबू आने की सूचना पर आसपास के लोगों ने कोतवाली पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्ट्या मामला अत्यधिक शराब पीने की वजह से मौत का प्रतीत होता है। कमरे से शराब की बोतलें और नशीले टैबलेट मिले हैं। थाना प्रभारी शैलेश कुमार ने बताया कि एफएसएल टीम को बुलाया गया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

नशे में धुत चालक ने एंबुलेंस को डिवाइडर पर चढ़ाया

रांची। लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कांटाटोली चौक स्थित पेट्रोल पंप के पास नशे में धुत झारखंड स्वास्थ्य विभाग के एंबुलेंस ने डिवाइडर में टक्कर मार दी। घटना गुरुवार रात की है। एंबुलेंस में मरीज और उसके परिजन सवार थे। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस को क्रेन की मदद से सड़क के किनारे किया गया। साथ ही मरीज को पास के अस्पताल भेजा।

हड़ताल जारी रहने से इस माह गरीबों को नहीं मिलेगा राशन

रांची। इस माह गरीब लोगों को सरकारी राशन की चावल से वंचित रहना पड़ सकता है। राज्य में सरकार द्वारा संचालित जन वितरण प्रणाली के दुकानें एक जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। उनके हड़ताल पर चले जाने के कारण राज्य के करीब 2 करोड़ लाभुक इस माह चावल नहीं ले पाएंगे। राशन दुकानदारों ने 2014 से कमीशन नहीं बढ़ने के कारण हड़ताल का निर्णय लिया है। दुकानदारों ने चेतवानी दी है कि जब तक उनका कमीशन नहीं बढ़ाया जाएगा और कमीशन की बकाया राशि का भुगतान नहीं होगा तब तक हड़ताल जारी रहेगा।

जैप वन का रहा है गौरवशाली इतिहास : मल्लिक

जैप वन का 144वां स्थापना दिवस धूमधाम से मना

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड सशस्त्र पुलिस बल (जैप वन) का 144वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर डोरंडा स्थित जैप वन परिसर स्थित मैदान में परेड का आयोजन हुआ। समारोह में जैप के एडीजी आरके मल्लिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि जैप का गौरवशाली इतिहास है। सिर्फ छह साल बाद यह वाहिनी 150वां स्थापना दिवस मनायेगी, जो किसी भी बल के लिए गौरव का विषय होगा। राजकुमार मल्लिक ने कहा कि अंग्रेजी शासनकाल में 1880 में इसका गठन हुआ था। इस वाहिनी ने इतिहास को करवट लेते देखा है। 1947 के विभाजन की

त्रासदी और 1971 की जंग के दौरान भी इस वाहिनी को आंतरिक सुरक्षा का दायित्व दिया गया था। उन्होंने कहा कि इतिहास को देखे, सबक लें और आगे बढ़े। विषम परिस्थिति में भी कूल टेंपरामेंट के साथ काम करते हैं, यह बहुत दुर्लभ गुण है। वाहिनी के जवानों ने खेल के क्षेत्र में भी काफी नाम कमाया है। राष्ट्रीय खेलों एवं कॉमनवेल्थ गेम्स में जैप के खिलाड़ियों ने मेडल जीतकर वाहिनी का नाम बढ़ाया है। मुझे उम्मीद है कि वाहिनी के गौरव में और बढ़ोत्तरी होगी। इससे पूर्व जैप डीआईजी मयूर पटेल कनैयालाल ने अपने संबोधन में जैप वन के इतिहास के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। टंग ऑफ वार तथा खुखरी डांस का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दूसरे चरण में आनंद मेला का आयोजन किया गया। मेला में खाने पीने, गर्म कपड़े सहित मनोरंजन के कई स्टॉल लगाए गये थे। जैप वन का बैंड भी मेला में सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर सभी का मनमोह लिया। इस अवसर पर राज्य के कई वरीय अधिकारी मौजूद थे।

तसर संस्थान में कृषकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

रांची। केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्था नगड़ी में आयोजित कृषकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक सह कैम्पा/सीईओ सिडकोफेड झारखंड संजीव कुमार ने किया। संस्थान के निदेशक डॉ.एन.बी. चौधरी ने कृषकों को तसर उद्योग के विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के तहत संजीव कुमार ने तसर संस्थान के क्रिया-कलापों की भूरि-भूरि प्रशंसा की एवं कृषकों से बातचीत कर उनके बारे में जानकारी ली। मौके पर संजीत कुमार, सिडकोफेड एवं संस्थान के वैज्ञानिकों व अधिकारियों ने सहभागिता किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ विशाल मित्तकल एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ.जय प्रकाश पाण्डेय ने किया।

अयोध्या में पूजा के साथ ही रांची के मंदिरों को भी सजाया जाएगा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची। महानगर श्री महावीर मंडल ने अयोध्या में होने वाले उद्घाटन समारोह को लेकर रांची में महोत्सव मनाने की तैयारियां शुरू कर दी। इसको लेकर संकट मोचन हनुमान मंदिर मेन रोड में कुणाल अजमानी की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर, काली मंदिर, श्री हनुमान मंदिर चर्च रोड, गुदरी शिव मंदिर, महादेव मंदिर, ओसीसी कंपाउंड और बंगलामुखी मंदिर को भव्य रूप से सजाया जाएगा। विशेष आकर्षण का केंद्र श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर मेन रोड रहेगा। जहां महावीरी ध्वज के साथ श्री रामजी का भव्य कटआउट, कोल्ड फायर, बेलून सज्जा, फूलों की सज्जा, भंडारे का आयोजन, जीवंत झांकी और एलईडी में श्री राम मंदिर के उद्घाटन समारोह का लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा। मौके पर आरती, सुंदरकांड,भंडारे का आयोजन के साथ ही रात्रि में दीपक उत्सव कर पूरे मंदिर परिसर को भव्यता से सजाया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए संरक्षक सांसद संजय सेठ, विधायक सी पी सिंह, आशा लकड़ा, प्रदीप वर्मा, रंजन सिंह, महामंदेश्वर पंडित सूर्य नारायण त्यागी को बनाया गया। पंडित श्यामानंद पांडे को संयोजक अमरनाथ सरकार व अमित चौधरी को सह संयोजक बनाया गया।

लघु उद्योग भारती रांची महानगर इकाई की बैठक में कई विषयों पर चर्चा

सरकारी विभागों में विपत्र भुगतान में देरी पर उद्यमियों ने जतायी चिंता

नवीन मेल संवाददाता। रांची

लघु उद्योग भारती रांची महानगर इकाई की बैठक बरियातू रोड स्थित श्री महावीर विकलांग सहायता समिति में हुई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष सुनील गुप्ता, संचालन सचिव सत्य प्रकाश पांडे और धन्यवाद ज्ञापन संयुक्त सचिव मनीष सिंह ने किया। बैठक में मुख्यतः स्थानीय उद्यमियों के समक्ष आ रही चुनौतियों और समस्याओं पर चर्चा हुई। संस्था के सदस्यों ने सबसे गंभीर समस्या के रूप में सरकारी विभागों, उपक्रमों द्वारा विपत्र भुगतान में विलंब को चिन्हित किया। सरकारी विभाग यथा रिम्स, सदर अस्पताल, पीएचडी,

पीडब्लूडी, नगर निगम सहित कई विभागों में विपत्र भुगतान की गति अत्यंत धीमी है। जिसके कारण संबंधित उद्यमियों के समक्ष गंभीर वित्तीय संकट बन जा रहा है। बाजार में शाख पर खराब असर पड़ रहा है। कई प्रतिष्ठान बंद होने के कागार पर है। ऐसी स्थिति में इस विषय पर केंद्र सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुपालन को सुनिश्चित किया जाना चाहिए। अधिसूचना के अनुसार 45 दिनों के अंदर विपत्र भुगतान या विलंब होने पर बैंक ब्याज दर का तीन गुणा चक्रवृद्धि ब्याज की दर से भुगतान किया जाना चाहिए। इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए एक उप समिति का गठन किया गया है। जिसके सदस्य ओम प्रकाश अग्रवाल के नेतृत्व में विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर समाधान के लिए प्रयास करेंगे। बैठक में सूबे के विभिन्न बोर्ड जैसे राज्य स्तरीय बैकर्स समिति, जियाडा, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड आदि में लघु उद्योग भारती का प्रतिनिधित्व के लिए प्रयास करने का निर्णय लिया गया। बैठक में लघु उद्योग भारती के प्रांतीय अध्यक्ष विजय छापरिया, प्रकाश हेतमसरिया, अजय कुमार, अखिलेश्वर नारायण राय, रतन अग्रवाल, रामचंद्र कुमार, मधुसूदन अग्रवाल, अरविंद नाथ, भरत अग्रवाल, सरिता पांडे, नीतू सिंह, सुचित्रा छापड़िया, आशा सिन्हा, अनिता पांडे एवं वीणा सिंह मौजूद थे।

पहाड़ी बाबा का 26वां वार्षिकोत्सव सात को

रांची। शिव मंडल की ओर से श्री पहाड़ी बाबा का 26वां वार्षिकोत्सव सात जनवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। मंडल की नित्य पूजा-आरती के बाद सुबह 7.30 बजे हनुमान जी की ध्वज पूजन के साथ 9 बजे से मुख्य मंदिर में महारुद्राभिषेक आचार्य श्याम सुंदर भारद्वाज अपने 11 विद्वान पंडितों के साथ मंत्रोच्चारण के साथ करेंगे। इस दौरान दूध-दही-मधु-गन्ने का रस और गंगाजल और अन्य पूजन सामग्री मंडल के संयोजक सह मुख्य यजमान प्रेमशंकर चौधरी अपनी पत्नी अनुपमा चौधरी के साथ महारुद्राभिषेक करेंगे। सभी शिव भक्त बारी-बारी से रुद्राभिषेक में सम्मिलित होंगे। दोपहर एक बजे से बाबा का भव्य श्रृंगार के साथ 56 भोग लगाया जाएगा। इस बार रांची और बाहर से आए भजन गायकों द्वारा भजन प्रस्तुत किया जाएगा। इस बार विशेष रूप से आए हुए सभी शिव भक्तों के लिए प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। शाम 6 बजे महाआरती के साथ उत्सव का समापन किया जाएगा।

बढ़ते अपराध के विरोध में युवाओं ने किया प्रदर्शन

रांची। झारखंड में हो रहे लगातार हत्या, लूट, बलात्कार और जेल के अंदर से रंगदारी जैसे बढ़ते अपराध के विरोध में युवाओं ने विरोध प्रदर्शन किया। खादगड़ा सब्जी मंडी के समीप यूथ आफ रांची के तत्वावधान में भैरव सिंह के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। भैरव सिंह ने कहा झारखंड की कानून व्यवस्था चरमरा गई है। ऐसा कोई सप्ताह नहीं गुजरता जब दिनदहाड़े गोली ना चलती हो। लूट या बलात्कार ना होता हो। अपराधी इस प्रकार बेलगाम हो गए हैं की जेल के अंदर भी हत्याएं हो रही है। जेल के अंदर से धमकियां दी जा रही है। प्रदर्शन में अमृत रमन, अजय साहू, गुड्डू लोहार, विक्की ठाकुर, सुमन और रीना रूपा सहित अन्य शामिल थे।

बोड़ेया गांव में हड़गड़ी पूजा, याद किये गये पूर्वज

रांची। बोड़ेया गांव में हड़गड़ी पूजा मनाया गया। गांव के विश्वकर्मा पाहन कीअगुवाई में ढोल नगाड़े के साथ नाचते गाते बोड़ेया अखड़ा पहुंचे। यहाँ सभी ने मिलकर एकजुटता के साथ परिक्रमा किया। इसके बाद पूर्वजों को तेल, सिन्दूर, दाल, भात, खैनी, चूना और हड़िया अर्पित किया गया। इस दौरान धूप-दीप प्रज्वलित कर पूर्वजों से आशीर्वाद ली गयी। केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि पौष के माह में आदिवासी समाज के लोग अपने पूर्वज को याद करते हैं। उन्होंने कहा कि गांव में ही आदिवासी रूढ़ी प्रथा, परंपरा और संस्कृति जीवित है। आज आदिवासी अपनी धार्मिक पहचान के लिए भटक रहे है। सरना कोड नहीं मिलने से आदिवासी परंपरा में सेंधमारी हो रही है। कभी आदिवासी को हिन्दू, कभी ईसाई कहा जाता है। उन्होने कहा कि इन सभी लोगों की डीलिस्टिंग होनी चाहिए जो आदिवासी परंपरा संस्कृतिक को त्याग चुके है। कार्यक्रम में दालू पाहन, रवि बिन्हा, अमित टोप्पो, नवल टोप्पो, आशीष टोप्पो, चंदा, अमर तथा विजय सहित अन्य उपस्थित थे।

राम उत्सव कार्यक्रम को लेकर मेन रोड में भूमि पूजन

रांची। राम उत्सव कार्यक्रम को लेकर चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति ने मेन रोड में भूमि पूजन किया। आगामी 21 व 22 जनवरी को राम उत्सव कार्यक्रम को लेकर पूजा स्थल में भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन स्थानीय पुरोहित द्वारा पूरे विधि विधान से किया गया। इस अवसर पर जलेंद्र प्रसाद, रमेश सिंह, राजू वर्मा, रामानंद ठाकुर, मुन्ना चौरसिया, प्रदीप बर्मन, बबलू वर्मा, विकास वर्मा, काजू वर्मा, सोनू दुबे, विक्की वर्मा, ओम वर्मा, रवि वर्मा, सबलु मुंडा, नमन भारतीय और धर्मेंद्र शामिल थे।

टुसू महोत्सव 11 जनवरी को मनाया जायेगा

रांची। झारखंडी भाषा खतियान संस्कृति समिति की ओर से 11 जनवरी टुसू महोत्सव मनाया जायेगा। इसे लेकर शुक्रवार को सामूहिक रुप से मोरहाबादी स्थित ऑक्सीजन पार्क में बैठक किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि टुसू महोत्सव रांची नगर निगम के कार पार्किंग, अल्बर्ट एक्का चौक पर मनाया जाएगा। महोत्सव का नेतृत्व कर रहे देवेंद्रनाथ महतो ने बताया कि राजधानी टुसू महोत्सव कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक अनुमति प्राप्त कर लिया गया है। इस महोत्सव में राज्य के पद्मश्री से विभूषित, आला प्रशासनिक अधिकारी, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय के व्याख्याता एवं प्राचार्य, शिक्षाविद, कला एवं संस्कृति के प्रसिद्ध व्यक्तियों को सम्मानित करते हुए महोत्सव संपन्न किया जाएगा। राजधानी टुसू महोत्सव में राज्य भर से 100 से ज्यादा भी टुसू चौडल आने का आधिकारिक सूचना दी गयी है।

योगदा सत्संग सोसाइटी में मनाया गया परमहंस योगानंदजी का 131वां जन्मोत्सव

अध्यात्म ज्ञान की चाहत में युवाओं के साथ वृद्धों ने किया वैदिक मंत्र का जाप

नवीन मेल संवाददाता। रांची। ॐ भूभुर्वः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो न प्रचोदयात् वैदिक मंत्रों के साथ पूजन करते हुए हवन कुंड में आहुति दी। मौका था जगद्गुरु श्री श्री परमहंस योगानन्द की 131वीं जयंती का। जयंती पर योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया हजारीबाग रोड स्थित आश्रम में भव्य आयोजन किया गया। आयोजन में राजधानी सहित देश भर से सन्यासी एवं साधक शामिल हुए। योगानन्दजी का जन्मोत्सव समारोह, प्रातः विशेष सामूहिक ध्यान और स्वामी पवित्रानंद द्वारा दिए गए गुरु का मार्गदर्शक के रूप में महत्व पर प्रवचन के साथ आरंभ हुआ। प्रवचन को सुनने के लिए स्कूल और कॉलेज के कई विद्यार्थी सहित एनसीसी के छात्र काफी संख्या में शामिल रहे। गुरु पूजा और यज्ञ के दौरान ब्रह्मचारी शंकरानंद और शांभवानंद के भजनों पर लोग अपने में ऊर्जा का संचार महसूस किए।

भंडारे में शामिल हुए हजारों लोग : पूजा समाप्ति के बाद भंडारे का वितरण किया गया। भंडारे में खिचड़ी को प्रसाद के रूप में ग्रहण करने के लिए हजारों की संख्या में भक्त शामिल हुए। शहर और आसपास के गांवों के 9000 से अधिक लोगों को भंडारे का प्रसाद परोसा गया। शाम को ध्यान के साथ समारोह का समापन हुआ।

जीवन जीने की कला सिखते हैं यहां : आश्रम के सन्यासी गौरव ने बताया कि आश्रम में लोग आते हैं और यहां अध्यात्म की शिक्षा लेकर जीवन जीने की कला सिखते हैं। हर साल रांची मुख्यालय में इस जयंती को भव्य रूप से मनाया जाता है। हजारों लोग इसमें शामिल होते हैं।

योगानन्दजी द्वारा स्थापित यह आध्यात्मिक संस्था में हर साल ध्यान, कीर्तन और भंडारे के साथ उनके जन्मोत्सव को मनाते है। यही वजह है कि स्थानीय लोगों और अन्य आगंतुकों को यह स्थान अत्यंत आकर्षित किया है।

वाईएसएस की स्थापना 1917 में हुई है

सन्यासी गौरव ने बताया कि परमहंस योगानन्दजी ने 1917 में वाईएसएस की स्थापना भारत और पड़ोसी देशों में किये। उन्होंने कहा कि क्रिया योग एक पवित्र आध्यात्मिक विज्ञान है। जिसका उद्भव सहस्राब्दियों पूर्व भारत में हुआ था। दोपहर 12 बजे से, आश्रम के गेट पर लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं और आश्रम के मैदान में वाईएसएस के सैकड़ों भक्तों शामिल हुए।

गरीबों के बीच बांटे जाएंगे कंबल

गुरुदेव के सम्मान में आश्रम ने सेवा गतिविधियॉ भी आयोजित की। जिसमे रांची के कुष्ठ कालोनियों में गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन कराया गया। बताया गया कि 8 जनवरी को उन्हीं बस्तियों में कंबल भी वितरित किए जाएंगे।

आपराधिक तत्वों को प्राप्त है राज्य सरकार का संरक्षण : बाबूलाल

संपादक को धमकी देने वाले आरोपी का सोरेन परिवार से मधुर रिश्ता

राजधानी रांची में आये दिन दिनदहाड़े हत्याएं हो रही है, चोर-छिनतई भी बढ़ी

धनबाद में व्हाट्सएप्प से व्यापारियों को रंगदारी के लिए धमकी दी जाती है

नवीन मेल संवाददाता। पलामू

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में राज्य सरकार द्वारा कानून और व्यवस्था को संरक्षित किए जाने से आपराधिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई नहीं हो पा रही है। बाबूलाल शुक्रवार को मेदिनीनगर के परिसदन में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि कारागृह से प्रधान संपादक आशुतोष चतुर्वेदी को धमकी दिया जाना यह जाहिर करता है कि इस कृत्य में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सीधा हाथ है। आरोपी योगेन्द्र तिवारी का सोरेन परिवार से मधुर रिश्ता है, यह बात दुमका के लोग शुरू से जानते हैं। यह आरोपी जेल में है। मरांडी ने कहा कि मौजूदा सरकार में दलाल, बिचौलिये और भ्रष्टाचारियों की पौ-बारह है, जिनको नियंत्रित करने की इच्छा शक्ति हेमंत सोरेन में नहीं है, क्योंकि इन सभी में सीएम एवं उसके गिरोह के लोग संलिप्त है। राजधानी रांची में आये दिन दिनदहाड़े हत्याएं हो रही है। चोरी-छिनतई और रंगदारी से लोग परेशान है। धनबाद में व्हाट्सएप्प के जरिए व्यापारियों को रंगदारी टैक्स देने के लिए धमकी दी जाती है और शासन-प्रशासन को इसकी चिंता नहीं है, जो दयनीय हालात के लिए जिम्मेदार है । एक सवाल के जवाब में मरांडी ने बताया कि अपनी जगह हेमन्त सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने की योजना को अंजाम देने की कोशिश में हैं, जो सजायाफ्ता लालू प्रसाद से प्रेरित है, जिन्होंने अपनी पत्नी राबड़ी देवी को बिहार का मुख्यमंत्री बनाए थे।

मुख्यमंत्री हेमंत ने केन्द्रीय सरकार द्वारा दी गयी जनजाति कल्याण की राशि का पैसा अभी तक उपयोग नहीं किया, जो आदिवासी समाज के हित में था। ये सब इस सरकार के लुंजपूंज हालात को जाहिर करने के लिए काफी है। दूसरे सवाल के जवाब में मरांडी ने कहा कि केन्द्र सरकार पर भयादोहन करने एवं अस्थिरता उत्पन्न करने का आरोप बेमानी है। खुद हेमन्त सोरेन अकर्मण्यता के शिकार हैं और भ्रष्टाचार को संरक्षण देने के दोषी हैं। यह सरकार अपने कुकृत्यों के कारण खुद पतनशील है और दोषारोपण विपक्ष पर करती है। हेमंत सोरेन होटवार (जेल) जाने के लिए तैयार रहें, जैसी करनी-वैसी भरनी वाली कहावत इन पर फिट बैठती है। उन्होंने बताया कि किसी सरकार के लिए प्रथम कर्तव्य कानून व व्यवस्था को ठीक करने की होती है, द्वितीय भ्रष्टाचार के उन्मूलन पर ध्यान केन्द्रित करना होता है और तृतीय आधारभूत दुरुस्त करना है, तभी विकास संभव है। उन्होंने बताया कि उक्त तीनों पैमाने पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की सरकार विफल है। इसके लिए विपक्ष झारखंड में कतई जिम्मेदार नहीं है। मरांडी ने सवाल किया कि आखिर सरफराज अहमद ने क्या सोच कर इस्तीफा दिया? इस रहस्य से पर्दा उठना चाहिए। इस त्याग पत्र के नेपथ्य में हेमन्त सोरेन का डर छिपा है, इसलिए नाटकबाजी यह सरकार कर रही है। तीसरे प्रश्न के उत्तर में मरांडी ने कहा कि लोकसभा के साथ विधानसभा के चुनाव होने की संभावना नहीं है। राज्य में मौजूदा सांसदों को पुनः टिकट दिए जाने और नहीं दिए जाने का मसला पार्टी हाईकमान पर है, इससे प्रादेशिक पार्टी को कोई लेना-देना नहीं है।

राज्यपाल करें विचार

मरांडी ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को पत्र लिख कर ध्यान खींचा है कि विधानसभा चुनाव होने में एक वर्ष से कम समय रह गया है तथा महाराष्ट्र उच्च न्यायालय के एक विधायक के बाबत रिक्त विधानसभा क्षेत्र में चुनाव पर रोक इसलिए लगा दी गयी है कि उस राज्य में विधानसभा चुनाव की अवधि एक साल से कम रह गयी है, ऐसे में इन बिन्दुओं पर गंभीरता से विचार कर लेंगे, अन्यथा गंभीर संवैधानिक स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। विकास की चर्चा करते हुए मरांडी ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के सरकार में केवल लफ्फाजी की राजनीति हो रही है। उन्होंने बताया कि बेरोजगारी भत्ता देने के वादे इसने किये थे और चार साल से अधिक होने जा रहे हैं, किसी को भत्ता नहीं मिला।

2024 निर्णायक वर्ष, लोस चुनाव और राज्य के लिए भी महत्वपूर्ण : सुप्रियो भट्टाचार्य

नवीन मेल संवाददाता। रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 2024 बहुत ही निर्णायक वर्ष है। यह वर्ष लोकसभा चुनाव के लिए और राज्य के लिए भी महत्वपूर्ण है। जनता चुनाव में पूरी तरह से जवाब देने के लिए तैयार है।

भट्टाचार्य शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। 2019 में राज्य में हेमंत सोरेन सरकार का गठन हुआ। सरकार गठन होने के ठीक बाद कोरोना आ गया, जिससे राज्य प्रभावित हुआ। इससे भी निकलने में राज्य सरकार सफल रही। दो वर्षों से लगातार सरकार सीधे जनता से जुड़ी रही है। यह शायद राज्य के लिए अभिशाप बन गया। यह मुख्य विरोधी दल को रास नहीं आया। उन्होंने कहा कि कर्नाटक से चला सरकार गिरने वाली प्रक्रिया भाजपा ने झारखंड में भी प्रयोग किया लेकिन इसमें भी सफल नहीं हुई। तब जाकर एक नई कहानी लिखी गई और उसपर कार्रवाई शुरू कर दी गई, जो कार्रवाई आज भी जारी है। जनता के बीच भ्रम की स्थिति पैदा करने की कोशिश की गई लेकिन यह भी मनसूबा भाजपा की सफल नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सरकार आज भी सचिवालय में बैठकर काम कर रही हैं। भाजपा नहीं चाहती है कि राज्य के आदिवासी, दलित अल्पसंख्यक का बच्चा विदेश में जाकर पढ़ाई करे। जब हर तरफ सरकार आगे बढ़ने गली तो भाजपा के लोग घबरा गये। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व्याख्यान देने लगे। बिना जानकारी के ज्ञान देने लगे। भाजपा को सिर्फ एक ही जानकारी है कि चुनाव आयोग मेरा है। भाजपा ने 2019 के चुनाव के चरण और तिथि तक बता दी थी, जिस महाराष्ट्र को लेकर भाजपा के सांसद बात कर रहे हैं उन्हें उसकी पूरी जानकारी नहीं हैं। पुणे में चुनाव इसलिए रोक दिया गया कि भाजपा वहां के उप चुनाव में हार रही थी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपना काम कर रही है। वर्तमान सरकार ने दो साल में तीन जेपीएससी परीक्षाओं का सफल आयोजन कराया। रोजगार के लिए आगे भी सरकार काम करती रहेगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि राज्यपाल पर निर्भर होता है कि कोई व्यक्ति को बुलाए और शपथ ग्रहण करें। इसके बाद छह महीने के अंदर विधानसभा से चुनकर आना होगा।

राज्य सरकार अविलंब साहिबगंज डीसी को निलंबित कर एफआईआर दर्ज करे : प्रतुल शाहदेव

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने शुक्रवार को राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि इस सरकार की शह पर अधिकारी तमंचे पर डिस्को खेलते नजर आ रहे हैं। इसके पूर्व भी सत्ता के करीबी रहे बड़े दलाल प्रेम प्रकाश के घर में मुख्यमंत्री के हाउस गार्ड के दो एक-47 बरामद हुए थे। प्रतुल ने कहा कि साहिबगंज उपायुक्त रामनिवास यादव के घर में ईडी को छापेमारी के दौरान .38 बोर की दो गोलियां, 9 एमएम पिस्टल की 19 गोलियां और .45 बोर के 5 खोखे बरामद हुए हैं। ये जिन हथियार की गोलियां हैं वो सब प्रतिबंधित हथियार के श्रेणी में आते हैं। प्रतुल ने कहा कि विडंबना देखिए कि जो उपायुक्त आज प्रतिबंधित हथियार की गोलियां रखने के आरोपी हैं, आर्म्स एक्ट की धारा 39 के तहत उन्हें ही इस तरह के मुकदमों में अभियोजन स्वीकृति देने का अधिकार है। यह सोचना भी हास्यास्पद है कि जब मुकदमा दर्ज होगा तो यह खुद पर अभियोजन स्वीकृति की अनुमति देंगे। इसलिए इन्हें तुरंत निलंबित कर पद से हटाना आवश्यक है। क्योंकि प्राप्त जानकारी के अनुसार यह पद में रहते हुए सबूत के साथ छेड़छाड़ भी कर सकते हैं।

झारखंड में राजनीतिक उठापटक पर कांग्रेस आलाकमान की पैनी नजरः राजेश ठाकुर



रांची। झारखंड में जारी राजनीतिक उठापटक पर कांग्रेस आलाकमान की पैनी नजर है। यह बात नई दिल्ली में कांग्रेस की बैठक में शामिल होकर शुक्रवार को लौटने के बाद झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर संवाददाताओं से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि बैठक में राज्य के ताजा हालात पर चर्चा हुई। साथ ही राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा को राज्य के सभी जिलों से गुजरने की मांग की गई। ठाकुर ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल गांधी ने राज्य को तीसरे स्थान पर रखा है और जिस तरह का अन्याय राज्य में हो रहा है, यह न्याय यात्रा कार्यकताओं के लिए उत्साहवर्धक साबित होगा। यात्रा की सूचना मिलने के बाद से कार्यकताओं में खुशी की लहर है और हम लोगों ने एक खाका तैयार करके आलाकमान को दिया है। इसमें इस यात्रा को राज्य में 900 किमी करने की बात की गई हैं, जिससे राज्य के सभी जिलों से यात्रा गुजर सके। उन्होंने कहा कि राहुल की यात्रा कोडरमा से झारखंड में प्रवेश करेगी। इसके बाद हजारीबाग, रामगढ़, रांची, खूंटी, गुमला और सिमडेगा होते हुए ओडिशा निकल जाएगी। इस यात्रा का ठहराव धनबाद, रांची और जमशेदपुर होगा। मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि यहां की सभी स्थितियों से आलाकमान को अवगत करा दिया गया है। कितने सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी यह आलाकमान तय करेगा। हमारी प्राथमिकता है कि अधिक से अधिक सीटों पर आईएनडीआईए की जीत हो।

सिविल सर्जन कार्यालय का क्लर्क चार हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

धनबाद। धनबाद एसीबी ने इस वर्ष का पहला ट्रैप करते हुए शुक्रवार को धनबाद सिविल सर्जन कार्यालय के क्लार्क उमेश सिंह को चार हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसीबी धनबाद के डीएसपी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि धनबाद के बैंक मोड़ थाना क्षेत्र स्थित जोड़ाफाटक निवासी उदय कुमार गुप्ता को सिविल सर्जन कार्यालय से अपना दिव्यांग सर्टिफिकेट बनवाना था, लेकिन सिविल सर्जन कार्यालय में पदस्थापित क्लर्क उमेश सिंह के द्वारा इसके एवज में उदय गुप्ता से चार हजार रुपये रिश्वत की मांग की जा रही थी। इसके बाद उदय कुमार ने इसकी लिखित शिकायत धनबाद एसीबी से को दी। उनके लिखित शिकायत के सत्यापन के बाद आज एसीबी ने उमेश सिंह को सिविल सर्जन कार्यालय से ही चार हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ धर दबोचा। इसके बाद एसीबी की टीम ने गिरफ्तार क्लार्क के कार्यालय और आवास को भी खंगाला। फिलहाल एसीबी आगे की कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार उमेश सिंह को जेल भेजने की तैयारी में जुटी है।

झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा कोर कमेटी गठित

रांची : झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने संगठन की सर्वोच्च निर्णायक संस्था 'कोर कमिटि' की शुक्रवार को घोषणा कर दी। 21 सदस्यीय कोर कमिटि में केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु (भुरकुंडा), कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु (कांके), वरीय उपाध्यक्ष मोहन साव (गोमिया), रामसेवक प्रसाद (अधिवक्ता, हाइकोर्ट), अश्विनी कुमार साहु (अरगोड़ा), संजीव चौधरी (रातू रोड़), सहदेव चौधरी (अधिवक्ता, हाइकोर्ट), परशुराम प्रसाद (अधिवक्ता, रांची), लक्ष्मण साहु (ओरमांझी), प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार (गोला), उप प्रधान महासचिव उपेन्द्र प्रसाद (धुर्वा), इंदुभूषण गुप्ता (रातू रोड़), केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहु (चर्च रोड), संगठन महासचिव कृष्णा प्रसाद साहु (सुकुरहुट्टू), रोहित शारदा (डोरंडा), केंद्रीय सचिव गुड्डू साहा (पंडरा), शिवनंदन प्रसाद (अरगोड़ा), संगठन सचिव अनिल वैश्य (पंडरा), मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहु (कांके), कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहु (बुकरू) एवं रांची जिलाध्यक्ष रोहित कुमार साहु (ओरमांझी) को शामिल किया गया है। जबकि प्रकोष्ठ संगठन की ओर से महिला मोर्चा की कार्यकारी अध्यक्ष नम्रता सोनी, महासचिव पूनम जायसवाल, युवा मोर्चा के अध्यक्ष हलधर साहु एवं छात्र मोर्चा के अध्यक्ष युवराज साहु को आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। कोर कमिटि की बैठक सात जनवरी को रांची के होटल आलोका सभागार में रखी गयी है। इस बैठक में 30 जनवरी से रामगढ़ में प्रस्तावित 72 घंटे के भूख हड़ताल कार्यक्रम की तैयारी एवं निकाय चुनाव पर हाइकोर्ट के फैसले पर चर्चा की जायेगी और आगे की रणनीति एवं कार्यक्रम तय किये जायेंगे।

पलामू डीसी को धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम पर एक हफ्ते में निर्णय लेने का निर्देश

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में पलामू में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री (बाबा बागेश्वर धाम सरकार) के 10 से 15 फरवरी के प्रस्तावित कार्यक्रम के संबंध में दाखिल हनुमंत कथा आयोजन समिति की रिट याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने उपायुक्त पलामू को निर्देश दिया कि तीन जनवरी को हनुमंत कथा आयोजन समिति द्वारा बाबा बागेश्वर धाम के कार्यक्रम को लेकर दिए गए डिटेल एक्शन प्लान पर एक सप्ताह में समुचित निर्णय लें। कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव को शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा है कि पिछले दो साल में झारखंड में कितने धार्मिक कार्यक्रमों को अनुमति दी गई और कितने के कार्यक्रम को रिजेक्ट किया गया। कोर्ट ने मुख्य सचिव को यह भी बताने को कहा है कि राज्य में पहले जो भी धार्मिक आयोजन हुए हैं उनमें जो शर्त लगाई गई थी क्या वैसे ही शर्त बाबा बागेश्वर धाम के कार्यक्रम में है या कुछ और शर्तें उनके कार्यक्रम में लगाई गई हैं। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 16 जनवरी निर्धारित की है। इससे पहले याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि एक बार फिर कई कारण बताते हुए पलामू डीसी ने बाबा बागेश्वर धाम के कार्यक्रम को रद्द कर दिया है।

पूजा ने झारखंड हाई कोर्ट में दाखिल याचिका ली वापस

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में मनरेगा घोटाला मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की ओर से निचली अदालत द्वारा डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका की आंशिक सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से याचिका वापस लेने का आग्रह कोर्ट से किया गया, जिसके बाद कोर्ट ने याचिकाकर्ता को याचिका वापस लेने की अनुमति प्रदान की। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने पूजा सिंघल के डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया था। दरअसल, खूंटी जिला में हुए मनरेगा घोटाला मामले में ईडी ने पूजा सिंघल को 11 मई, 2022 को गिरफ्तार किया था। उनके पति अभिषेक झा को सुप्रीम कोर्ट ने अग्रिम बेल दी थी।

आजसू पार्टी की बैठक सह शपथ ग्रहण समारोह छह को पतरातू में

पिछड़ा विरोधी है राज्य सरकार : देवशरण भगत

रांची

आजसू पार्टी केंद्रीय समिति की बैठक सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन शनिवार को पतरातू स्थित लेक रिसोर्ट में होगा। बैठक में जनता के हित से जुड़े विषयों पर पार्टी के भावी कार्यक्रमों एवं संघर्ष की रूपरेखा तय की जाएगी। साथ ही इस बैठक में राजनीतिक, सांगठनिक एवं सामाजिक प्रस्ताव लाए जाएंगे। बैठक को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बैठक में पार्टी के करीब 600 सदस्य शामिल होंगे। यह जानकारी पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में दी है। उन्होंने कहा कि मोरहाबादी मैदान में आयोजित तीन दिवसीय केंद्रीय महाधिवेशन नवनिर्माण संकल्प समागम में पार्टी ने राज्य के नवनिर्माण के लिए नौ संकल्प लिए थे। इन्हीं संकल्पों को धरातल पर उतारने के लिए निर्णय लिए जाएंगे। सामाजिक न्याय और विकास की अवधारणा के आधार पर केंद्रीय समिति में सदस्यों का चयन हुआ है। समिति में 50 प्रतिशत युवाओं, 30 प्रतिशत महिलाओं और राज्य के सभी जाति, वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

डॉ देवशरण भगत ने कहा कि राज्य सरकार कहती है कि वो पिछड़ों के प्रति ईमानदार हैं लेकिन यह सरकार असल में पिछड़ा विरोधी है। पंचायत चुनाव में करीब दस हजार पिछड़ों की प्रतिनिधित्व करने के अवसर को इस सरकार ने जीरो कर दिया। सरकार को तय समय के अंदर ट्रिपल टेस्ट और जातीय जनगणना करानी चाहिए थी। सरकार पिछड़ों की भलाई करने की कोई मंशा नहीं है, इनका मुख्य उद्देश्य सिर्फ लोगों की भावनाओं से खेलते हुए अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने की है। राज्य सरकार लोगों को भ्रमित कर रही है। हर साल पांच लाख नौकरी का वादा करने वाली सरकार हजार नौकरी का भी आंकड़ा भी पार नहीं कर पाई। बैठक में पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, जिलाध्यक्ष एवं सचिव, जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य, प्रमुख एवं उपप्रमुख, महानगर अध्यक्ष एवं सचिव भाग लेंगे।

यौन शोषण केस में कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव न्यायालय में हुए

दुमका। कांग्रेस के पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव शुक्रवार को न्यायालय में पेश हुए। पेशी दो अलग-अलग मामले में अपर जिला जज, तृतीय सह विशेष न्यायाधीश लक्षमण प्रसाद के न्यायालय में हुई। न्यायालय में दोनों मामले में गवाहों की गवाही हुई। न्यायालय में पहली गवाही गोड्डा मुफस्सिल थाना में दर्ज प्राथमिकी 37/17 के सेशन ट्रायल 125/21 में हुई।इसमें अडानी पावर प्लांट के विरोध में किए गए आंदोलन को लेकर सरकारी संपत्ति नुकसान,धक्का-मुक्की समेत अन्य सुसंगत धारा के तहत मामला दर्ज हुई थी। इसमें प्रदीप यादव, धर्मेन्द्र राय एवं कैलाश मंडल संकेत अन्य पर मामला दर्ज हुई थी। शुक्रवार को वादी जयप्रकाश सिंह की गवाही गुजरी। दूसरा चर्चित महिला कार्यकर्ता द्वारा

एक नजर

एसपी से मिले झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया

हजारीबाग। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार एवं जिला के मुख्य संयोजक संजीव कुमार बेदिया ने अपने सहयोगियों के साथ एसपी अरविंद कुमार सिंह से शिष्टाचार मुलाकात किया।श्री बेदिया ने एसपी से जिले में व्याप्त करप्शन और नशाखोरी पर नकेल कसने का आग्रह किया। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने इन समस्याओं के बेहतर निष्पादन का भरोसा दिलाया। मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, नीलकंठ महतो, इजहार अंसारी, रामकिशोर मुर्मू, जिला सोशल मीडिया प्रभारी संजय कुमार सिंह, वीरेंद्र राणा,मो राजा खान, मोहम्मद सरफराज, गौरव पटेल, मो कुदुष अंसारी, नईम अंसारी, सुरेंद्र बांडो, मोहम्मद आसीन खान, उज्जवल सिंह, मनोहर राम, रवि सिंह, दिगंबर मेहता, लखन लाल महतो, श्रीनाथ महतो, रामचंद्र मेहता, दिनेश पासवान, सुरेंद्र बांडो, सरोज मेहता, मोहन सोरेन, कपिलदेव चौधरी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थें।

छात्र संघ चुनाव नहीं होने से छात्रों के मौलिक अधिकारों का हो रहा हनन : राजेश ठाकुर

रामगढ़। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व प्रदेश संयोजक सह छात्र नेता राजेश ठाकुर ने शुक्रवार को प्रेस बयान जारी कर कहा की कई वर्षों से छात्र संघ चुनाव नहीं के कारण छात्रों के मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है। उन्होंने कहा की 2017 में विनोबा भावे विश्वविद्यालय छात्र संघ का चुनाव हुआ था। उसके बाद अभी तक छात्र संघ चुनाव नही हुआ है। उन्होंने कहा की विश्वविद्यालय प्रशासन को इस पर ध्यान देने की जरूरत है। छात्र नेता ने कहा लिंगदोह कमेटी द्वारा हर वर्ष छात्र संघ चुनाव कराने की बात कही गई थी। श्री ठाकुर ने कहा की चुनाव नही कराकर राज्य सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्रों के मौलिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है। कहा की चुनाव नहीं होने से पठन-पाठन और नेतृत्व क्षमता के विकास में बधा उत्पन्न होती है। इसलिए छात्र संघ चुनाव जल्द कराये जाएं। राजेश ठाकुर ने कहा की इन सभी विषयों को लेकर जल्द ही विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति और महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर छात्र संघ चुनाव करवाए जाने की मांग करूंगा। उन्होंने कहा की यदि छात्र संघ चुनाव नहीं कराये गए तो इस मुद्दे को लेकर आंदोलन किया जाएगा।

कंबल वितरण राज्य सरकार की एक जनकल्याणकारी योजना : मुखिया

बरही। शुक्रवार को धनवार पंचायत में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुखिया राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमे स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित कई लाभुक शामिल हुए। मुखिया ने बताया कि बढ़ते ठंड के मद्देनजर राज्य सरकार के जनकल्याणकारी योजना के तहत यह कंबल वितरण किया जा रहा है। जिसके तहत कुल 180 असहाय लोगो को कम्बल उपलब्ध करवाया गया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत सचिव राजेंद्र मिश्रा, समाज सेविका सह नेत्री ममता देवी, संतोषी कुमारी, वार्ड सदस्य बालेश्वर कुमार, प्रकाश साव, उमेश यादव आदि मौजूद थे।

झारखंड राज्य चौकीदार दफादार पंचायत की बैठक संपन्न

छः प्रस्ताव पारित, अनुमंडलीय इकाई गठित

नवीन मेल संवाददाता। बरही प्रखंड परिसर स्थित अब्दुल कलम पार्क में झारखंड राज चौकीदार दफादार पंचायत शाखा बरही अनुमंडलीय इकाई की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामदेव प्रसाद एवं संचालन जिला सचिव मुन्नीलाल पासवान ने किया। सर्वसम्मति से महिला कैदी का हाजत से भागने के मामले में महिला चौकीदार हेमा कुमारी और सुशीला मसोमात पर चौपारण थाना प्रभारी की ज्यादती का आरोप लगाया गया है। बताया गया कि उक्त दोनों चौकीदारों को महिला कैदी की निगरानी के लिए कमान पत्र भी नहीं दिए गए थे। थाना प्रभारी महिला चौकीदारों को प्रताड़ित करना बंद करे अन्यथा चौपारण थाना का घेराव कर जोरदार आंदोलन किया जाएगा। इसके साथ ही एसीपी और एमएसीपी का लाभ, बरही थाना के चौकीदार दिवंगत महादेव यादव के पुत्र को अनुकंपा के आधार पर नौकरी और दिवंगत चौकीदार के पुत्र द्वारा पिता को आत्म हत्या के लिए विवश करने वाले षड्यंत्रकारियों के खिलाफ दिए गए आवेदन पर शीघ्र कारवाई, गृह कारा और आपदा विभाग के निदेर्शानुसार ड्यूटी लेने, बरही थाना हाजत में मरने वाले कैदी को लेकर चौकीदार विनोद राम और अमर पासवान को फंसाने पर रोक लगाने संबंधित मामलों पर शीघ्र कारवाई करने संबंधित प्रस्ताव पारित किए गए। साथ ही उक्त सूचना को एसडीओ बरही और संबंधित सीओ को देने का भी निर्णय लिया गया। मौके पर ही अनुमंडल इकाई का गठन किया गया। जिसमे सर्वसम्मति से बरही थाना के सत्यानंद कुमार दास को अध्यक्ष, चौपारण थाना के अशोक रविदास को सचिव, पदमा के गणेश पासवान को कोषाध्यक्ष और बरकट्ठा के प्रकाश सिंह को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में सभी प्रखंड के चौकीदार मौजूद थे।

स्वस्थ तन और मन के लिए जरूरी है खेल: राजेश महतो

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ तेलियातू प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में जूनियर शकील एलेवन क्लब पिरी बनाम इंजीनियर एलेवन क्लब चरही के बीच खेले गए मैच में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष राजेश कुमार महतो एवं विशिष्ट अतिथि आजसू छात्र संघ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मुकाबले का शुभारंभ किया। मुकाबले में जूनियर शकील एलेवन क्लब पिरी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 214 रन बनाया। वहीं, लक्ष्य का पीछा करते हुए इंजीनियर एलेवन क्लब चरही की टीम 76 रनो पर सिमट गई और मैच हार ही। मैन ऑफ द मैच बेहतर बल्लेबाजी के लिए वाजिद को दिया गया। मौके पर आजसू पार्टी के रामगढ़ नगर परिषद कमिटी अध्यक्ष राजेश महतो ने कहा कि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी द्वारा खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा और अवसर देने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। आजसू पार्टी खेल और खिलाडियों के उज्ज्वलित भविष्य को लेकर सदैव प्रयासरत रही है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति के स्वस्थ तन मन मन के लिए खेल जरूरी है।

न्यूज बॉक्स

22 जनवरी को घर-घर में जलाएं दीप : जगेश्वर प्रजापति

रामगढ़। बोंगाबार स्थित मोतीराम कॉम्पलेक्स एंड जेपी रेस्टोरेंट बैंक्विट हॉल के सभागार में शुक्रवार को आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन के अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति एवं संचालन अनीता देवी ने किया। बैठक के दौरान सदस्यों ने सर्वप्रथम फाउंडेशन के क्रियाकलापों की समीक्षा की। तत्पश्चात आत्मनिर्भर बनने की दिशा में खाद्य सामग्री एवं हॉल परिसर में सिलाई मशीन उपलब्ध होने के साथ पेटिकोट बाजार में सस्ते दर पर बेचने का निर्णय लिया। वहीं, फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री प्रजापति ने कहा कि इंसान का जीवन बेहद संघर्ष भरा होता है। इसलिए हम सभी को घबराने के बजाय धैर्य के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने अयोध्या में भगवान राम के मंदिर के निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में 22 जनवरी को घर-घर दीया जलाने को लेकर फाउंडेशन के सदस्यों के बीच दीया बांटने का आह्वान किया।

मकर संक्रांति के अवसर पर सूर्यकुंड में लगने वाले मेले का विधायक ने लिया जायजा

बरकट्ठा। विधायक अमित कुमार यादव ने सूर्यकुण्ड परिसर में मकर संक्रांति के अवसर पर 14 से 30 जनवरी तक लगने वाला मेला का जायजा लिया। इस दौरान विधायक ने मेला ठेकेदार पांच पांडव कमिटी से मुलाकात कर समस्या को सुना। विधायक ने कहा कि सूर्यकुंड परिसर में पिछले वर्ष ही विधायक फंड से 20 फीट वाला कुआं बनवा दिया गया है। उसी कुएं से पानी लिफ्ट कर सभी भवनों में पहुंचाया जाएगा ताकि स्नान एवं शौचालय के लिए पर्यटकों को परेशानी ना हो।कहा कि अंचलाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि मेला में किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए पास के नदी में कच्चा चेक डैम का निर्माण जल्द कराया जाय।इस दौरान उन्होंने मेला परिसर में लगने वाला खेल तमाशा और विभिन्न प्रकार के दुकानो का निरीक्षण किया। मौके पर मेला ठेकेदार श्याम पांडेय, अमित पांडेय, सुनील पाण्डेय, राजकुमार यादव, सुरेंद्र साव, गणेश नायक, रीतलाल प्रसाद समेत अन्य लोग मौजूद थे।

सूर्यकुंड उत्सव के तैयारियों का पुलिस व आयोजन कर्ताओं ने किया निरीक्षण

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुंड धाम में लगने वाले सूर्यकुंड उत्सव कार्यक्रम की तैयारी को लेकर जिला ग्रामीण विकास विभाग के सचिव सुनील कुमार ,उनके टीम के सदस्यों और गोरहर पुलिस के द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया।वहीं सुनील कुमार ने बताया कि टेंट लगाने का कार्य आज से प्रारंभ हो जाएगा।इस निमित जेसीबी से स्थल का समतलीकरण का कार्य प्रारम्भ किया गया। बताया कि कार्यक्रम में आठ जगह चेकिंग होगा । सभी लोगों को पास लेना अति आवश्यक है। बिना पास के कोई भी व्यक्ति अंदर प्रवेश नहीं कर सकते हैं।कहा कि 70 हजार दर्शकों के बैठने की क्षमता वाली टेंट बनाई जा रही है।साथ ही बड़े बड़े एलईडी स्क्रीन भी लगाये जायेंगे।उन्होंने लोगों को माइक्रो डोनेशन फोर सूर्यकुंड उत्सव एप के माध्यम से सहयोग राशि देने की अपील की। बताया कि यह कार्यक्रम पूर्ण रूप से अनुदानित कार्यक्रम है।मेरा कार्यक्रम पूर्व से निर्धारित है इसमें बदलाव की कोई संभावना नहीं है।

पूर्व विधायक की पहल पर ग्रामीणों को मिला 25 केबीए का ट्रांसफॉर्मर, ग्रामीणों में हर्ष

बरकट्ठा। प्रखंड अंतर्गत शिलाडीह पंचायत के ग्राम डोंड़हारा टोला डुमरिया टांड में 15 केबीए का बाल्टी ट्रांसफॉर्मर लगा हुआ था।इससे ग्रामीण लो भोल्टेज की समस्या से परेशान थे। ग्रामीणो ने इसकी सूचना पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव को दिया। सूचना पाकर पूर्व विधायक ने विद्युत विभाग के उच्च पदाधिकारियों से बात कर ग्रामीणों को 25 केबीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया। तत्पश्चात शुक्रवार को ट्रांसफार्मर का उदघाटन पूर्व विधायक के द्वारा विधिवत नारियल फोड़कर व फीता काटकर किया गया। ग्रामीणों ने इस कार्य हेतु श्री यादव को धन्यवाद देते हुए कहा कि पूर्व विधायक जनता की समस्या का समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। कोई भी मामले हो मामले को अविलंब संज्ञान लेकर त्वरित समाधान करते हैं। मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजकुमार नायक, समाजसेवी दर्शन सोनी, मुस्लिम मिंया, किशुन साव, शांति देवी, खेमिया देवी,धर्मी देवी समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ रामगढ़ डीएमओ ने की कार्रवाई

खान निरीक्षक ने अवैध स्टोन चिप्स लदे दो ट्रैक्टर को किया जब्त

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन को लेकर डीएमओ नितेश गुप्ता द्वारा कार्रवाई की गई गुरूवार को चार बजे रांची-हजारीबाग मुख्य पथ सैनी होटल के समीप अवैध रूप से ले जाते स्टोन चिप्स लदे दो ट्रैक्टर को पुलिस बल के सहयोग से खान निरीक्षक जितेन्द्र कुमार महतो के द्वारा पकड़ा गया। पकड़े गए वाहन में ट्रैक्टर समेत 2 सौ घनफीट स्टोन चिप्स को जब्त किया गया। उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के रोकथाम को लेकर सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुप्त सूचना मिली कि रांची-हजारीबाग मुख्य पथ पर अवैध स्टोन चिप्स ले जाया जा रहा है,जिस पर अविलंब कार्रवाई करते हुए जिला खनन पदाधिकारी ने खान निरीक्षक जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में सैनी होटल के पास पुलिस बल के साथ दो ट्रैक्टर जिसमें एक-एक सौ घनफीट स्टोन चिप्स पाया गया। जिसे ट्रैक्टर समेत जब्त कर लिया गया और थाने को सुपूर्द करते हुए ट्रैक्टर चालक,मालिक एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी।* जब्त ट्रैक्टरों में जिसका 1.वाहन संख्या जेएच 02एएल-0626, 2.चेचिंस संख्या-टी0 53433113 एलएच, रजिस्ट्रेशन संख्या अंकित नहीं है। जिला खनन पदाधिकारी नितेश गुप्ता ने कहा कि अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन कानून अपराध है। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध खनन को रोकने के लिए विभाग पूरी तरह से सजग है। कहा कि उपायुक्त के निर्देश पर अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन को रोकथाम को लेकर छापेमारी अभियान चलाई जा रही है एवं पकड़े जाने वाले पर कानून कारवाई भी की जा रही है।

गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण

गरीबों का सहयोग करना हमारी पहली प्राथमिता : किशोरी राणा

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग चौपारण प्रखंड के विभिन्न गांवों में किशोरी राणा ने गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान श्री राणा ने कहा कि हमारी संस्था नव झारखंड फाउंडेशन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कंबल वितरण कर रही है, और आगे करती भी रहेगी । उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दिए गए कंबल काफी लोगों तक नहीं पहुंच पाता है, जिससे गरीब लोग वंचित रह जाते हैं। बेबस लोगों के बीच कंबल का वितरण करना हमारा मुख्य उद्देश्य है, ताकि लोगो को इस कप कपाती ठंढ से लोगो को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि मैं पिछले दस वर्षो से गरीब लोगो के प्रति सजग हुँ और आगे भी रहूँगा। कंबल वितरण में राजकरण पाण्डेय, रंजन सिंह, सतीश पाण्डेय सुमन रॉय, अशरफ खां दयानंद यादव, अमित सिंह,अविनाश मिश्रा आदि कई ग्रामीणों का योगदान रहा।

चेचकपी मुखिया रीता देवी ने कब्रिस्तान चारदीवारी का किया शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत चेचकपी पंचायत स्थित कब्रिस्तान की चार दिवारी की विधिवत शिलान्यास शुक्रवार को स्थानीय मुखिया रीता देवी के द्वारा किया गया । मुखिया रीता देवी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह कब्रिस्तान पंचायत के अंतर्गत एकमात्र कब्रिस्तान है जो कई वर्षों से जर्जर हालत में पड़ा था क्योंकि कब्रिस्तान में चार दिवारी नहीं थी। इसकी सूचना हमें ग्रामीणों के द्वारा मिली । सूचना मिलते ही मैंने कल्याण विभाग को इस कार्य हेतु लिखित जानकारी दी। तत्पश्चात स्वीकृति मिलते ही इस महत्वपूर्ण योजना को धरातल पर उतारने का कार्य प्रारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि कब्रिस्तान की चार दिवारी हो जाने से कब्रिस्तान सुरक्षित रहेगा, इस नेक कार्य के लिए ग्रामीणों ने मुखिया के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया ।साथ ही साथ लोगों ने कहा कि जब से मुखिया रीता देवी हमारे पंचायत की मुखिया बनी है तब से पंचायत में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। वहीं मुखिया ने लोगों को आश्वासन दिया कि जैसे ही मेरे कोष में चापानल के लिए राशि आयेगा वैसे ही मैं कब्रिस्तान के लिए एक चापानल लगाने का काम करूंगी।

सामाजिक सुरक्षा शाखा कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

पेंशन योजना का सार्वजनिक स्थानों में होर्डिंग लगाने व प्रचार-प्रसार करने का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ रामगढ़ जिला समाहरणालय अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा शाखा द्वारा किए जा रहे कार्यों की शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त ने ट्रांसजेंडर समूह के लोगों को सर्वजन पेंशन योजना सहित अन्य पेंशन योजनाओं के लाभ से आच्छादित करने के लिए अभियान मोड में कार्य कर शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया। वहीं, इसके लिए उपायुक्त ने जिले के प्रमुख चौक चौराहों व अन्य सार्वजनिक क्षेत्रों में होर्डिंग लगाने सहित व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिया। पेंशन योजनाओं के लाभुकों के आधार एवं मोबाइल नंबर लिंक करने संबंधित कार्यों की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने जल्द से जल्द शत प्रतिशत पेंशन लाभुकों का आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर लिंक करने का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने पेंशन योजनाओं के लाभको को भी नियमित रूप से पेंशन प्राप्त करने हेतु अपने आधार कार्ड को मोबाइल नंबर के साथ लिंक करने के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारियों को पेंशन योजनाओं के तहत लाभुकों के आधार कार्ड सीडिंग कार्यों के लिए शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया। राज्य सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए गए आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत सामाजिक सुरक्षा शाखा अंतर्गत विभिन्न पेंशन योजनाओं के लाभ हेतु आए आवेदनों के निष्पादन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को अगले दो दिनों तक अभियान मोड में कार्य करने का निर्देश दिया।

जिलाध्यक्ष की अगुवाई में सीओ से मिला जदयू प्रतिनिधिमंडल

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग जनता दल यूनाइटेड का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा के नेतृत्व में सदर अंचल अधिकारी से मुलाकात कर सदर प्रखंड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के बारे में अवगत कराया।डेलिगेशन ने बरघुटवा ग्राम में हल्का 9 के म्यूटेशन संबंधी चर्चा भी की ।विगत एक महीने पूर्व इस कार्य को अंचल निरीक्षक और हल्का कर्मचारी ने अपना कार्य कर अंचल अधिकारी को अग्रसारित कर दिया था और यह म्यूटेशन पिछले एक माह से सदर कार्यालय में अंचल अधिकारी के पास लंबित है ।कई बार जदयू के प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद कुशवाहा ने अंचल अधिकारी महोदय को इस कार्य के लिए ध्यान आकृष्ट कराया लेकिन लगातार उन्होंने टालमटोल का रवैया अपनाया। थक हार कर प्रखंड अध्यक्ष ने लिखित तौर पर इस कार्य हेतु आवेदन दिया। अब अंचल अधिकारी का कहना है कि उपायुक्त के यहां से जब तक मार्गदर्शन प्राप्त नहीं होता तब तक यह कार्य नहीं होगा। पदाधिकारी के इस व्यवहार से जनता दल यूनाइटेड के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी आहत हैं। इस विषय पर लिखित तौर पर आवेदन देकर प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि यह कार्य एक सप्ताह के अंदर संपादित नहीं होता है तो हमारी पार्टी सदर प्रखंड कार्यालय परिसर में आंदोलन धरना प्रदर्शन प्रजातांत्रिक तरीके से करने को बाध्य होगी।

डॉ बीबी प्रसाद अखिल भारतीय कायस्थ महासभा चिकित्सा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत

रामगढ़। जिले के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ बीबी प्रसाद को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के चिकित्सा प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर रामगढ़ जिला के चित्रांशों ने हर्ष व्यक्त किया है। डॉ बीबी प्रसाद के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा ने उन्हें बधाई दी है और राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जितेन्द्र नाथ सिंह तथा राष्ट्रीय महामंत्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें इसके लिए धन्यवाद दिया है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि डॉ बी बी प्रसाद एक लम्बे समय से अस्थि रोग विशेषज्ञ के रूप में अपनी सेवाएं रामगढ़, रांची और पटना में देते रहे हैं।

झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक

संगठन में सभी समुदाय के लोगों को जोड़ने पर विशेष बल दिया गया

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ इकाई की नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नम्बर 26 अंतर्गत कैथा में शुक्रवार को कमेटी विस्तार के लिए पाणेश्वर कुमार की अध्यक्षता एवं सतेंद्र कुमार के संचालन में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला कोर कमेटी के सदस्य, प्रखंड कोर कमेटी सदस्य, पंचायत कमेटी के सदस्य तथा ग्रामीण सदस्य शामिल हुए। बैठक में महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। बैठक के क्रम में संगठन के मजबूती और विस्तार पर बल दिया गया। साथ संगठन में सभी समुदाय के लोगों को जोड़ने पर विशेष बल दिया गया। वर्तमान परिवेश की राजनीति में युवा, महिलाएं, छात्र, बुजुर्ग सभी वर्ग के लोगों की उम्मीद है टाइगर जयराम महतो बन चुके हैं। नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 26 के लिए गठित कमेटी में संरक्षक लोकनाथ महतो, अध्यक्ष लोकनाथ महतो, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार महतो, सचिव राजेंद्र महतो,सह सचिव इंद्रनाथ महतो, कोषाध्यक्ष अमित कुमार महतो, संगठन सचिव शिबू कुमार महतो, मीडिया प्रभारी मिथुन कुमार महतो, मनिता देवी को सर्वसम्मति से बनाया गया है। बैठक में मुख्य रूप से पाणेश्वर महतो, डब्लू महतो, पिंटू पटेल, कुलदीप महतो, झानों देवी, सुचित्रा देवी, दुलारी देवी, सुचित्रा देवी, दुलारी देवी, संजू देवी, सरिता देवी, बसंती देवी, सीमा देवी, राजेश महतो, नितेश कुमार, तुलेश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

26वें वार्षिकोत्सव पर आयोजित लक्की ड्रा का परिणाम घोषित

प्रत्येक कूपन के लिए साइबर सिक्योरिटी कोर्स मुफ्त, डिप्लोमा में 20 फीसदी की छूट : निदेशक

नवीन मेल संवाददाता। बरही कंप्यूटर जागरूकता अभियान के तहत सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन ने अपने 26वें स्थापना दिवस पर लक्की ड्रॉ का आयोजन किया था। केंद्र निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा ने बताया कि उक्त ड्रॉ में कुल पांच पुरस्कार घोषित थे। जिसके परिणाम 24 दिसंबर को संपन्न हुए पुरस्कार वितरण सह सम्मान समरोह में घोषित किए जा चुके हैं। घोषित परिणाम के अनुसार टिकट संख्या 814 प्रथम पुरस्कार, टिकट संख्या 491 द्वितीय पुरस्कार, टिकट संख्या 519 तृतीय पुरस्कार, टिकट संख्या 021 चतुर्थ और टिकट संख्या 733 चतुर्थ पुरस्कार के लिए चयनित किए जा चुके है। सभी विजेताओं को उनका पुरस्कार 6 जनवरी से हजारीबाग रोड स्थित सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन में 11 बजे से 2 बजे तक दिए जायेंगे। सभी विजेता अपने कूपन जमा कर पुरस्कार प्राप्त कर सकते है। यह पुरस्कार एक महीने के अंदर ले जाना अनिवार्य होगा अन्यथा विजेता पुरस्कार से वंचित रह सकते है। निदेशक ने बताया कि यह ड्रॉ कंप्यूटर जागरूकता को लेकर केंद्र की ओर से प्रत्येक वार्षिकोत्सव पर कराया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य आम लोगो तक कंप्यूटर शिक्षा पहुंचाना है। इसी उद्देश्य से कूपन लेने वाले प्रत्येक जागरूक व्यक्ति को साइबर सिक्योरिटी का कोर्स मुफ्त कराए जा रहे है। इच्छुक व्यक्ति जिसके पास कूपन है वह हमारे केंद्र में 15 जनवरी तक निःशुल्क कोर्स में अपना नामांकन करवा सकते है।

एक नजर

कोलेबिरा विधायक ने पांच अल्पसंख्यक विद्यालय की समस्याओं का किया समाधान

सिमडेगा। कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाडी के प्रयास पर सिमडेगा जिला के पांच अल्पसंख्यक विद्यालय जिसमे आरसी मिडिल स्कूल कुरडेग ,जीईएल मिडिल स्कूल डोमटोली ,जीईएल मिडिल स्कूल किनकेल ,सन्त जेवियर स्कूल जलडेगा एवं आरसी हाई स्कूल जलडेगा रजिस्ट्रेशन से संबंधित समस्या का समाधान कर दिया ।बताया गया कि 8वीं क्लास के बच्चों का परीक्षा रजिस्ट्रेशन पासवर्ड नहीं मिलने के कारन इनका एक वर्ष बरबाद होने के कगार पर आ गया था चुंकि रजिस्ट्रेशन का अन्तिम दिन 8 जनवरी तक है। इसकी जानकारी विद्यालय के संचालकों द्वारा कोलेबीरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी को दी गयी। विधायक ने झारखंड एकेडमिक काउंसिल के पदाधिकारियों से बात कर तथा पत्र लिख कर इन विद्यालयों की समस्याओं का समाधान करने के लिए कहा था ,फल स्वरुप शुक्रवार को सभी पांचो विद्यालयों को पासवार्ड भेज दिया गया। अब बच्चों का रजिस्ट्रेशन हो पाएगा स्कूल प्रबंधन तथा विद्यार्थियों ने कोलेबिरा विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया।

विजय बने परसाबाद स्टेशन के रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति सदस्य

कोडरमा/ मरकच्चो। निज प्रतिनिधि। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसद अन्नपूर्णा देवी की अनुशंसा पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय यादव को पूर्व-मध्य रेलवे धनबाद मंडल अंतर्गत परसाबाद रेलवे स्टेशन का रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। इसके लिए मंडल अध्यक्ष ने सांसद के प्रति आभार प्रकट किया है। वहीं भाजपा के नेता व कार्यकर्ता ने उन्हें बधाई दी है। इसमें विधायक डॉ. नीरा यादव, जिलाध्यक्ष नितीश चंद्रवंशी, महामंत्री राजकुमार यादव, अनूप जोशी,वेदू साव,बसंत साव, केदार यादव,पवन सिंह, सुनील यादव, लखन पासवान, नंदकिशोर भारती, कृष्णा गोस्वामी, दिनेश ठाकुर,सुरेश यादव आदि के नाम शामिल हैं।

एसडीओ ने विभिन्न दलों के नेताओं के साथ की बैठक

कोडरमा। एसडीओ सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी रिया सिंह ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में जिले के विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। एसडीओ ने सभी जनप्रतिनिधियों से अपील किया कि मतदाता सूची में अभी भी किन्हीं मतदाताओं का नाम नहीं जुड़ा है, उनका नाम मतदाता सूची में जुड़वाएं। उन्होंने कहा कि किन्हीं मतदाताओं का पहचान पत्र में खराब या एक सामान फोटो है, उसे भी सुधारने के लिए फार्म भरवाएं।

ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा, बोले उपायुक्त

सिमडेगा में महिला मजदूर श्रमिकों को मनरेगा के तहत दिलाएं काम

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक के दौरान उपायुक्त ने ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं का समीक्षा की।उन्होंने अबूआ आवास, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन, बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, आधार सीडिंग, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मानव दिवस सृजन लेबर इंगेज एससी / एसटी भागीदारी, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण एवं प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में प्राप्त आवेदन सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना की समीक्षा कर जिले अंतर्गत सभी प्रखंडों में कूप निर्माण हेतु स्वीकृति दिया एवम ससमय मस्टर रोल निकालने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारीयों को सप्ताह में बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना समीक्षा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री विकास पशुधन विकास योजना अंतर्गत आच्छादित लाभुकों का पशु शेड निर्माण करने का निर्देश दिया। उन्होंने आधार सीडिंग से संबंधित कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। जिले में जितने भी डुप्लीकेट जॉब कार्ड होल्डर्स है उसका डिलीशन ससमय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मानव दिवस सृजन व लेबर इंगेज एससी / एसटी भागीदारी की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि महिला मजदूर श्रमिकों को मनरेगा के तहत काम मुहैया कराया जाए। साथ ही उन्होंने पी.भी.टी.जी. परिवारों को काम मुहैया कराने की बात कहीं। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों का शाह समय निष्पादन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया ।बैठक में अपर समाहर्ता अमरेंद्र कुमार सिन्हा, डीआरडीए डायरेक्टर रवि किशोर राम, प्रखंड विकास पदाधिकारी, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, प्रखंड के बीपीओ एवं ग्रामीण विकास विभाग के कर्मी गण उपस्थित थे।

हमारे फादर व सिस्टर समाज की सेवा के हैं अगुवा : विधायक

नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी कोलेबिरा के अघरमा पंचायत अंतर्गत अघरमा पल्ली के कोरकोटोली में शुक्रवार को एसडीबी फादर राजेश डुंगडुंग के पुरोहित अभिषेक में अतिथि के रूप में शामिल हुए। जहां पर उन्होंने उनके भविष्य के समाज सेवा के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधायक ने कहा कि हमारे फादर एवं सिस्टर धर्म अगुवा प्रचारक एवं पादरी हमारे समाज के लिए अपने जीवन को त्याग तपस्या तथा कुर्बान कर सभी लोगों को सेवाएं देते आ रहे हैं। ये हमारे समाज के अच्छे शिक्षक के रूप में भी सेवा देते आ रहे हैं, सभी जाति धर्म के लोगों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का काम करते आए हैं। फादर के अभिषेक कार्यक्रम में प्रोविंशियल फादर नोवाश प्रोविंशियल मनी परमबन डेविस फादर पोनथोकन बॉस्को सेल्सियस प्रोविंस न्यू दिल्ली रेक्टर कम्युनिटी हटिया रेक्टर आदि कम्युनिटी उपस्थित रहे। मौके पर प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुलभ नेल्सन डुंगडुंग ,मंडल अध्यक्ष राकेश कोनगाडी ,अमृत डुंगडुंग ,पीटर डुंगडुंग जगजीत केरकेट्टा पंचायत अध्यक्ष उपस्थित रहे।

न्यूज बॉक्स

कनारोवा बांधडीपा आंगनबाड़ी केंद्र में निर्विरोध सहायिका चुनी गई सितारा बागे

बानो। प्रखण्ड के कनारोवा पंचायत के कनारोवा बांधडीपा आंगनबाड़ी केंद्र में शुक्रवार को निर्विरोध सितारा बागे का आंगनबाड़ी सेविका के रूप में चयन किया गया। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी ने नव चयनित सेविका को औपबंधिक पत्र दिया। महिला पर्यवेक्षक संगीता देवी ने नव चयनित आंगनबाड़ी सहायिका के कार्य के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सहायिका द्वारा अपने कर्तव्य से सन्तोषप्रद निर्वाह नही किये जाने पर तथा 15 दिन से अधिक अनुपस्थित रहने पर चयन से मुक्त किया जा सकता है ।बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित नही रहना है। मौके पर जिला परिषद बिरजो कंडुलना, बिकास मगहिया कनारोवा मुखिया आदि लोग उपस्थित थे।

नए आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

सिमडेगा। उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को उपायुक्त कक्ष में नये आंगनवाड़ी केन्द्रों का निर्माण से संबंधित बिन्दुओं पर विमर्श हेतु बैठक का आयोजन किया गया ।बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले की सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का भौतिक सत्यापन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने जितने आंगनबाड़ी केंद्र है जो जर्जर स्थिति में है, या जहां सेविका के घर में ही केंद्र चलाया जाता है इसकी पूर्ण रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया ।उपायुक्त ने कहा कि जहां आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण नहीं हुआ है या जहां जर्जर अवस्था में रेंट पर केंद्र चलाए जा रहे है वहां पर नए आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण हेतु आवश्यक करवाई करने का निर्देश दिया ।बैठक मे समाज कल्याण पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद सिंह, डायरेक्टर, डीआरडीए रवि किशोर राम एवं अन्य उपस्थित थे।

गरीबों के भंडारित अनाजों पर जंगली हाथी का कब्जा, वन विभाग बेखबर

बानो। वन क्षेत्र के कुटुंगिया में जंगली हाथियों का कहर जारी है। फरसा उनीकेल निवासी एतवा सिंह, पिता सुरजू सिंह के घर को तोड़ कर हाथी ने घर में रखे दो क्विंटल भंडारित धान को खा गया। वहीं दूसरी ओर हाथी ने प्रीती कन्डुलना नामक एक विधवा महिला के खिड़की से सुंड अंदर डालकर एक क्विंटल धान समेत लगभग 50 किलो भंडारित चावल खा गया। ग्रामीण परेशान हैं और कड़ाके की ठंड में रतजगा करने को विवश हैं। तो मुखिया ने बताया कि वन विभाग के कर्मी अभी तक घटना से बेखबर है तत्काल राहत तो दूर की बात अभी तक कोई भी गांव वालों के हाल जानने भी नहीं पहुंचा है। ग्रामीणों का आरोप है कि बानो वन क्षेत्र के वन कर्मी कौन है आज तक पता नहीं चला है। इधर जानकारी मिलते ही पंचायत की मुखिया जानकी देवी पीड़ितों का हाल जानने उनके घर पहुंची और उन्हे विभाग से मुआवजा दिलाने का आश्वाशन दी और कहा की वन विभाग की ग्रामीणों के प्रति ऐसे उदासीनता रवैया बहुत ही सोचने वाली है। गांव में समय समय पर वन विभाग के कर्मी बिलकुल भी नही आते हैं जिसकी शिकायत वो जिले से उपायुक्त से करने की बात कही।

सायपुर गांव के कुएं में मिला युवक का शव,जांच में जुटी पुलिस



सिमडेगा। सदर थाना के क्षेत्र के सांयपुर में निर्जन कुंआ से पुलिस ने 19 वर्षीय एक युवक का शव बरामद किया है युवक की पहचान गोसाई टोली निवासी लाल मांझी के रूप में हुई।ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार सुबह कुंआ के अन्दर से दुर्गंध आ रही थी, कुंआ के अन्दर झांकने पर किसी व्यक्ति का लाश तैरते हुए देखाई दिया , तत्पश्चात खबर सनसनी की तरह फैल गई। इसके बाद इसकी सूचना सदर पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाल कर आगे की कार्रवाई में जुटी इधर मामले की जानकारी मिलने पर भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा एवं दीप नारायण दास मृतक युवक के घर पहुंचे। जहां पर श्री बेसरा ने लाल मांझी के परिवार वालों से भी मुलाकात किए।उन्होंने श्री बेसरा को बताया कि वह 1 जनवरी 2024 को से नया साल के उपलक्ष्य में नाचने के लिए घर से निकला था । उनके अनुसार वह घर से हमेशा बाहर जाते रहता था और 5-6 दिन बाद वापस हो जाता था। इसलिए थाना में प्राथमिकी दर्ज नहीं किए। लेकिन उसके नहीं आने से परेशान थे।बाद में सदर की मौजूदगी में शव को बाहर निकाला गया।एवं शव का पंचनामा पर श्री बेसरा ने पुलिस इंस्पेक्टर को कहा कि अगर परिवार वालों को किसी तरह का संदेह हो तो घटना कि निष्पक्ष जांच करें , और दोषियों पर कड़ी से कड़ी कानूनी करवाई हो। कानूनी प्रक्रिया के उपरांत शव का पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। इधर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

नगर पंचायत कोडरमा में राजस्व संग्रहण को लेकर बैठक संपन्न

कोडरमा। नगर पंचायत कोडरमा के प्रशासक शशि शेखर सुमन की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण को लेकर शुक्रवार को बैठक हुई। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्र अंतर्गत होल्डिंग टैक्स बकाएदारों को कई बार नोटिस देने के बाद भी टैक्स जमा करने में सुस्ती बरती जा रही है। नगर पंचायत ने एक बार फिर बड़े बकाएदारों को नोटिस जारी कर इस माह के अंत तक पूर्व बकाया राशि जमा करने का निर्देश दिया है। विलंब से टैक्स देने पर प्रति माह एक प्रतिशत ब्याज भी लगता है ' वित्तीय वर्ष समाप्ति के बाद बकाया राशि देने वाले से एकमुश्त 12 प्रतिशत सूद जोड़कर टैक्स लिया जाएगा। इस कारण सभी करदाताओं को समय पर टैक्स जमा करने की अपील की गई। नोटिस के बावजूद होल्डिंग टैक्स नहीं जमा करने पर नगरपालिका एक्ट की धारा 184 अंतर्गत उनके खाते को फ्रीज करने, कुर्की जब्ती के लिए बॉडी वारंट निर्गत करना और देय कर की वसूली के लिए चल, संपत्ति की जब्ती, बिक्री, भवनों को सीलबंद करने की कार्रवाई की जाएगी।

जेएसएससी के विज्ञापन को संशोधित करे झारखंड सरकार : सुजान मुंडा

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा भाजपा के जलडेगा प्रखंड सांसद प्रतिनिधि सुजान मुंडा ने जेएसएससी के विज्ञापन संख्या 12/2023 में संशोधित करने की मांग की। सुजान मुंडा ने कहा कि वर्तमान में जेएसएससी द्वारा विज्ञापन संख्या 12/2023 के माध्यम से आरक्षी पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन निकाला है। इस विज्ञापन में जिले के कुल 103 पदों पर बहाली की जानी है। पर दुःखद बात यह है कि इन 103 पदों में से जिले के अजजा समुदाय के पुरुष युवाओं के लिए एक भी पद आरक्षित नहीं है। जबकि अनारक्षित कोटे के लिए 25 पद रिक्त हैं। इतना ही नहीं जिले में अजा, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, पिछड़ा वर्ग, आदिम जाति व खेलकूद कोटा के लिए भी एक भी पद आरक्षित नहीं है। इसी तरह महिला वर्ष अनारक्षित के लिए 52 पद है। जबकि अजजा के लिए मात्र 18 पद रिक्त है। यहां भी खेलकूद कोटा के लिए एक भी पद रिक्त नहीं है। सुजान ने कहा कि हेमन्त सरकार राज्य के होनहार खिलाड़ियों को नौकरी देने की बात कहती है। पर जेएसएससी के इस विज्ञापन में खेलकूद कोटे के लिए भी रिक्त पदों की संख्या शून्य रखा है। जो हेमन्त सोरेन की सरकार के कथनी एवं करनी में सवालिया निशान लगाता है। सुजान ने कहा कि सरकार विज्ञापन में संसोधित कर आदिवासी पुरुषों के लिए भी सीटें आरक्षित करें। साथ अजजा महिलाओं के लिये भी सीटों की संख्या में बढ़ोतरी करें। अगर विज्ञापन में सरकार द्वारा संसोधन नहीं किया जाता है तो जिले आदिवासी युवाओं के साथ उग्र आंदोलन किया जाएगा।

ऐतिहासिक गांधी मेले की नगर परिषद में हुई डाक बंदोबस्ती

72 लाख में संवेदक सत्यनारायण प्रसाद ने मेले का लिया डाक

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम पर सिमडेगा में 26 जनवरी के मौके पर गांधी मैदान में लगने वाले ऐतिहासिक गांधी मेला को लेकर नगर परिषद सिमडेगा द्वारा शुक्रवार को डाक बंदोबस्ती प्रक्रिया आयोजित की गई। मौके पर नगर परिषद की प्रसाशक सुमित कुमार महतो एवं सिमडेगा अंचल अधिकारी इम्तियाज अहमद मुख्य रूप से मौजूद रहे। जहां पर डाक बंदोबस्ती के लिए पांच संवेदकों ने हिस्सा लिया जिसमें मो मंसूर आलम, सत्यनारायण प्रसाद, कुशाग्र कुमार, दीपक कुमार एवं एक अन्य शामिल थे। नगर परिषद द्वारा आयोजित डाक बंदोबस्ती में 5240550 से बोली शुरू हुई। जो लगातार बढ़ते हुए कुल 27 चक्र तक चलता रहा जिस पर उच्चतम डाक वक्त के रूप में सत्यनारायण प्रसाद ने 72 लाख 2000 की उच्च बोली लगाकर गांधी मेला की डाक को अपने नाम किया। जानकारी देते हुए प्रशंसक सुमित कुमार महतो ने बताया कि डाक वक्त के द्वारा लगाए गए बोली की डाक राशि 24 घंटे के अंदर नगर परिषद कार्यालय में जमा करनी है जिसके बाद इकरारनामा के पश्चात उन्हें 26 जनवरी से लेकर 31 जनवरी तक लगने वाले ऐतिहासिक गांधी मेला में वसूली करने के लिए अधिकृत किया जाएगा। गौरतलब हो वर्ष 2018 में 1950000 में डाक बंदोबस्ती प्रक्रिया हुई थी जो 2022 में बढ़कर 45 लाख 57 हजार पहुँच गई थी। इस बार नगर परिषद द्वारा 15 फीसदी बढ़ाते हुए बोली शुरू कराई गई थी जहां पर 72 लाख ?2000 की उच्च बोली के साथ डाक बंदोबस्ती प्रक्रिया संपन्न हुई।

पिड़ियापोश गांव में कांग्रेस एवं झापा के लोग थामा झामुमो का दामन

नवीन मेल संवाददाता। बोलबा झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कांडुलना एवं जिला सचिव सफीक खान के द्वारा शुक्रवार को बोलवा प्रखंड का दौरा किया ।इस क्रम में प्रखंड के पिड़ियापोश पंचायत में पार्टी का सदास्यता अभियान चलाया गया। मौके पर ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं से अवगत हुए एवं जल्द ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी देते हुए समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के नीति सिद्धांतों के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दिया मौके पर खुश होकर काफी संख्या में ग्रामीण कांग्रेस और झारखंड पार्टी के दामन छोड़ कर झारखंड मुक्ति मोर्चा के दामन थामा एवं झामुमो का सदस्यता ग्रहण की। मौके पर सभी लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा से संबंधित नारे लगाए इस दौरान मुख्य रूप से जिला कोषाध्यक्ष नुवास केरकेट्टा, प्रखंड उपाध्यक्ष जैनुल अंसारी, पंचायत के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

कुरडेग में प्रखंड स्तरीय रबी फसल कर्मशाला 2023 का हुआ आयोजन

अपनी आय बढ़ाकर पारिवारिक जीवन स्तर को उठाने का करें प्रयास : सोनी पैंकरा

नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय रबी फसल कर्मशाला का आयोजन किया गया। कर्मशाला में किसानों के बीच रबी फसल से संबंधित तेलहन, दलहन, गेहूं के बुआई का सही समय ,बीजोपचार एवं कीट व्याधी से बचाव के बारे विस्तार पूर्वक बताया गया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी श्यामकिशोर प्रसाद ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य किसानों को नये तकनीकी पद्धति से कृषि के लिए जागरूक करना एवं कृषि उत्पादन में वृद्धि करना है ।जिससे जानकारी लेकर किसान लाभकारी कृषि कर सके। उन्होंने किसानों से अपने खेतों में जुताई के समय जिप्सम डालने के लिए सुझाव दिया ,ताकि कड़ा मिट्टी हल्का एवं भूरभूरा हो सके। रबी फसलों में नैनो तरल यूरिया का उपयोग करने का सुझाव भी दिया। साथ ही प्रखंड के कृषि तकनीकी केन्द्र आकर कृषि संबंधित नये तकनीकी जानकारी लेने की बात कही। इस दौरान जिप उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा ने कहा कि किसान भाई रबी फसल चना गेहूं की खेती समय पर करें और बड़े पैमाने पर वृहद रूप से करें और अपनी आय बढ़ाकर पारिवारिक जीवन स्तर को उठाने का प्रयास करें ।उन्होंने खरीफ फसल रागी (मड़ुवा) की खेती अधिक से अधिक करने के लिए किसानों को कहा ।कार्यशाला में नैनो तरल यूरिया खाद का निःशुल्क किसानों के बीच वितरण किया गया। मौके पर जिप उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा, प्रमुख सरस्वती देवी, सीओ किरण डांग, मुखिया जगेश्वर प्रधान, भोला, भोला महतो, कंचन कुजूर सहित कृषक मित्र उपस्थित थे।

सिमडेगा अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में हुआ जिला ट्रैक्टर संघ का चुनाव

मुख्य संरक्षक बने पूर्व मंत्री एनोस एक्का अध्यक्ष बने मिस्टर मोइनुद्दीन

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा सिमडेगा अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में शुक्रवार को जिला ट्रैक्टर संघ का बैठक आयोजन किया गया बैठक में पूर्व मंत्री एनोस एक्का मुख्य रूप से मौजूद रहे। मौके पर ट्रैक्टर मालिकों के विभिन्न समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई और साथ ही संगठन को मजबूती देने के लिए संगठन का चुनाव किया गया जिसमें पूर्व मंत्री को मुख्य संरक्षक बनाया गया। जबकि जिला अध्यक्ष मिस्टर मोइनुद्दीन, उपाध्यक्ष अनमोल तिर्की ,रविंद्र साहू ,शंकर कुमार, गोपाल केसरी, मुकेश प्रसाद, प्रदीप गोप को बनाया गया। वहीं सचिव माइकल तिर्की ,उप सचिव पवन प्रसाद ,कोषाध्यक्ष संजय मलवार को बनाया गया। मौके पर सभी को माला पहनकर स्वागत किया गया इस दौरान पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि संगठन में ही बल है और सभी लोगों को संगठन के दायरे में रहकर काम करने की आवश्यकता है। वर्तमान जो राज्य सरकार है वह लगातार ट्रैक्टर मालिकों को तंग करने का काम कर रही है और उन्हें चोर बनाती है जबकि नदी घाटों का टेंडर करने से ट्रैक्टर मालिक सरकार को राजस्व देकर बालू की खरीदारी करते हुए विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतरने के लिए काम करते ।लेकिन वर्तमान समय में जिस प्रकार से नदी घाटों में 4 वर्ष हो जाने के बावजूद टेंडर नहीं होना है यह सरकार की विफलता है, उन्होंने कहा कि इस मामले में जल्द ही आगे का रणनीति बनाई जाएगी। और सभी ट्रैक्टर वालों के हक अधिकारों की रक्षा के लिए कार्य किया जाएगा ।उन्होंने जिला खनन पदाधिकारी से दूरभाष से बात करते हुए केटेगरी वन एवं अन्य जगहों पर बालू भंडारण एवं बालू उठाव के कार्यों से संबंधित जानकारी ली। जिस पर उन्होंने जल्दी सभी नदी घाटों का टेंडर करवाने की बात कही।

जिले में चयनित सभी 19 पैक्सों में शीघ्र शुरू होगी धान की खरीदारी : जिला आपूर्ति पदाधिकारी

कोडरमा। कोडरमा में धान खरीदारी के लिए चयनित किये गए सभी 19 पैक्सों में शीघ्र हीं धान की खरीदारी शुरू कर दी जायेगी। जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुनेंदु ने कहा कि प्रारंभिक तौर पर फिलहाल पांच पैक्स में प्रथम चरण में पांच पैक्स में धान की खरीदारी शुरू की गई है। वहीं इसी सप्ताह आठ अन्य पैक्सों में धान की खरीदारी शुरू होगी। उन्होंने कहा कि इस बार ई-पॉश मशीन के माध्यम से किसानों का धान क्रय किया जा रहा है। जिससे फर्जी आईडी वाले किसान बाहर हो जायेंगें और फर्जीवाड़ा पर लगाम लगेगा। उन्होंने कहा कि अन्य पैक्सों में फिलहाल ई-पॉश मशीन उपलब्ध नही हो पाया है। शीघ्र हीं इन पैक्सों में भी धान की खरीद शुरू की जायेगी। उन्होंने कहा कि इस बार विभाग के द्वारा सभी पैक्स केंद्रों पर कंप्युटर ऑपरेटर दिया जाना है। फिलहाल जिला स्तर से कंप्यूटर ऑपरेटर की व्यवस्था पैक्सों में किया जा रहा है। वहीं इस संबंध में विभाग को पत्राचार किया गया है।

सिमडेगा उपायुक्त ने जिला परामर्शदात्री समिति के साथ की बैठक कहा-

सिमडेगा के योग्य व्यक्तियों को समय पर बैंक उपलब्ध कराएं लोन

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की त्रैमासिक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ ।बैठक में जिले के सभी बैंकों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया ।इस दौरान उपायुक्त महोदय ने पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया ।उपायुक्त ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंक की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है. बैठक में मुख्य रूप से वार्षिक ऋण योजना 2023-24 एवं बैंको की उपलब्धियों पर चर्चा की गई. वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए सीडी रेशियों पर चर्चा, सरकार प्रायोजित विभिन्न योजनाएं तथा किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, पीएमएमवाई/ पीएमईजीपी, मुद्रा लोन हेतु लक्ष्य एवं उपलब्धियों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने जिले की सी.डी. रेशियों को बढ़ाने हेतु कई महत्वपूर्ण बातें कहीं। साथ ही उपायुक्त ने सभी बैंक के प्रतिनिधियों से लोन योग्य लाभार्थी को मुहैया कराने की बात कहीं।

एक नजर

वाहन की चपेट में आई महिला की इलाज के दौरान मौत

गिरिडीह। निमियाघाट थाना क्षेत्र के लक्ष्मणटुंडा ओवर ब्रिज की समीप गुरुवार की देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने गंभीर रूप से घायल महिला को इलाज के लिए डुमरी रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृत महिला की उम्र लगभग 50 वर्ष बताई जा रही है उसने ब्लू कलर का स्वेटर और साड़ी पहन रखा था।स्थानीय लोगों के अनुसार उक्त महिला कुछ दिनों से सड़क पर भटक रही थी महिला विक्षिप्त भी बताई जा रही है।मौत के बाद पुलिस शव को कब्जे में लेकर थाना ले गई और शुक्रवार को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया।

टुसू से पूर्व कोवाली में सात लाख की नकली शराब जब्त

जमशेदपुर । पूर्वी सिंहभूम जिले के कोवाली थाना क्षेत्र हल्दीपोखर में छापेमारी कर पुलिस ने लाखों की नकली शराब बरामद की है. जब्त शराब को टुसू पर्व में खपाने की तैयारी थी. हालांकि शराब बनाने वाला संजय राय पुलिस की गिरफ्त से फरार हो गया. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में भारी मात्रा में अवैध तरीके से नकली अंग्रेजी शराब बनाई जा रही है. सूचना पर थाना प्रभारी रंजीत उरांव के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर छापेमारी की गई.छापेमारी में पुलिस ने 1264 बोतल नकली शराब समेत खाली बोतल और ढक्कन बरामज किया है।

पूजा कमेटी ने पीड़ित परिवारों को चावल और कंबल दिए

आदित्यपुर। बाबा कुटी के पीड़ित परिवारों से आज शाम 5:00 बजे एमआईजी काली पूजा कमेटी के लोग अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह के नेतृत्व में मिला और पीडित परिवारों को चावल और कंबल प्रदान किया है. बता दें कि आदित्यपुर के बाबा कुटी बस्ती के छह युवकों की मौत 1 जनवरी को जमशेदपुर में रोड एक्सीडेंट में हुई थी. सभी बच्चे बीपीएल परिवार से थे. इन्हें इस वक्त मदद की काफी जरूरत है. गुरुवार की रात पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह ने मदद पहुंचाई थी. आज सभी परिवारों से एमआईजी काली पूजा कमेटी के लोग मिले हैं. जिनमें चेयरमैन समरेंद्र प्रताप सिंह, अमितेश अमर, प्रभाकर शर्मा, मनोज यादव, श्रवण शर्मा शामिल रहे।

मिडिल स्कूल का रोटरी क्लब ने कराया जीर्णोद्धार

आदित्यपुर। रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर वेस्ट ने शुक्रवार की शाम ईस्ट बंगाल कॉलोनी मिडिल स्कूल के बच्चों को स्कूल यूनिफॉर्म और जूते का वितरण किया. समारोह पूर्वक सम्पन्न हुए इस कार्यक्रम में क्लब की प्रेसिडेंट नीता अग्रवाल, सीनियर मेंबर्स और डायरेक्टर रोटेरियन कमलेंदु शुक्ला, अनुपमा सहगल, जे बी सिंह, रोटेरियन संजीव सहगल ने अपने हाथों से छोटे छोटे बच्चों को स्कूल ड्रेस, जूते और स्नैक्स दिया. रोटेरियन ने बताया कि इस स्कूल की स्थापना आजादी के समय देश के विभाजन के उपरान्त तत्कालीन ईस्ट बंगाल से आए शरणार्थी परिवार के द्वारा किया गया था।

जादू-टोना से परेशान होकर सुपारी दे कराई जोधन की हत्या, चार गए जेल

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह

बीते 26 दिसंबर 2023 को डुमरी थाना क्षेत्र के कल्हाबार पंचायत अंतर्गत तेलखारा के कड़ढ़जोबरा पुल के पास एक व्यक्ति की हुई हत्या की गुत्थी डुमरी पुलिस ने सुलझा ली है साथ ही हत्याकांड में शामिल 4 लोगों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को गिरिडीह जेल भेज दिया।इस बाबत डुमरी थाना में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर एसडीपीओ सुमित प्रसाद ने बताया कि 26 दिसंबर को उक्त स्थान पर एक व्यक्ति की अज्ञात लोगों द्वारा हत्या कर दिये जाने की जानकारी पुलिस को मिली थी जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आसपास ग्रामीणों से पुछताछ के करने से यह पता चला कि मृतक का नाम भरखर के घुठियागढ़हा निवासी जोधन महतो है। जिसमें डुमरी थाना प्रभारी पवन कुमार पुअनि लव कुमार पुअनि नारायण राय व सशस्त्र बल को शामिल किया गया। बताया कि टीम ने उक्त हत्याकांड की गुत्थी को तकनीकी एवं मानवीय सूत्रों के माध्यम से सुलझाया गया जिसमें यह पता चला कि घुठियागढ़हा निवासी जितेन्द्र महतो ने पुरानी दुश्मनी एवं जादू टोना से परेशान रहने के कारण उसने अंबाडीह निवासी अपने साढ़ू होरिल महतो एवं होरिल का दोस्त से मिलकर अंबाडीह निवासी मेघलाल महतो को 60 हजार रुपए सुपारी के रूप में देकर जोधन महतो की हत्या करवाया। बताया कि उक्त हत्याकांड में संलिप्त चार व्यक्तियों एवं प्रयुक्त लाठी,एक बाइक एवं पांच मोबाइल बरामद कर लिया है।बताया कि जघन्य हत्याकांड में संलिप्त अंबाडीह निवासी मेघलाल महतो घुठियागढ़हा निवासी जितेन्द्र महतो अंबाडीह निवासी होरिल महतो एवं मंगलूअहार निवासी तालेश्वर महतो उर्फ भगनू महतो को गिरफ्तार कर गिरिडीह जेल भेज दिया गया है। बताया कि मेघलाल महतो का इतिहास अपराधिक रहा है,वह डुमरी थाना कांड संख्या 73 तिथि 25-11-2011

बिरनी के चोंगाखार निवासी विनोद यादव नामक प्रवासी मजदूर की कोलकता में मौत

बीते 4 जनवरी को अचानक हुई तबीयत खराब, इलाज के दौरान हुई मौत

गिरिडीह। गिरिडीह जिला अंतर्गत बिरनी प्रखंड चोंगाखार निवासी 47 वर्षीय विनोद यादव नामक प्रवासी मजदूर की मौत कोलकत्ता में हो गई। बताया जाता है कि विनोद कोलकता में रहकर टैक्सी चलाते थे। बीते 4 जनवरी को अचानक तबियत खराब हो गया। इलाज के लिए उसे अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान विनोद यादव की मृत्यु हो गई। आज सुबह शव कलकत्ता से घर लाया गया। शव गांव आते ही मातम पसर गया। बिरनी के प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील वर्मा, बिरनी प्रमुख रामु बैठा, उपप्रमुख शेखर सुमन, भाकपा(माले) राज्य कमिटी सदस्य मुस्तकीम अंसारी, माले नेता अशरेष तुरी, पंचायत समिति सदस्य भीखन राय घटना की सूचना पाकर मृतक के घर पहुंचे। वहीं से प्रमुख रामू बैठा ने बगोदर के माननीय विधायक विनोद कुमार सिंह से दूरभाष पर बात की। विधायक ने प्रमुख को दूरभाष पर बताया कि सरकारी लाभ के तहत जो भी सुविधा जैसे आवास, पेंशन, बीमा सभी तरह का लाभ दिलाया जाएगा। वहीं भाकपा माले के नेतृत्व में आर्थिक सहयोग किया गया।

जन समस्याओं के लिए सरकार प्रशासन और प्रतिनिधि सभी दोषी

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह

16 जनवरी कॉमरेड महेंद्र सिंह शहादत दिवस की तैयारी के क्रम में जारी अभियान के दौरान जनता की विभिन्न तरह की समस्याएं भी सामने आ रही हैं। कहीं गरीबों की राशन चोरी, तो कहीं बिजली से जुड़ी समस्या। कहीं स्कूल में शिक्षक की कमी तो कहीं खतियान या भूदान तक की जमीन की लूट। कहीं विकास के नाम पर लूट मची है, तो कहीं ब्लॉक/अंचल में बिना पैसा कोई काम नहीं होने की परेशानी। उक्त बातें भाकपा माले नेता सह 'सिदो-कान्हू जन संघर्ष मंच' के संरक्षक राजेश यादव में महेंद्र सिंह शहादत दिवस की तैयारी को लेकर आज सदर प्रखंड के बदगुंदा-कोल्हरिया तथा पहाड़पुर-डुमरियाटांड़ में ग्रामीणों के साथ आयोजित बैठक में उनकी समस्याओं को जानने के उपरांत कही। उन्होंने कहा कि, इस तरह की समस्याओं के लिए सरकार, प्रशासन तथा जनता का वोट लेकर सरकार में शामिल उनके प्रतिनिधि जिम्मेवार हैं। उन्होंने कहा कि, बदगुंदा- कोल्हरिया में गरीबों को दो माह का राशन नहीं मिला है। जिस डीलर के पास इनका राशन वितरण के लिए दिया गया है वह पूर्व से ही वितरण में गड़बड़ी के लिए कुख्यात रहा है। इसलिए प्रशासन को राशन वितरण करने की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। कहा कि, दूसरी ओर पहाड़पुर-डुमरियाटांड़ के लोग गांव में बिजली आने के बाद 7 साल तक कभी बिजली बिल तो प्राप्त नहीं कर सके, लेकिन सीधा कई लोगों पर बकाया बिजली बिल और बिजली चोरी का केस जरूर कर दिया गया।

पुराने पुल के नहीं बनने से हो रही गिरिडीह के लोगों को परेशानी

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह

गिरिडीह से बेंगाबाद होकर मधुपुर देवघर जानेवाले पथ पर बरगंडा में अवस्थित पुराने पुल के अब तक पुनर्निर्माण नहीं हो पाने से यहां से होकर गुजरनेवाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है। ज्ञात हो कि इस पथ से लोग उक्त जगहों के अलावा बी एन एस डी ए वी स्कूल, गिरिडीह प्रखंड कार्यालय, महेशमुण्डा, गाँडेय आदि जगहों की ओर आते जाते थे। वर्ष 1997 में बाढ़ आने के कारण पानी इस पुल से उपर बहने लगा था। इसे देखने को पुल के दोनों ओर लोगों की भीड़ लग गई। इसी बीच गिरिडीह की ओर से एक बस आई। चालक ने तो अपने हाथ खड़े कर दिए पर उसके कंडक्टर ने बस को उसी पानी से होकर पार करने का प्रयास किया। इससे स्थिति ये हो गई कि पानी की तेज धार में बस पानी में बह गई। इसका नतीजा यह रहा कि उसमें सवार लगभग सभी 70 लोग काल के गाल में समा गए। किसी का शव एक किलोमीटर के बाद मिला तो किसी का 15 किलोमीटर के बाद पाया गया। इस घटना में पुल काफी क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद इसकी मरम्मत के बाद इसे किसी प्रकार से चालू कर दिया गया। इससे ये स्थिति पैदा हो गई कि किसी तरह से इस पर से होकर लोगों का आना जाना शुरू हो गया। इससे ये पुल जर्जर होकर रह गया। वर्ष 2017 में इसकी जर्जरता के कारण इस पर से होकर आवगमन बंद कर दिया गया। इससे होकर दो पहिया वाहन और पैदल यात्रियों का आना जाना लगा रहा। दो वर्ष पूर्व इसे तोड़कर आवागमन पूरी तरह से बंद कर दिया गया। इस पुल का निर्माण फिर से करने की बात कहीं गई। काफी आवाज उठाने के बाद इसका निर्माण कार्य शुरू किया गया पर कछुवा चाल से कार्य होने के कारण इसका काम अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। इस कारण स्थानीय लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

आंगनबाड़ी में नवजात शिशु की टीकाकरण के बाद हुई मौत

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह

तिसरी प्रखंड अंतर्गत नईटांड़ आंगनबाड़ी सेंटर में गुरुवार को नर्स के द्वारा डेढ़ माह के एक नवजात शिशु की टीकाकरण के बाद देर रात मौत होने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार द्वारा शिशु की मौत के पीछे संबंधित नर्स पर एक ही समय में चार सुई व दो बार ड्रॉप पिलाने का आरोप लगाया जा रहा है। प्रखंड के बेहरवाबाग गांव निवासी नूनमन राय व बच्चे की मां रीना देवी सहित तमाम परिजन इस घटना से मर्माहत हैं। मृतक शिशु की मां रीना देवी ने बताया कि बच्चा का टीकाकरण के लिए नईटांड़ आंगनबाड़ी केंद्र गई थी। केंद्र में नर्स कविता कृष्ण मूर्ति ने सेविका मीना देवी की उपस्थिति में गुरुवार एक बजे चार सुई और दो ड्रॉप पिलाई। उस समय बच्चा खूब रो रहा था। इसके बाद बच्चे ने हिचकी ली और और रात में उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही बच्चे के पिता जागेश्वर राय रांची से ससुराल बेहरवाबाग पहुंचा। उन्होंने मामले की जांच की मांग करते हुए कहा कि एक साथ चार सुई देने से ही बच्चे की मौत हुई है।बताया कि यह उनकी पहली संतान थी। इधर नर्स कविता कृष्ण मूर्ति ने टीकाकरण से मौत होने की बात को निराधार बताया है। कहा कि डेढ़ माह के चार बच्चे को एक जैसा टीकाकरण बीसीजी, ओपीवी, पेंटा दिया गया। साथ ही कई बच्चों का टीकाकरण भी किया गया। सहिया टीकाकरण के बाद शाम को हालचाल भी पूछी थी। उस समय तक बच्चा ठीक रहने की जानकारी मिली थी।

न्यूज बॉक्स

आगामी 16 जनवरी को शहादत दिवस को लेकर तैयारी जोरशोर से शुरू

गिरीडीह। बिरनी प्रखंड के पड़रिया पंचायत भवन में पंचायत स्तरीय 16 जनवरी शहीद कां0 महेंद्र सिंह के शहादत दिवस को लेकर अगुवा साथियों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में पड़रिया के दो नवजवान पार्टी के नये सदस्य राम विन्य यादव एवं, सचिन साव की आकस्मिक सड़क दुघर्टना में दुखद मौत हो गई थी। जिसका एक मिनट मौन धारन कर बैठक की शुरूआत की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि पुरे पंचायत में 8 जनवरी तक झंडा एवं आकर्षक दिवाल लेखन,तथा 8 जनवरी को रुपायडीह में ग्राम सभा, मुरैना में 10 जनवरी पड़रिया में 11 जनवरी , वृन्दा में 12 जनवरी को ग्राम सभा तथा 15 जनवरी को पुरे पंचायत में मोटर साइकिल जुलूस एवं शाम को मशाल जुलूस तथा इसी बिच कोष संग्रह कर लेने का निर्माण लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से भाकपा माले के प्रखंड सचिव कां सीताराम सिंह , प्रखंड कमिटी सदस्य राम सहाय यादव, पड़रिया मुखिया बिजय दास,सिंह गोबिंद साव, सन्तोष साव, बिरेन्दर साव, छत्रधारी ठाकुर, रामचंद्र दास, जगेश्वर महतो,मुकेश कुमार इत्यादि साथी उपस्थित थे।

शिक्षा विभाग में सुधार के लिए की जाएगी आवश्यक पहल : मुकेश कुमार

गिरिडीह। शुक्रवार को गांवा प्रखंड ग्राम पंचायत सदस्य संघ के द्वारा गांवा

प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को ज्ञापन सौपकर विभिन्न विद्यालयों में हो रहे गड़बड़ियां के निरीक्षण हेतु सहयोग का मांग किए हैं।उक्त संबंध में जानकारी देते हुए ग्राम पंचायत सदस्य के प्रखंड अध्यक्ष मुकेश कुमार ने कहा कि ग्रामीणों से शिक्षा विभाग के द्वारा प्रखंड भर के कई विद्यालय में कई प्रकार के गड़बड़िया की सूचना मिल रही है, जिन सभी मुद्दों को लेकर आज प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को ज्ञापन सौपा गया ताकि वहां ग्राम पंचायत सदस्य संघ के लोग निरीक्षण में जा सके। और सभी को विभाग के द्वारा सहयोग मिले वही प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी तितुलाल मंडल ने कहा कि हमलोग को भी काफी खुशी हो रही की आगे जनप्रतिनिधियों का सहयोग मिलेगा और सभी के सहयोग के लिए सभी विद्यालयों को निर्देशित किया जाएगा। मौके पर प्रखंड सचिव पूजा विश्वकर्मा विनोद यादव ग्राम पंचायत सदस्य रेशमा प्रवीण प्रीतम कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

चोरी गए सामान को पुलिस ने किया बरामद

गिरिडीह। बीते दिन कुछ चोरों ने महेंद्र कुमार अग्रवाल पिता स्वर्गीय शंकर लाल अग्रवाल ग्राम, थाना सरिया जिला गिरीडीह के अंकित आवेदन के आधार पर वादी के एफसीआई रोड सरिया स्थित बजरंग ट्रेडर्स नाम दुकान एवं गोदाम से करीब 35 बोरा मसूर दाल अरहर दाल एवं करीब 30 कार्टून सरसों तेल आजा चोरों के द्वारा चोरी कर लेने के आप में सरिया थाना कांड संख्या 05/2024 दि0-03-01-2024 धारा 461/379 भा0द0वि0 दर्ज कराया गया है। कांड के अनुसंधान एवं छापेमारी के क्रम में संदेही अभियुक्त सुधीर मंडल सा0 चंद्रमणि के घर से चोरी की गैस सामानों में से एक टीना सांवली सरसों तेल एवं एक तीन फॉर्च्यूनर रिफाइन तथा अप्रथ0 अभी0 नरेश मंडल के घर से एक बोरा ब्लैक मसूर दाल एवं अभियुक्त कुंभकरण मंडल के घर से एक बोरा ब्लैक मसूर दाल बरामद किया गया है। तथा प्राथमिक कि अभियुक्त अनीश कुमार मंडल के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर उनके निशान देही पर बगोदर साहू मोहल्ला स्थित कुंजीलाल साहू एवं उनके पुत्र गोविंद कुमार के दुकान से 1.07 बोरा ब्लैक मसूर दाल 2.01 बोरा चारमीनार अरहर दाल बरामद किया गया है तथा इस घटना में संलिप्ट 5 अप्रथम कि अभियुक्त को विद्युत गिरफ्तार कर लिया लिख हिरासत में भेजा गया है।

पार्किंग शुल्क के लिए इलेक्ट्रॉनिक स्लिप देंगे ठेकेदार

जमशेदपुर। जमशेदपुर के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने शुक्रवार को जेएनएसी पार्किंग कमिटी के साथ एक बैठक की. इस बैठक में इलेक्ट्रॉनिक स्लीप, ड्रेस कोड, आईडी कार्ड, पार्किंग समयावधि तथा अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई. इसके अलावा शहर में पार्किंग व्यवस्था को लेकर गहन विमर्श किया गया. उपायुक्त ने कहा कि शहर को अतिक्रमण मुक्त एवं यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए व्यवस्थित पार्किंग जरूरी है. उन्होने जेएनएसी के उप नगर आयुक्त को जल्द से जल्द पार्किंग टेंडर प्रक्रिया शुरू कराने के निर्देश दिए. बैठक में समिति ने पार्किंग शुल्क के लिए इलेक्ट्रॉनिक स्लिप देने पर चर्चा किया जिसमें बार कोड, क्यूआर कोड व सीरियल नंबर होंगे जिससे पार्किंग स्लिप को जांच करने में आसानी हो. पार्किंग के नाम पर कोई अनियमितता नहीं कर सके. साथ ही कम से कम 2 घंटे की वैधता के पश्चात अतिरिक्त घंटे के लिए अलग से शुल्क लेने पर विचार किया गया. इसके अलावा जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा पूरे दिन के पार्किंग अवधि के लिए भी पास जारी करने का सुझाव दिया गया. वहीं भीड़-भाड़ वाले स्थानों जहां पार्किंग से सुगम यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न हो सकती है वैसे स्थानों पर पूरे दिन के लिए पास नहीं जारी करने का निर्णय लिया गया. बैठक में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजीव रंजन, जेएनएसी के उप नगर आयुक्त रवि प्रकाश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, डीएसपी ट्रैफिक, ट्रैफिक थाना के प्रभारी समेत अन्य मौजूद रहे।

मजदूरों और विस्थापितों के हक को लेकर झाकोमयू का आंदोलन जारी

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह

स्थानीय सेल कर्मियों, ट्रक मालिकों, विस्थापितों और स्थानीय लोगों की मांगों को लेकर झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन ने सीसीएल गिरिडीह क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष धरना दिया। संघ के अध्यक्ष हरगौरी साहू और सचिव तेजलाल मंडल के नेतृत्व में शुरू हुए इस आंदोलन में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक सुदिव्य कुमार भी पहुंचे। यहां सभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि सीसीएल को कोयला उत्पादन करना चाहिए। कोलियरी के विकास से हमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन स्थानीय लोगों का वर्चस्व हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। अगर प्रबंधन ने मजदूरों, विस्थापितों और स्थानीय लोगों की मांगों को नजरअंदाज किया तो आंदोलन का रुख अपनाया जायेगा।

बैठक में सुलझ गया मामला : इस मामले को लेकर झाकोमयू सड़क जाम करने की तैयारी कर रही थी। हालांकि मामले की गंभीरता को देखते हुए जीएम बी चौधरी और परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार सिंह ने विधायक के साथ बैठक किया। बैठक में प्रबंधन ने गुणवत्तापूर्ण कोयले की डंपिंग समेत सभी मांगों पर सहमति जतायी, जिसके बाद आगे के आंदोलन को स्थगित करने की घोषणा की गई।

तिसरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

6 से 13 जनवरी तक होगा आयोजन थानसिंहडीह से होगी शुरूआत

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह

विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों को लेकर तिसरी प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में अधिकारियों, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार सिंह ने किया जबकि प्रखंड प्रमुख राजकुमार यादव, उपप्रमुख बैजू मरांडी, बीस सूत्री अध्यक्ष मो. मुन्नीबुद्दीन मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में 6 जनवरी से प्रारम्भ विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों के मद्देनजर पदाधिकारियों ने कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों से बातचीत की। बताया गया कि कार्यक्रम का आयोजन 6 जनवरी को थानसिंहडीह और लोकाय में किया जायेगा जिसमें सभी विभागों का स्टॉल लगाया जायेगा। 6 से 13 तक विभिन्न पंचायतों में यह कार्यक्रम चलेगा। कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी योजनाओं से मिले लाभ को लाभुकों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से बताना है। साथ ही बीडीओ ने स्वागत कार्यक्रम में झारखंडी कलाकृति का प्रदर्शन किए जाने की बात कही। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर संजय साहू, राजीव कुमार और राजेश मोदी को नोडल पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किया जायेगा। इस बैठक में जेएसएलपीएस के प्रतिनिधि नदारद दिखे।

बैठक में सो रहे थे पंचायत सचिव : वहीं इस बैठक में शामिल खटपोंक पंचायत के पंचायत सचिव प्रभु हाजरा पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों से नजरें चुराकर अपनी कुर्सी पर बैठे हुए नींद लेने में मशगुल थे। उनके बगल में बैठे एक कर्मचारी उन्हें बार - बार नींद से जगा रहे थे लेकिन पचांयत सचिव साहब तो सबकी निगाहों से बचते हुए बीच - बीच में झपकियां मार रहे थे।

आकाशवाणी का सर्वभाषा कवि सम्मेलन

युवा कवि गुणवत्ता के साथ तकनीक पर दें घ्यान

नवीन मेल संवाददाता। रांची

आकाशवाणी का सबसे ऐतिहासिक और प्रतिष्ठित कार्यक्रम सर्वभाषा कवि सम्मेलन आकाशवाणी रांची की ओर से शुक्रवार को रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में संपन्न हुआ। देश की राष्ट्रीय एकता को प्रतिबिंबित करने वाला यह कार्यक्रम जिसमें कश्मीर से केरल और मणिपुर से गुजरात तक के युवा कवियों ने अपनी भावप्रवण कविताएं पढ़ी और अनुवादक कवियों ने हिन्दी अनुवाद प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्घाटन आकाशवाणी की प्रधान महानिदेशक डॉ वसुधा गुप्ता और रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। स्वागत भाषण आकाशवाणी रांची के कार्यक्रम प्रमुख गौरव शिखर राय ने किया। अपने संबोधन में प्रधान महानिदेशक डॉ गुप्ता ने आकाशवाणी के कार्यक्रमों की गुणवत्ता में निरंतर सुधार पर बल दिया और युवाओं को अधिक जोड़ने पर बल दिया और नए समय के अनुसार और टेक्नोलॉजी के अधिक उपयोग पर बल दिया। सर्वभाषा कवि सम्मेलन की राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम का संपादित अंश गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 25 जनवरी रात्रि दस बजे प्रसारित होगा। धन्यवाद ज्ञापन आकाशवाणी के निदेशक अभियांत्रिकी डी सी हेम्ब्रम ने किया। आकाशवाणी दिल्ली के कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार एवं राम अवतार बैरवा सहयोग के लिए उपस्थित थे। कवियों की सूची विषयवार संलग्न है।

पतंजलि परिवार ने मनाया भारत स्वाभिमान न्यास का 29 वां स्थापना दिवस

गिरिडीह। पतंजलि परिवार गिरिडीह द्वारा भारत स्वाभिमान न्यास का 29 वां स्थापना दिवस बर्णवाल धर्मशाला, बरमसिया गिरिडीह में बड़ी धूमधाम से मनाया गया. भारत स्वाभिमान न्यास का स्थापना दिवस 5 जनवरी को पूरे भारतवर्ष में धूमधाम से मनाया जाता है। न्यास का योग , आयुर्वेद, स्वदेशी, निष्काम सेवा साधना एवं संघर्ष के 29 वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना दिवस मनाया गया. ये दिन पतंजलि परिवार केलिए काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। 5 जनवरी 1995 को दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट की स्थापना हुई थी।5 जनवरी 2009 को भारत स्वभिमान न्यास के नाम से रजिस्ट्रेशन हुआ।परम पूज्य स्वामी रामदेव जी और अचार्य बालकृष्ण जी के परम पुरुषार्थ से इसकी स्थापना हुई थी। योग, आयुर्वेद और स्वदेशी को बढ़ावा देने और जन जन तक लोगों को जागरूक कर इसका लाभ पहुंचाने हेतु इसका गठन किया गया था। जिसका लक्ष्य पूर्णरूपेण प्राप्त होते दिख रहा है।

पाथरगड़िया के ग्रामसभा में हंगामा, मुखिया की फजीहत

नवीन मेल संवाददाता। धनबाद

बाघमारा प्रखंड की पाथरगड़िया पंचायत में आयोजित ग्रामसभा में ग्रामीणों ने अबुआ आवास योजना में लाभुकों के चयन में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया. हंगामा करने वालों में ज्यादातर गरीब महिलाएं शामिल थीं. उनका आरोप था कि जांच करने वाले सरकारी नुमाइंदों ने उन्हें योजना के लाभ से वंचित कर दिया. जानकारी के अनुसार, पंचायत में अबुआ आवास के कुल 826 आवेदन आए थे. वीएलडब्ल्यू, पंचायत सचिव सुनीता कुमारी, पंचायत समिति सदस्य रेखा देवी व अन्य जिम्मेदारों ने जांच में महज 316 लाभुकों का चयन किया. बाकी आवेदन रद्द कर दिए गए. आरोप है कि लाभुकों के चयन में भारी अनियमितता बरती गई है. गड़बड़झाले के इस कारनामे को वैधानिक रूप देने और चयनित लाभुकों की सूची पारित कराने के लिए पंचायत सचिव जलेश्वर गोप व मुखिया नमिता देवी ने ग्रामसभा बुलाई थी. ग्रामसभा की घोषणा होते ही सैकड़ों ग्रामीण पंचायत सचिवालय पहुंचे और हंगामा करने लगे. महिलाओं ने मुखिया और पंचायत सचिव को घेरकर उनकी खूब फजीहत की. विधवा गंगा देवी, यमुना देवी, हेमामाला देवी, विनोद सिंह आदि ने अपना दुखड़ा सुनाया. बाघमारा बीडीओ डॉ सुषमा आनंद ने ग्रामीण को कार्रवाई का भरोसा दिया।

चुनावों को भी प्रभावित करेगा डीपफेक?

जिस तरह के मामले भारत के अलावा विश्व में देखने को आ रहे हैं उससे इस बात का डर हो उत्पन्न हो गया डीपफेक चुनावी वर्ष 2024 में बड़ी समस्या बनने वाला है। डीपफेक तैयार करने के लिए जिस तकनीक की जरूरत पड़ती है, वह आज न सिर्फ पहले की तुलना में आसानी से उपलब्ध है, बल्कि कम लागत या कीमत में भी उपलब्ध है। इसके लिए जेनरेटिव एआई या कृत्रिम मेधा का इस्तेमाल किया जाता है। जेनरेटिव एआई की सहायता से किसी भी शैली और किसी भी भाषा में ई-मेल लिखे जा सकते हैं। ऐसे में, इसकी कोई गारंटी नहीं कि सीएफओ की तरफ से आए ई-मेल वाकई उन्होंने ही लिखे हैं। ऐसे में, आश्चर्य नहीं कि सिलिकॉन वैली के अनेक लोग बगैर विराम चिह्नों के पोस्ट लिख रहे हैं- अभी तक यही एक तरीका दिख रहा है, जिससे पता चल सकता है कि इसमें एआई की मदद नहीं ली गई है।

इलेवनलैब्स जैसी वॉयस क्लोनिंग सर्विसेज इतनी पेशेवर हैं कि वे हू-ब-हू आवाजों की क्लोनिंग कर लेती हैं। आवाज को जांचने की तकनीक जल्दी ही बेकाम की हो जाएगी। वॉयस मेल विश्वसनीय नहीं है। अगर किसी आवाज की क्लोनिंग करा ली गई है, तो जो भी पाठ में चुना जाएगा, वह उसी ही आवाज में बोलेगा। इसका एक बड़ा खतरा है-गलत हाथों में चले जाने पर वह आवाज किसी बड़े नेता के स्वर में न जाने क्या-क्या बोल डाले। इस लिहाज से ऑडियो पर तो ध्यान रखना ही होगा, लेकिन डीपफेक वीडियो ज्यादा महत्वपूर्ण साबित होने जा रहे हैं।

लिखित सामग्री को जांचने का खतरा तो है ही, लेकिन 2024 में असली खतरा आवाज और वीडियो से होगा। इलेवनलैब्स जैसी वॉयस क्लोनिंग सर्विसेज इतनी पेशेवर हैं कि वे हू-ब-हू आवाजों की क्लोनिंग कर लेती हैं। आवाज को जांचने की तकनीक जल्दी ही बेकाम की हो जाएगी। वॉयस मेल विश्वसनीय नहीं है। अगर किसी आवाज की क्लोनिंग करा ली गई है, तो जो भी पाठ मैं चुना जाएगा, वह उसी ही आवाज में बोलेगा। इसका एक बड़ा खतरा है-गलत हाथों में चले जाने पर वह आवाज किसी बड़े नेता के स्वर में न जाने क्या-क्या बोल डाले।

इस लिहाज से ऑडियो पर तो ध्यान रखना ही होगा, लेकिन डीपफेक वीडियो ज्यादा महत्वपूर्ण साबित होने जा रहे हैं। वीडियो में दिख रहे व्यक्ति को उसकी ही आवाज में सुने जाने पर भ्रम पैदा होगा। जो उसने नहीं कहा, वीडियो में उसे भी कहते देखा जाएगा। जो उसने नहीं किया, वीडियो में वह करते भी उसे देखा जाएगा। ऐसे में, जाहिर है, गलतफहमी, असमंजस और भ्रम की स्थिति से नफरत पैदा होगी।भावनाओं पर आधारित भारतीय राजनीति के दांव पेंच में इसका बहुत ही बड़ा जोखिम है । इससे कॉरपोरेट जासूसी और भयादोहन को बल मिलेगा। वर्ष 2024 में दुनिया की आधी से अधिक आबादी चुनावों में हिस्सा लेगी। अमेरिका के अलावा भारत, इंडोनेशिया, मेक्सिको, रूस और ब्रिटेन सहित कई देशों में चुनाव होने वाले हैं। हर चुनाव में डीपफेक वीडियो बड़ी भूमिका निभाएंगे। मतदाताओं में व्याप्त भ्रम का असर चुनावी नतीजों पर भी पड़ सकता है। यूक्रेन और गाजा के मोर्चों पर डीपफेक वीडियोज पहले ही पहुंच चुके हैं, जिससे फैसले उन घटनाओं के आधार पर लिए जा रहे हैं, जो कभी घटी ही नहीं। चुनावी धोखाधड़ी, कॉरपोरेट ब्लैकमेलिंग, बाजारों को अपने हितों के अनुरूप चालित करने और डीपफेक के कारण साइबर सुरक्षा से जुड़े खतरे के मामले वर्ष 2024 में बढ़ेंगे। ऐसे में, यह चर्चा, चिंता और लड़ाई सतत बनी रहेगी कि कोई लिखित सामग्री, कोई तस्वीर, कोई ऑडियो क्लिप या कोई वीडियो असली है या फर्जी। इससे एक बड़ा खतरा यह भी है सच को भी लोग कहीं झूठ न मान लें।

इन दिनों

उत्तर प्रदेश सरकार, अच्छा है प्रोजेक्ट अलंकार

डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

योगी सरकार ने व्यवस्था में सुधार और विकास के नये आयाम बनाये हैं। इसमें शिक्षा व्यवस्था भी शामिल है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी शिक्षा क्षेत्र में योगी आदित्यनाथ के कार्यों का सराहना की है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के सरकारी विद्यालयों की स्थिति में बदलाव हुआ है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अन्य योजनाओं की तरह पीएमश्री योजना भी उत्तर प्रदेश में बहुत सफलतापूर्वक लागू होगी। प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उज्ज्वला योजना लागू की गई थी। यह योजना बलिया से शुरू की गई थी। हाल में प्रधानमंत्री मोदी अयोध्या में मीरा मांझी के घर गये। उन्हें दस करोड़ वां गैस कनेक्शन मिला है। उत्तर प्रदेश में केंद्र की योजनाओं को ठीक से लागू किया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य हुआ है। योगी आदित्यनाथ और धर्मेंद्र प्रधान ने लखनऊ में पीएमश्री स्कूलों के आधुनिकीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। चार सौ करोड़ से अधिक की धनराशि से आधुनिकीकरण का कार्य किया जायेगा। इसके साथ ही प्रोजेक्ट अलंकार के तहत माध्यमिक विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं के संतृप्तीकरण के लिए करीब साढ़े तीन सौ करोड़ की धनराशि हस्तांरित की गयी। उत्तर प्रदेश में माध्यमिक और बेसिक शिक्षा पर इतना ध्यान पहले कभी नहीं दिया गया। ऑपरेशन कायाकल्प योगी आदित्यनाथ की अभिनव योजना रही है। परिषदीय विद्यालयों में इंफ्रॉस्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए ऑपरेशन कायाकल्प के पहले चरण में किये गये प्रयासों में आशातीत सफलता मिली। इस अवधि में परिषदीय विद्यालयों के इंफ्रॉस्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए ग्यारह हजार करोड़ रुपये खर्च किये गये। बेसिक शिक्षा परिषद तथा माध्यमिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में एक लाख चौसठ हजार से अधिक शिक्षकों की भर्ती की गई है। बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में करीब साठ नये विद्यार्थियों का नामांकन हुआ। सितंबर तक प्राथमिक और उच्च

प्राथमिक विद्यालयों के करीब दो लाख चालीस हजार शिक्षकों को टैबलेट उपलब्ध कराये जायेंगे। शिक्षकों को ट्रेनिंग दी गई। टैबलेट में शासकीय कार्यक्रमों की योजनाओं के बारे में जागरुकता सामग्री प्री-लोडेड होगी। ऑपरेशन कायाकल्प के दूसरे चरण में इंफ्रॉस्ट्रक्चर के साथ शैक्षिक गुणवत्ता, पठन-पाठन का माहौल, तकनीकी दक्षता, डिजिटल लर्निंग और वोकेशनल शिक्षा की ओर बढ़ा जा रहा है। विद्यालयों में 'एट ग्रेड लर्निंग' की व्यवस्था हो रही है। मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों को प्रारम्भिक तौर पर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लिया जायेगा। सभी जनपदों में एक विद्यालय मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय के रूप में विकसित किया जायेगा। प्रोजेक्ट अलंकार के तहत माध्यमिक विद्यालयों के जीर्णोद्धार कार्य को तेजी से आगे बढ़ाया जायेगा। शासकीय के साथ-साथ वित्त पोषित अशासकीय विद्यालयों में सम्बन्धित प्रबन्ध तंत्र के सहयोग से जीर्णोद्धार होगा। नीति आयोग की रिपोर्ट में कहा गया कि उत्तर प्रदेश विकसित प्रदेश बनने की दिशा में अग्रसर है। छह वर्ष में साढ़े पांच करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ चुके हैं। लोग समर्थ और सक्षम बन रहे हैं। नीति आयोग के निर्धारित मानकों में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद शिक्षा के सभी स्तरों पर व्यापक सुधार हुआ है। राज्य में करीब साढ़े सात सौ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के क्रमिक उन्नयन तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों को प्री-प्राइमरी के रूप में विकसित करने का कार्य किया जा रहा है। बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को ड्रेस, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता-मोजा एवं स्टेशनरी क्रय के लिए धनराशि का डीबीटी के माध्यम से अन्तरण किया जाता है। योगी सरकार ने नकल विहीन परीक्षा सुनिश्चित की गई। इससे देश में उत्तर प्रदेश की शिक्षा का महत्व और सम्मान बढ़ा है। शिक्षा में किया गया निवेश कभी व्यर्थ नहीं जाता। शिक्षा देश और समाज के भविष्य को संवारने का माध्यम है। छह वर्ष पहले प्रदेश में मात्र बारह राजकीय मेडिकल कॉलेज थे। विगत छह वर्षों के प्रयास के बाद आज पैंतालीस जनपदों में सरकारी मेडिकल कॉलेज संचालित हैं। आज प्रदेश में बाइस राज्य विश्वविद्यालय व तीन केन्द्रीय विश्वविद्यालय संचालित हैं। छत्तीस निजी विश्वविद्यालय, दो एम्स हैं। दो आईआईटी व आईआईएम संचालित हैं। दो हजार से अधिक पॉलिटेक्निक व वोकेशनल इंस्टीट्यूट भी संचालित हैं। कुछ दिन बाद हर जिले में विश्वविद्यालय होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि था जब दुनिया कोरोना से त्रस्त थी, उस समय देश के लोगों को बचाने के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने नई शिक्षा नीति दी। प्रधानमंत्री ने शिक्षक दिवस के अवसर पर गत वर्ष पांच सितंबर को पीएम श्री योजना की घोषणा थी। योजना को तेजी से लागू किया जा रहा है। पीएम श्री योजना के तहत उत्तर प्रदेश में 1753 विद्यालय चयनित हुए हैं। पहले चरण में 928 विद्यालय में योजना को शुरू किया जा रहा है। इसके तहत पहली कक्षा से बारहवीं तक को आधुनिक किया जायेगा।**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

ऑपरेशन कायाकल्प योगी आदित्यनाथ की अभिनव योजना रही है। परिषदीय विद्यालयों में इंफ्रॉस्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए ऑपरेशन कायाकल्प के पहले चरण में किये गये प्रयासों में आशातीत सफलता मिली। इस अवधि में परिषदीय विद्यालयों के इंफ्रॉस्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए ग्यारह हजार करोड़ रुपये खर्च किये गये। बेसिक शिक्षा परिषद तथा माध्यमिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में एक लाख चौसठ हजार से अधिक शिक्षकों की भर्ती की गई है। बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में करीब साठ नये विद्यार्थियों का नामांकन हुआ।

आपकी बात

झारखंड का संपूर्ण अखबार नवीन मेल

देवेश कु. घोष

'इंडिया' स्तम्भ में पुलिस जगत के छिपे रोग के निदान की सटीक समीक्षा किसी अच्छे पैथोलोजिकल लैब के रिपोर्ट जैसा लगा। समाधान स्वरूप लिखा गया नुस्खा पुलिस बिरादरी को पुरुषार्थी बनाने में सहायक सिद्ध हो सकता है। पुलिस जगत की अद्यतन विवेचना प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों के लिए एक वातायन खोलकर समसामयिक ज्ञान अर्जन की उद्दीपना पैदा करता है। लाइफ जैकेट पहन समंदर में उतर देश के 'चौकीदार प्रधान सेवक' जनता में साहस ही पैदा नहीं कर रहे हैं, समुद्र तल से 'मुक्ता मणि' बटोरने का अभ्यास हो रहा है। हाल में ही क्षितिज को चीर कर तेजस की साहसिक यात्रा भी की थी। धरती पर व्यस्त क्षणों के बीच गुफा में ध्यान भी लगा लेते हैं। जल, नभ, वसुंधरा के पराक्रमी प्रधान मंत्री पर देश को गर्व है! समाचार मिला कि रांची का आर्यभट्ट सभागार देश की विभिन्न भाषाओं के वजनदार शब्दों निनादित हो रहा है। सर्व भाषा कवि सम्मेलन के आयोजक और ज्ञान संवाहक आकाशवाणी रांची को हृदय से धन्यवाद। आयुष्मान भारत योजना की विश्वसनीय छत्रप के नीचे राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान रांची में एरोटीक डिसेक्सन सर्जरी द्वारा सफल शास्त्रोपचार के लिए डॉ. विनीत महाजन एवं डॉ शिवप्रिय को प्रणाम। 40 मिनट तक रक्तप्रवाह रोक कर शल्य चिकित्सकों के दल ने अभूत पूर्व सूझ बूझ से जीवन प्रदान कर रिम्स के चिकित्सक और चिकित्सा सहायक भगवान की श्रेणी में आ गये। स्कूली बच्चों के शैक्षणिक भ्रमण के आयोजन का समाचार विद्यालय की कक्षाओं से बाहर उन्मुक्त वातावरण में सार्थक शिक्षण को मूर्तरूप दे रहे हैं। रांची में टैगोर हिल शैलानी बच्चों से गुंजायमान रहते पाये जाते हैं। यदि आयोजक, बस वहीं, श्री राम कृष्ण मिशन के भवन में स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर आधारित संग्रहालय भी छात्र छात्राओं को दिखा दें तो भ्रमण और सार्थक हो सकता है। पढ़ाई में रुचि रखने वाले छात्र विवेकानंद साहित्य विक्रय केंद्र से पुस्तकों की खरीददारी भी कर सकते हैं। निःशुल्क प्रवेश प्राप्त संग्रहालय वृहस्पतिवार को छोड़ कर अन्य दिनों में प्रातः आठ से बारह और अपराह्न चार से छः बजे तक खुला रहता है। जमीनी संस्कृति से जुड़े आदिवासी समाज द्वारा पूर्वजों की याद में किया जाने वाला 'हड़गरी पूजा' का आयोजन अभिभूत करता है। पूजा संबंधी समाचार पढ़ते हुए एक नये नाम का संकलन किया, 'बिरयानी' कच्छप। झारखंड मैथिली मंच सं संबन्धित एक समाचार म 'विद्यापति दलान' क उल्लेख बड्ड मीठ लागल।

- देवेश कुमार घोष, अवकाशप्राप्त प्राचार्य, डी ए वी कॉलेज मैनेजिंग कमिटी नई दिल्ली।

राजनीति

नये साल से उम्मीदें तो बहुत हैं मगर कई चुनौतियां भी सामने खड़ी हैं

ललित गर्ग

आजादी के अमृत काल में भी शिक्षा, चिकित्सा एवं पर्यावरण से जुड़ी चिन्ताओं का गहन बना रहना हमारी विकास यात्रा पर एक सवालिया निशान है। शिक्षा जगत से जुड़ी एक खबर सामने आई है, वह यह कि बढ़ती महंगाई और बदलते नियमों से विदेशों में पढ़ाई मुश्किल हुई है। नया साल प्रारंभ हो गया है तो हर बार की तरह इस बार भी नई उम्मीदें, नया विश्वास एवं नया धरातल लाया है। बीत गया एक और साल। नये की स्वीकृति के साथ पुराने को अलविदा कह देने की सामान्य सोच रही है। यह समझ देखी गयी है कि नयेपन के जादुई आकर्षण के जागते ही हम पुरानेपन को उतार फेंकना चाहते हैं। हमने बीते वर्ष में श्रेष्ठताओं की उपलब्धि पर सात्विक गर्व करने की अनेक स्थितियों को रचा है लेकिन हम सबके लिए और देश के लिए भी आने वाले वर्ष कुछ महत्वपूर्ण करणीय कार्य है। निश्चित ही नया साल हमेशा की तरह कुछ सवाल भी लेकर आया है। ऐसे सवाल जिनका हल निकाले बिना शायद हम संतुष्ट न हो पाएं और नये भारत-सशक्त भारत का सपना आधा-अधूरा ही कहा जायेगा। ऐसे नये-पुराने सवाल हर नये साल में सामने आते रहे हैं। कुछ सवालों को हल करने में हम सफल रहे, लेकिन कुछ सवाल हमेशा की तरह अनुत्तरित ही रह गये। सच तो यह है कि नई जिन्दगी की शुरूआत ही नया वर्ष है। यह पुरुषार्थ का सन्देश है, अधूरे रहे कामों एवं संकल्पों को पूरा करने का। इन क्षण जड़ताओं को तोड़कर मुक्त होती है हमारे विकास की उजली संभावनाएं। यह अच्छाइयों एवं अधूरे रहे कार्यों को पूरा करने की ओर मुड़ने की प्रेरणा है। अर्धशून्य ढर्रे की जीवनशैली एवं विकास योजनाओं को बदलने का बुजुर्गी सुझाव है। समस्या जब बहुत चिन्तनीय बन जाती है तो उसे बड़ी गंभीरता से नया मोड़ एवं रफ्तार देने की जरूरत है। शिक्षा, चिकित्सा एवं पर्यावरण से जुड़ी समस्याएं से जुड़े ऐसे ही अफसोस के अहसास हमारे लिये गंभीर होने चाहिए। आजादी के अमृत काल में भी शिक्षा, चिकित्सा एवं पर्यावरण से जुड़ी चिन्ताओं का गहन बना रहना हमारी विकास यात्रा पर एक सवालिया निशान है।

हमने बीते वर्ष में श्रेष्ठताओं की उपलब्धि पर सात्विक गर्व करने की अनेक स्थितियों को रचा है लेकिन हम सबके लिए और देश के लिए भी आने वाले वर्ष कुछ महत्वपूर्ण करणीय कार्य है।

बोधि वृक्ष

समुद्र मंथन की कथा

तभी से इन्द्र सहित तीनों लोक वृक्ष लता आदि के क्षीण हो जाने से श्रीहीन और नष्ट होने लगे। यज्ञों का होना बंद हो गया, तपस्वियों ने तप करना छोड़ दिया और लोगों की दान धर्म में रुचि नहीं रही। इस प्रकार त्रिलोकी के श्रीहीन और सामर्थ्यहीन हो जाने पर दैत्यों ने देवताओं पर चढ़ाई कर दी और दोनों पक्षों में घोर युद्ध ठना। अंत में दैत्यों द्वारा देवतालोग पराजित हुए। दैत्यों द्वारा पराजित होकर देवतागण ब्रह्माजी की शरण में गये। देवताओं से सारा वृत्तांत सुनकर ब्रह्माजी ने कहा - 'हे देवगण, तुमलोग भगवान विष्णु की शरण में जाओ वे अवश्य तुम्हारा मंगल करेंगे। 'सभी देवताओं से इस प्रकार कहकर ब्रह्माजी भी उनके साथ विष्णुलोक गये। वहाँ पहुँचकर सबने अनेकों प्रकार से भगवान विष्णु की स्तुति की। उनकी स्तुति से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने देवताओं से उनके आने का कारण पुछा। देवता बोले - 'हे विष्णो ! हम दैत्यों से परास्त होकर आपकी शरण में आये हैं। हे देव ! आप हम पर प्रसन्न होइए और अपने तेज से हमें सशक्त कीजिये। 'भगवान विष्णु बोले - ' हे देवगण! मैं तुम्हारे तेज को फिर बढ़ाऊंगा। तुमलोग इस समय मैं जो कुछ कहता हूँ वह करो। तुम दैत्यों के साथ सम्पूर्ण औषधियां लाकर क्षीरसागर में डालो और मंदराचल पर्वत को मथनी और नागराज वासुकि को नेती बनाकर उसे दैत्य और दानवों सहित मेरी सहायता से मथकर अमृत निकालो। तुमलोग साम-नीति का अवलम्बन लेकर दैत्यों से कहो कि 'इस काम में सहायता करने से आपलोग भी इसके फल में समान भाग पायेंगे। 'समुद्र मंथन से जो अमृत निकलेगा उसका पान करने से तुम सबल और अमर हो जाओगे। **(क्रमशः)**

फेसबुक वॉल से

Surendra Kishore
7 h ·

अयोध्या से बिहार का अटूट संबंध

तीनों प्रमुख चरणों में बिहार का योगदान

सुरेंद्र किशोर

1.-बिहार के मूल निवासी अभिराम दास ने सन 1949 में बाबरी ढांचे में रामलला की मूर्त्ति रखी थी।
उनके शिष्यों ने इस मामले में अभिराम दास की मदद की।
वे बिहार के मधुबनी जिले के मूल निवासी थे।
मधुबनी मिथिला में है।
मिथिला श्रीराम की ससुराल है।

2.-1989 में बिहार के ही कामेश्वर चैपाल ने राम मंदिर के शिलान्यास की पहली ईंट रखी थी।
चैपाल अयोध्या ट्रस्ट के सदस्य हैं और अनुसूचित जाति से आते हैं।
(उनकी जाति मैं जान बूझ कर लिख रहा हूं ताकि लोग जानें की यह सब ''मनुवादी अभियान'' नहीं है।)

3.- विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष डा.आर.एन.सिंह 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए पत्नी के साथ यजमान बनाए जाएंगे।
पद्मश्री से सम्मानित डा.सिंह बिहार में हड्डी रोग के सबसे बड़े चिकित्सक हैं।
----
5 जनवरी 24

256 · 34 comments 13 shares
Like · Comment · Send · Share

X- से

Babulal Marandi
@yourBabulal

पलामू सहित पूरे झारखंड में धड़ल्ले से शराब की निर्धारित क़ीमत से प्रति बोतल औसतन 10 से 30 रुपये अधिक वसूले जा रहे हैं।

हैरानी होती है कि, कई शिकायतें प्राप्त होने के बावजूद विभागीय अधिकारी, मंत्री - मुख्यमंत्री सब मौन हैं। दुकानदार बेबसी में 'ऑफिशियल खर्च' चुकाने की मजबूरी बताते हैं।

हेमंत जी, आखिर ये 'ऑफिशियल खर्च' क्या है?

लगता है साहिबगंज डीसी की तरह पूरे राज्य में ऑफिशियल खर्च से ही कुछ माननीयों और बाबुओं का गुजारा चल रहा है, तभी तो ये लोग अपने सरकारी वेतन को हाथ तक नहीं लगाते।

हेमंत सोरेन जनता का जेब काटकर अपना खर्चा निकालना बंद करिए। ये जनता है, पाई-पाई का हिसाब लेना जानती है!

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

हिट एंड रन... पहले व्यवस्था दुरुस्त हो, फिर सख्ती

ऋतुपर्ण दवे

यकीनन कानून में सुधार वक्त का तकाजा है। रही बात दुर्घटना करने वालों की पतासाजी की तो आजकल जगह-जगह सीसीटीवी लगे हैं। टोल नाके भी हैं। सबके साथ समन्वय बिठाकर भी आरोपित तक पहुंचा जा सकता है। जब बड़े-बड़े हाइवे और राजमार्गों पर अरबों रुपये खर्च होते सकते हैं तो क्या कुछ हजार और खर्च कर हर किलोमीटर पर सीसीटीवी नहीं जरूरी नहीं हो सकते? यकीनन तीसरी आंख और तकनीक की निगरानी से ड्राइवरों पर नकेल के साथ सुरक्षा भी दी जा सकती है, जिसका सभी पर मनोवैज्ञानिक असर पड़ेगा। जब व्यवस्था दुरुस्त हो जायेगी तो सख्त और प्रैक्टिकल कानूनों से भला कोई क्यों ऐतराज करेगा? सुकून की बात है कि ट्रांसपोर्टर्स की देशव्यापी हड़ताल खत्म हो गई। इससे भी अच्छी बात यह रही कि सरकार को जल्द समझ आ गया कि मामला हाथ से निकलता दिख रहा है। इधर देशभर के तमाम ट्रांसपोर्टर संगठनों को 'हिट ऐंड रन' मामले में सजा के नये प्रावधानों को लेकर न केवल काफी भ्रम था बल्कि खासकर ड्राइवरों की चिंता वाजिब थी। हो सकता है कि एकाएक सरकार के बैकफुट पर आने की वजह सामने आ रहे आम चुनाव हों? लेकिन कानून के सबसे ज्यादा असर से डरे ड्राइवरों का डर और भविष्य कि चिंता भी नकारी नहीं जा सकती है। कम तनख्वाह, गरीबी गुजारा और साधारण रहन-सहन के चलते भारत के समकक्ष माने जाने वाले देशों के मुकाबले हमारे प्राइवेट ड्राइवरों की हैसियत एक मजदूर से ज्यादा नहीं है। भारत में हर साल करीब साढ़े चार लाख सड़क दुर्घटनाओं में डेढ़ लाख मौतें होती हैं। जबकि हिट ऐंड रन से 25-30 हजार लोगों की जान चली जाती है। सच है कि दुर्घटना जानबूझकर कोई नहीं करता। लेकिन दुर्घटना के बाद ड्राइवर फरार हो जाते हैं, क्योंकि यदि रुकेगा तो आसपास इकट्ठी हुई भीड़ बिना गलती जाने खुद ही फैसला करने लगती है। अनेकों उदाहरण सामने हैं कि सड़क दुर्घटनाओं के बाद पकड़े गये ड्राइवर किस बुरी तरह पिटते हैं, उनकी मौत तक हो जाती है।

कम तनख्वाह, गरीबी, गुजारा और साधारण रहन-सहन के चलते भारत के समकक्ष माने जाने वाले देशों के मुकाबले हमारे प्राइवेट ड्राइवरों की हैसियत एक मजदूर से ज्यादा नहीं है।

टेक वर्ल्ड

10 उपयोगी टेक्नोलॉजी ट्रिक्स

आप अपने टाइपिंग कार्यों को तेज करने के लिए स्पीच-टू-टेक्स्ट फंक्शंस को भी नियोजित कर सकते हैं, जिससे टेक्स्ट इनपुट अधिक कुशल हो जायेगा। इन सरल लेकिन शक्तिशाली युक्तियों को अपनी दैनिक तकनीकी दिनचर्या में शामिल करने से कार्यों को सरल बनाने और उत्पादकता को बढ़ाकर आपके जीवन को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया जा सकता है। इन रणनीतियों को अपनाना हमारी तकनीक-संचालित दुनिया में अधिक सहज और तनाव-मुक्त अस्तित्व की दिशा में एक कदम है। नियमित ईमेल, आधिकारिक आमंत्रण और ग्राहक सेवा शिकायतें लिखने जैसे समय लेने वाले कामों के लिए चैटजीपीटी का उपयोग करना अंतिम तकनीकी चाल है जो उपभोक्ताओं को समय बचाने में मदद कर सकती है। भाषा प्रसंस्करण तकनीक भेजी गई तैयार सामग्री का उत्पादन कर सकती है जो व्याकरणिक रूप से सही और पढ़ने में आसान है। उपयोगकर्ताओं को केवल कुछ संदर्भ, उनकी पसंदीदा टोन और लेखन शैली, और किसी अन्य आवश्यक डेटा, जैसे दिनांक या नाम के साथ टूल पेश करने की आवश्यकता है।



2. लिखने के बजाय बोलकर लिखें और समय बचाएं

यदि आपके पास समय की कमी है या किसी चोट के कारण टाइप करने में परेशानी हो रही है तो वॉयस टाइपिंग टूल का उपयोग करें। यह Google Docs और Microsoft Word में उपलब्ध है। इस सुविधा को सक्षम करने के लिए बस होम मेनू से डिक्टेशन विकल्प चुनें या वर्ड में डिक्टेशन टूलबार तक पहुंचने के लिए विंडोज कुंजी + एच (Wifdows + H) दबाएं। **(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

...लाशें उठवा लो, पति और जेठ को लुढ़का कर आई हूं

हाथ में पिस्टल लेकर थाने पहुंची महिला, घबराकर कुर्सी से खड़े हो गए पुलिसवाले

एजेंसी। उज्जैन

मध्य प्रदेश के उज्जैन में प्रॉपर्टी विवाद को लेकर एक महिला ने अपने पति और जेठ की गोली मारकर हत्या कर दी और फिर अपराध में इस्तेमाल पिस्टल के साथ थाने जाकर सरेंडर कर दिया। आरोपी महिला ने यह कहते हुए सरेंडर किया कि पति और जेठ को लुढ़का कर आई हूं, दोनों की लाश उठवा लो। हाथ में पिस्टल पकड़े हुए महिला के मुंह से यह शब्द सुनते ही पुलिसकर्मी अपनी-अपनी कुर्सी से खड़े हो गए। घटना उज्जैन जिला मुख्यालय से करीब 25 किलोमीटर दूर इंगोरिया गांव में हुई और मृतकों की पहचान



आरोपी सविता के पति राधेश्याम (41) और उसके जेठ दिनेश (47) के रूप में हुई है। इंगोरिया थाना प्रभारी चंद्रिका सिंह यादव ने बताया, राधेश्याम की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि दिनेश ने बड़नगर अस्पताल में गोली लगने से दम तोड़ दिया। इसके बाद आरोपी ने पिस्तौल के साथ सरेंडर कर दिया। महिला ने पहले अपने पति और फिर अपने जेठ को गोली मारी। सविता (35) एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता है। शुरूआती जांच में यह मामला संपत्ति विवाद का नतीजा बताया जा रहा है।

5 करोड़ की जमीन का विवाद

इस मामले में आरोपी महिला ने पुलिस को बताया कि फोरलेन हाइवे पर उसकी 5 करोड़ रुपए कीमती जमीन को जेठ दिनेश हथियाना चाहता था। इसी के चलते पति राधेश्याम को नशा कराता था. जेठ के बहकावे में आकर पति भी आए दिन मारपीट करता था। सोमवार सुबह सुबह पति गाली दे रहा था, इसके चलते गुस्से में आकर बिस्तर के नीचे से पिस्टल निकाली। पहले जेठ को गोली मारी और फिर पति को मौत के घाट उतार दिया। महिला ने रोज रोज की मारपीट और हिंसा से तंग आकर यह कदम उठाने का दावा किया। उसका कहना था कि 2 बेटियों और एक बेटे के भविष्य की खातिर उसने इस वारदात को अंजाम दिया।

कोलकाता आएंगे पीयूष गोयल, जूट उद्योग की समस्याओं का होगा समाधान

एजेंसी। कोलकाता

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 06 जनवरी को एक सरकारी कार्यालय भवन परिसर का उद्घाटन करने तथा जूट मिल एवं चाय बोर्ड के प्रतिनिधियों से मिलने के लिए कोलकाता आने वाले हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 'पटसन भवन' का उद्घाटन करने के लिए यहां आने वाले हैं। इस भवन में जूट आयुक्त का कार्यालय और भारतीय जूट निगम व राष्ट्रीय जूट बोर्ड का मुख्यालय होगा। तीनों संस्थाएं उनके मंत्रालय के अंतर्गत आती हैं। कार्यक्रम के अनुसार, भवन का उद्घाटन करने के बाद मंत्री के जूट मिलों और चाय बोर्ड के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की उम्मीद है। दोनों बैठक न्यू टाउन के एक होटल में होगी।

सूत्रों ने बताया कि प्रस्तावित बैठक के दौरान मिलों के प्रतिनिधि सरकार द्वारा खरीदे गए जूट उत्पादों के मूल्य निर्धारण पर टैरिफ आयोग की सिफारिशें लागू करने की मांग कर सकते हैं। मंत्री का उसी दिन पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में भी शामिल होने का कार्यक्रम है। कोलकाता के पूर्वी छोर पर राजारहाट, न्यू टाउन स्थित 'पटसन भवन' एक बहुमंजिला इमारत है जिसका निर्माण लगभग 70 करोड़ की लागत से किया गया है।

एक नजर

पीएम ने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता को दी जन्मदिन की बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर अपने शुभकामना संदेश में लिखा, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता दीदी को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं। उनके लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करता हूं।

जॉर्डन में फंसे बिहारी मजदूरों ने वतन वापसी की लगाई गुहार

पटना। बिहार के मजदूरों के साथ अन्याय का एक वीडियो शुक्रवार को तेजी वायरल हो रहा है। बिहार के सीतामढ़ी जिले के रहने वाले पांच मजदूर जॉर्डन में फंसे हुए हैं। काम कराने के बाद कंपनी ने सभी को एक पैसा नहीं दिया है। अब सभी भारत लौटना चाहते है। सभी ने केन्द्र और राज्य सरकार से उन्हें जॉर्डन से वापस लाने की गुहार लगाई है। सीतामढ़ी के मजदूरों ने जॉर्डन से एक वीडियो भेजा है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें मजदूर रोते हुए वतन लौटने की इच्छा जता रहा है। मजदूर यह कह रहा है कि हम लोग यहां भूखे मर रहे हैं...कोई पूछने तक नहीं आता है। कंपनी का मालिक भी हाल देखने नहीं आता है। हर रोज रोड पर आकर खड़े हो जाते हैं। ना खाना मिलता है और ना पीने के लिए पानी ही मिलता है। हम लोगों को भारत बुलाने की कोशिश की जाए सर। हाथ जोड़कर विनती कर रहे हैं सरकार हमलोगों की मदद की जाए। घर जाने के लिए तड़प रहे हैं। हमलोगों को यहां कोई देखने वाला नहीं है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज सिक्किम दौरे पर

गंगटोक। केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामले की मंत्री निर्मला सीतारमण शनिवार को तीन दिवसीय दौरे पर सिक्किम पहुंच रही हैं। सिक्किम प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्री सीतारमण गंगटोक के मनन केंद्र में आयोजित होने वाले क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में भाग लेंगी। वह पूर्वी सिक्किम में भारत-चीन सीमा पर स्थित गांव कुपुप का दौरा करेंगी। केंद्रीय वित्त मंत्री 8 जनवरी को सिक्किम से नई दिल्ली लौटेंगी।

बिहार में लोस सीट बंटवारे से रास और विधान परिषद की सीटों पर पड़ेगा असर

एजेंसी। पटना

इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव में अभी से सीट बंटवारे को लेकर गहमागहमी बनी हुई है। सभी दल अपने फायदे को लेकर दावेदारी पेश कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि इंडिया गठबंधन में शामिल दलों में सीट बंटवारे को लेकर शीर्ष नेताओं के बीच बातचीत चल रही है। ऐसे में कहा जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे को लेकर राज्यसभा और विधान परिषद की इस साल होने वाली खाली सीटें भी अपनी भूमिका निभायेगी। बताया जाता है कि इस साल अप्रैल में प्रदेश की छह राज्यसभा सीटें खाली होने वाली है। जबकि, मई में विधान परिषद की 11 सीटें रिक्त होगी। लोकसभा सीटों के बंटवारे में इन रिक्त सीटों का महत्व बढ़ा

है। माना जा रहा है कि बिहार में इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे में पेंच फंसता देख इन रिक्त सीटों पर समीकरण बैठाया जा सकता है। ऐसे में विधायकों की संख्या देखते हुए राज्यसभा में जदयू को अपनी दो सीटें और कांग्रेस को अपनी एक सीटें बचाने के लिए सहयोगी दलों की जरूरत पड़ेगी।

राज्यसभा के जिन मौजूदा सदस्यों का कार्यकाल अप्रैल महीने में समाप्त हो जायेगा, उनमें भाजपा के नेता सुशील कुमार मोदी, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह, जदयू के अनिल हेगड़े और वशिष्ठ नारायण सिंह तथा राजद के अशफाक करीम एवं मनोज कुमार झा के नाम हैं।

चुनाव के पूर्व शराबबंदी कानून की विफलता की तोड़ खोजने में जुटी नीतीश सरकार

एजेंसी। पटना

बिहार में शराबबंदी कानून को विफल बताकर सरकार पर विपक्ष लगातार निशाना साधती रही है। इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव में विपक्ष इस मुद्दे को हथियार के रूप में इस्तेमाल नहीं करे, इससे सचेत नीतीश कुमार की सरकार पहले से ही इसकी तोड़ खोजने में जुटी है।नीतीश सरकार शराबबंदी कानून की सफलता को लेकर पूरे प्रदेश में एक सर्वे कराने जा रही है।

सरकार इस सर्वे के जरिए शराबबंदी के फायदे और लोग इसे लेकर क्या सोचते हैं, जानने की कोशिश करेगी। बिहार के विपक्षी दलों की ओर से लगातार शराबबंदी को लेकर सवाल उठाए जाते रहे हैं। आरोप लगाया जाता है कि राज्य में शराबबंदी फेल है और जहरीली शराब पीकर गरीब जनता मर रही है।

भाजपा जहां इसकी समीक्षा की मांग करती रही है। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने शराब पर गुजरात मॉडल लागू करने की मांग की है। बिहार के मद्य निषेध एवं निबंधन मंत्री सुनील कुमार ने शराबबंदी सर्वे को लेकर कहा कि एजेंसी का चयन किया जा रहा है। चयनित एजेंसी से राज्य भर में डिटेल सर्वे कराया जाएगा। मंत्री ने कहा कि सर्वे विस्तृत हो, इसके लिए अनुभवी एजेंसी की तलाश की जा रही है।

मोदी के नेतृत्व में हम कर्नाटक में कांग्रेस युग का अंत देखने के लिए प्रतिबद्ध : देवेगौड़ा

बेंगलुरु। पूर्व प्रधानमंत्री और जद (एस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एचडी देवेगौड़ा ने शुक्रवार को कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनकी पार्टी कर्नाटक में कांग्रेस युग का अंत देखने के लिए प्रतिबद्ध है। देवेगौड़ा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कर्नाटक सरकार द्वारा हिंदू कार्यकताओं के खिलाफ की जा रही कार्रवाई पर एक सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि वे एनडीए को हराने और राज्य में संसदीय चुनाव में 20 सीटें जीतने के सपने के साथ यह सब कर रहे हैं। देवेगौड़ा ने कहा, एक तरफ, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी श्री राम का नाम जप रहे हैं। वह व्रत रख रहे हैं और सरयू नदी में स्नान कर रहे हैं। यहां सीएम सिद्धारमैया, जिन्हें कांग्रेस अपना राम मानती है, के नाम पर लोकसभा की 20 सीटें जीतना चाहती है। यह एक सपना ही रहेगा।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नड्डा करेंगे मोर्चा के अध्यक्षों और नए प्रभारियों के साथ बैठक

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सभी सात मोर्चों के प्रभारी बदले जाने के बाद अब इनके पदाधिकारियों की बैठक शनिवार को होने जा रही है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सभी मोर्चों के अध्यक्षों और प्रभारियों की इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इसके साथ हर महीने होने वाली राष्ट्रीय महासचिवों की बैठक भी आयोजित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि भाजपा अध्यक्ष ने पदाधिकारियों की नियुक्ति की है, जिसमें राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल को युवा मोर्चा का प्रभारी बनाया गया है जबकि पार्टी उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा को महिला मोर्चा का प्रभारी बनाया गया है। राष्ट्रीय महासचिव बंडी संजय कुमार को किसान मोर्चा, तरुण चुग को अनुसूचित जाति मोर्चा, डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल को अनुसूचित जनजाति, विनोद तावड़े को ओबीसी मोर्चा और अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम को बनाया गया है। पहले ओबीसी मोर्चा के प्रभारी अरुण सिंह थे।

एनसीसी कैडेट युवाओं के लिए रोल मॉडल : उपराष्ट्रपति



नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मकता की ओर मोड़कर युवा विकास और राष्ट्रीय प्रगति के एक नए युग की शुरूआत करने के लिए एनसीसी की सराहना की। उपराष्ट्रपति ने एनसीसी कैडेटों को भारत के उत्थान में महत्वपूर्ण हितधारक बताते हुए कहा कि वे देश के युवाओं के लिए रोल मॉडल हैं। धनखड़ ने शुक्रवार को नई दिल्ली में एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर-2024 के उद्घाटन के दौरान सभा को संबोधित करते हुए एनसीसी कैडेट के रूप में अपने दिनों को याद करते हुए कहा कि कैडेट भावना शाश्वत और स्थायी है। उपराष्ट्रपति ने कैडेटों से गरिमा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने का आग्रह करते हुए 2047 तक भारत को वास्तव में विकसित राष्ट्र और विश्व नेता बनाने के लिए उत्साह, वीरता और समर्पण के साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

उत्तर भारत शीतलहर की चपेट में, अगले तीन दिनों तक ठंड से राहत नहीं

नई दिल्ली। उत्तर भारत इन दिनों शीतलहर की चपेट में है। इन क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान 4 से 7 डिग्री के बीच दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले तीन दिनों तक उत्तर भारत के राज्यों में कड़ाके की ठंड जारी रहेगी। इन राज्यों में घने कोहरे से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी उत्तर प्रदेश में अति घना कोहरा दर्ज किया गया। इसके साथ दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, पश्चिमी, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, राजस्थान में घना कोहरा दर्ज किया गया। यहां विजिबिलिटी 50 मीटर से लेकर 200 मीटर देखने को मिली। वहीं, दक्षिणी राज्यों में भारी बारिश दर्ज की गई। केरल और तमिलनाडु में भारी वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों तक उत्तर भारत के कई इलाकों में न्यूनतम तापमान 6 डिग्री से नीचे बना रहेगा। सोमवार से स्थिति में थोड़ा सुधार होने की संभावना है।

एसटीएफ ने मुठभेड़ में माफिया विनोद उपाध्याय को किया ढेर, सिर पर था एक लाख का इनाम

लखनऊ। यूपी एसटीएफ ने गोरखपुर के कुख्यात माफिया विनोद उपाध्याय को मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। बताया जा रहा है कि गुरुवार की रात सुल्तानपुर में एसटीफ और माफिया के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई, जिसमें पुलिस की जवाबी कार्रवाई में माफिया ढेर हो गया। विनोद उपाध्याय के सिर गोरखपुर पुलिस ने एक लाख रुपये इनाम की घोषणा की थी। पुलिस को उसकी जमीन कब्जाने, हत्या और हत्या के प्रयास समेत कई मामलों में तलाश थी। विनोद उपाध्याय पुत्र रामकुमार उपाध्याय मूल रूप से मयाबाजार थाना महाराजगंज, अयोध्या का रहने वाला था। अपराध की दुनिया का बड़ा नाम और उत्तर प्रदेश के टॉप 61 माफिया की सूची में शामिल माफिया विनोद कुमार उपाध्याय पर एडीजी जोन गोरखपुर ने एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। गुरुवार की रात बदमाश विनोद उपाध्याय और एसटीएफ के मध्य सुल्तानपुर के थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में मुठभेड़ हो गई। जिसमें विनोद उपाध्याय गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया।

खरगे से मुलाकात के बाद शर्मिला ने कहा

कोई भी जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं

एजेंसी। नई दिल्ली

वाईएसआर तेलंगाना पार्टी के कांग्रेस में विलय के एक दिन बाद, वाई एस शर्मिला ने शुक्रवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से उनके आवास पर मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने कहा कि कांग्रेस उन्हें जो भी जिम्मेदारी देगी, वह लेने को तैयार हैं। शर्मिला ने पत्रकारों से कहा कि कांग्रेस पार्टी उन्हें जिम्मेदारी देने पर विचार कर रही है, जिस पर उन्होंने मल्लिकार्जुन खड़गे से चर्चा की है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी की बहन और पूर्व मुख्यमंत्री वाई एस राजशेखर रेड्डी की बेटी शर्मिला ने कहा, जैसा कि मैंने पहले भी कहा है कि मुझे जो कोई भी जिम्मेदारी दी जाएगी, मैं उसे लेने के लिए तैयार हूं। बाद में उन्होंने अपने एक्स अकाउंट से पोस्ट करते हुए लिखा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलकर खुशी हुई। आगे बढ़ने और विभिन्न मोर्चों पर पार्टी को मजबूत करने के बारे में उनका मार्गदर्शन लिया। आगे और नया क्या होगा, इसके लिए उत्साहित हूं। शर्मिला ने उन्हें दी जाने वाली जिम्मेदारी पर चर्चा के लिए एआईसीसी महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल से भी मुलाकात की। उन्हें उम्मीद है कि उनकी जिम्मेदारी पर एक या दो दिन में स्थिति साफ हो जाएगी। गुरुवार को राहुल गांधी और अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में मल्लिकार्जुन खरगे ने शर्मिला को पार्टी में शामिल किया था।

ईडी टीम पर हमला करने वालों में रोहिंग्या भी शामिल

एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) सुवेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि अवैध रोहिंग्या घुसपैठिए उन गुंडों का हिस्सा थे, जिन्होंने ईडी टीम और सीएपीएफ कर्मियों पर हमला किया था।

एलओपी ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से गृह मंत्री अमित शाह को पूरे प्रकरण के बारे में सूचित किया है और उनसे हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निसिथ प्रामाणिक ने भी हमले की निंदा की है। मैंने सुना है कि कार्यक्रम को कवर कर रहे कई मीडियाकर्मियों पर भी हमला किया गया, जबकि कुछ मीडियाकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। प्रमाणिक ने सवाल किया, पश्चिम बंगाल में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति कहां है?

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सौम्या आइच रॉय ने भी हमले की निंदा करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, जो राज्य पुलिस विभाग की प्रभारी मंत्री भी हैं, को हमले की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। टीएमसी के राज्यसभा सदस्य संतंतु सेन ने कहा कि संदेशखाली की घटना टीएमसी नेताओं और कार्यकताओं को निशाना बनाने के खिलाफ चुनिंदा केंद्रीय एजेंसी की कार्रवाइयों से उपजे उकसावे का नतीजा है। उन्होंने कहा,राज्य भाजपा नेता जो सोशल मीडिया पर बहुत मुखर हैं और पश्चिम बंगाल में केंद्रीय एजेंसी की कार्रवाइयों के पक्ष में हैं, वे खुद बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार में शामिल हैं। लेकिन मैं मीडियाकर्मियों पर हमले की निंदा करता हूं।

आज घायल हुए हैं... कल हो सकती है हत्या : अधीर रंजन

बंगाल में ईडी की टीम पर हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने कहा, इस हमले से जगजाहिर है कि बंगाल में कानून व्यवस्था का क्या हाल है... आज तो एऊ ऑफिसर्स घायल हुए हैं... कल को खून भी हो सकता है... और अगर ऐसा होता है तो मेरे लिए कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी। ईडी को अपने साथ और सुरक्षा बल लेकर चलना चाहिए।

धर्म से राजनीति चलती है, राजनीति से धर्म नहीं राम पर राजनीति करना मूर्खता : धीरेंद्र शास्त्री

एजेंसी। छतरपुर

श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर जारी सियासत के बीच प्रसिद्ध कथावाचक बागेश्वरधाम के महंत पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि भगवान श्रीराम राजनीति का विषय नहीं हैं। राजनीति धर्म से चलती है। धर्म राजनीति से नहीं चलता। राम की नीति है, जो गरिमा, एकता और शांति है। ऐसे में कोई रोटियां सेक रहा है तो यह मूर्खता है। पं. धीरेन्द्र शास्त्री शुक्रवार को नोएडा में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर राममंदिर का श्रेय लेने का दावा करने वाले राजनीतिक दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भगवान राम

सबके हैं। जातिवाद के लिए राम मंदिर नहीं बन रहा। शबरी का मंदिर बन रहा, निषादराज का भी मंदिर बन रहा है तो क्या ये जातिवाद के लिए बन रहा है? जातिवाद के लिए मंदिर नहीं है, अपितु सभी रामभक्तों की आस्था के लिए मंदिर बन रहा है। उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रण को लेकर कहा कि वे अयोध्या जाने को लेकर अति उत्साहित हैं। राममंदिर आजतक की समस्त सनातनियों की सबसे बड़ी विजय है। यह उत्सव दीपावली से बहुत ज्यादा खास है। निश्चित ही कोई अभागा होगा, जिसको इस दिन का इंतजार न हो। केवल भारतीयों को नहीं, दुनियाभर में रहने वाले भारतवंशियों को इस दिन का बेसब्री से इंतजार है। इस दौरान उनसे ज्ञानवापी और मथुरा जन्मभूमि के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं है। यह साबित हो गया है कि ज्ञानवापी में भगवान शिव हैं और कृष्ण जन्मभूमि कन्हैया की है। इन मामलों में राय की कोई जरूरत नहीं है, भारत का एक कानून और सुप्रीम कोर्ट है। फिलहाल एएसआई की रिपोर्ट से यहां सनातन का मंदिर होने का प्रमाण मिलता है। पंडित धीरेन्द्र शास्त्री ने इस दौरान ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) चीफ असदुद्दीन ओवैसी पर उनकी हालिया टिप्पणी को लेकर भी निशाना साधा और कहा कि यह ओवैसी के डर को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हम मस्जिदों पर मंदिर नहीं बनाना चाहते, बल्कि मंदिरों का पुनर्निर्माण करना चाहते हैं। अगर उन्हें यह डर है तो मैं कामना करता हूं कि यह डर उनके अंदर बना रहे। दरअसल, ओवैसी ने गत दिनों मुस्लिम युवाओं से भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे कामों पर नजर रखने की अपील करते हुए कहा था कि देश में मस्जिदें आबाद रहनी चाहिए। हमने अपनी मस्जिद खो दी है और आप देख रहे हैं कि वहां क्या किया जा रहा है।

क्षेत्रीय भाषाएं आठवीं अनुसूची में हो शामिल : डॉ लंबोदर महतो

नवीनमेल संवाददाता। गोमिया

गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने आज रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय में पंजीयन कार्यालय का उद्घाटन किया। यह कार्यालय आगामी 11 फरवरी को जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के पूर्ववर्ती छात्रों के होने वाले सम्मेलन को लेकर खोला गया है। उन्होंने कहा कि यह क्षण हमारे लिए अद्भुत एवं अकल्पनीय है कि जिस विश्वविद्यालय से हमने पीएचडी किया। उसी विश्वविद्यालय के कार्यक्रम का मुख्य अतिथि होना बहुत ही सुखद अनुभव है। कहा कि जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा की पढ़ाई वर्ग एक से लेकर स्नातकोत्तर तक होनी चाहिए। इसको लेकर शिक्षकों की बहाली

हो। उन्होंने संथाली भाषा की तरह सभी नौ मुंडारी , हो, कुरूख, खड़िया, नागपुरी, कुरमाली, खोरठा व पंचपरगनिया भाषा को संविधान की आठवीं सूची में शामिल करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन सभी विषयों को सभी विषयों को सदन के अंदर व बाहर उठाता रहा हूं। इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ हरि उरांव, डॉ उमेश नंद तिवारी, डॉ सविता केशरी, डॉ मेरी एस सोरेंग , डॉ गीता कुमारी सिंह, माया मुंडा, कुमारी शशि आदि थे।

पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने के लिए शीर्ष तीन में बनाना होगा स्थान

भारतीय महिला हॉकी टीम व प्रशंसकों में देखा जा रहा भारी उत्साह

एजेंसी। रांची

एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची के शुरू होने में केवल एक सप्ताह बचा है, जिसे लेकर हॉकी प्रशंसकों के बीच उत्साह काफी बढ़ गया है क्योंकि भारतीय महिला टीम पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों के लिए जगह पक्की करने के लिए शीर्ष 3 में स्थान बनाने की होड़ में है। मैदान में मौजूद टीमों में मौजूदा विश्व नंबर 5 जर्मनी, पूर्व एशियाई खेलों के चैंपियन जापान, चिली और चेक गणराज्य को पूल ए में रखा गया है जबकि, मेजबान भारत को संयुक्त राज्य अमेरिका, न्यूजीलैंड और इटली के साथ पूल बी में रखा गया है। मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ स्थल गतिविधियों से भरा हुआ है, जिसमें भाग लेने वाली टीमें शहर में आ रही हैं और उस मैदान पर अपनी क्षमता का परीक्षण कर रही हैं, जिसने हाल ही में महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी की थी। जहां सविता के नेतृत्व वाले भारतीय टीम ने शीर्ष स्थान हासिल किया। उस जीत से मिले आत्मविश्वास को आगे बढ़ाते हुए भारत करो या मरो वाले टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। कप्तान सविता ने टीम की तैयारियों पर कहा, टीम प्रेरित है, खासकर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद। हमारी तैयारी बहुत अच्छी रही है और टीम में ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं जो अतीत में ओलंपिक क्वालीफायर खेल चुके हैं और अच्छी तरह से समझते हैं कि इसके लिए आवश्यक प्रदर्शन का स्तर क्या है।यह हमारे लिए करो या मरो की लड़ाई है और हम हर चुनौती के लिए तैयार हैं। वहीं उप कप्तान निक्की प्रधान, जो झारखंड से हैं। उन्होंने कहा, टीम का हर सदस्य ओलंपिक खेलों में भाग लेना चाहता है। न केवल टीम के सदस्यों के बीच बल्कि झारखंड के हॉकी प्रशंसकों के बीच भी बहुत उत्साह है और मुझे यकीन है कि वे हमारे लिए अपना समर्थन दिखाने के लिए बड़ी संख्या में आएंगे। भारतीय टीम अपने शुरूआती मैच में 13 जनवरी को संयुक्त राज्य अमेरिका से भिड़ेगी। फिर, 14 जनवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच खेलेगी। उसके बाद टीम को एक दिन का रेस्ट मिलेगा। इसके बाद भारत 16 जनवरी को इटली से खेलेगी। जबकि सेमीफाइनल और फाइनल मैच 18 जनवरी और 19 जनवरी को निर्धारित हैं। टूर्नामेंट की शीर्ष 3 टीमें पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए अपना टिकट अर्जित करेंगी।

भारत और अमेरिका के बीच 12 जनवरी को पहला मुकाबला

रांची। वैश्विक स्तर पर होने वाले तीन ओलंपिक क्वालीफायर में से एक का आयोजन झारखंड में होगा। एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालिफायर स्पर्धा 13 से 19 जनवरी तक झारखंड की राजधानी रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में होगा। इसके लिए झारखंड एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालिफायर की मेजबानी के लिए तैयार है। एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालिफायर के अपने अपने मैच में भाग लेने के लिए इंडिया, इटली और यूएसए की महिला हॉकी टीम रांची पहुंच चुकी है।

भारत और अमेरिका के बीच पहला मुकाबला : झारखंड में आयोजित एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालिफायर का पहला मैच 13 जनवरी को भारत और अमेरिका के बीच खेला जाएगा। 14 जनवरी को दूसरा मैच अमेरिका और इटली के बीच एवं 16 जनवरी को तीसरा मैच भारत और इटली के बीच होगा।

भारत पूल बी में : टीमों के प्रदर्शन के आधार पर पूल ए और पूल बी के टीमें विनर मैच खेलेंगी। पूल ए में जर्मनी, जापान, चिली, चेक गणराज्य एवं पूल बी में भारत, न्यूजीलैंड, यूएसए और इटली की टीम शामिल हैं। झारखंड के अतिरिक्त मस्कट, ओमान (पुरुष) और वालेंसिया, स्पेन (महिला और पुरुष) में इसका आयोजन हो रहा है।

पोटापोवा के रिटायर होने के बाद रिबाकिना सेमीफाइनल में

एजेंसी। ब्रिस्बेन

कजाकिस्तान की एलेना रिबाकिना शुक्रवार को ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के सेमीफाइनल में पहुंच गईं, जब उनकी रूसी प्रतिद्वंद्वी अनस्तासिया पोटापोवा चोट के कारण बीच में ही रिटायर हो गईं। पहले पांच मैचों में कड़े मुकाबले के बाद पोटापोवा को 4-1 से पिछड़ने पर मेडिकल टाइमआउट मिला। पोटापोवा के 40-15 से आगे होने के बाद रिबाकिना के 3-1 से आगे होने से पहले पहले तीन गेम सर्विस के साथ चले। आगामी बदलाव पर, रूसी खिलाड़ी कोर्ट पर लेट गई और फिजियो ने उसके पेट की देखभाल की। रिबाकिना ने उसे शुभकामनाएं देते हुए कहा, मैं अनस्तासिया के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं, क्योंकि उसे कल (कुदेरमेतोवा के खिलाफ) बहुत कड़ी लड़ाई का सामना करना पड़ा। मैं खुश हूं कि मुझे एक और मैच खेलने का मौका मिला, लेकिन निश्चित रूप से उस तरह से नहीं जिस तरह से मैं जीतना चाहती थी। सेमीफाइनल में रिबाकिना का मुकाबला 19 साल की लिंडा नोस्कोवा से होगा। नोस्कोवा ने 16 वर्षीय मीरा एंड्रीवा के साथ किशोरों की लड़ाई में 7-5, 6-3 से जीत हासिल की।

डेविड वार्नर को वापस मिली उनकी 'बैगी ग्रीन' कैप

एजेंसी। नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने कहा कि सोशल मीडिया पर हार्दिक सार्वजनिक अपील के बाद अपनी खोई हुई बैगी ग्रीन टेस्ट कैप के साथ फिर से जुड़ने के बाद वह खुशी और राहत महसूस कर रहे हैं।"ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच अपने घरेलू एससीजी में अंतिम टेस्ट मैच की पूर्व संध्या पर मेलबर्न से सिडनी की टीम की उड़ान के दौरान वार्नर का बैगी ग्रीन उनके बैग से गायब हो गया। इसके बाद अनुभवी सलामी बल्लेबाज ने मंगलवार को इंस्टाग्राम के माध्यम से बैग के भावनात्मक मूल्य को व्यक्त करते हुए एक सार्वजनिक अपील की, जिसमें विशेष रूप से उनकी पसंदीदा बैगी ग्रीन कैप शामिल थी। वार्नर ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, मैं खुश हूं और मुझे राहत मिली है कि मेरा बैगी मेरे हाथ में वापस आ गया है।

कोई भी क्रिकेटर जानता है कि उनकी टोपी कितनी खास है और मैं इसे जीवन भर संजोकर रखूंगा। मैं इसे ढूंढने में शामिल सभी लोगों का बहुत आभारी हूं - क्वांटास टीम, माल ढुलाई कंपनी, होटल और हमारा अपना टीम प्रबंधन।

आदिवासी क्लब को मिला एक लाख का इनाम

रांची। केंद्रीय सरना समिति द्वारा आयोजित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा फुटबाल प्रतियोगिता का विजेता आदिवासी क्लब पंडरा बना। आदिवासी क्लब ने संत जॉन फुटबॉल अकेडमी को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 1-0 से हराया। तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा की अगुवाई में समापन हुआ। मंच संचालन झारखंड अंदोलनकारी कुमोद कुमार वर्मा ने किया। मुख्य अतिथि विधायक सीपी सिंह, आरक्षी उपाधीक्षक कोतवाली प्रकाश सोय, यातायात आरक्षी उपाधीक्षक जीत वाहन उरांव, सुनील फकीरा कच्छप, जितेंद्र सिंह आदि ने विजेताओं के बीच पुरस्कार का वितरण किया। प्रतियोगिता के तीसरे और अंतिम दिन पहला मैच पाहन ब्रदर्स और आदिवासी फुटबॉल क्लब पंडरा के बीच खेला गया। जिसमें आदिवासी क्लब पंडरा 4-1 से विजय रहा। दूसरा मैच संत जॉन फुटबॉल अकेडमी और सतियारी टोली के बीच खेला गया। जिसमें संत जॉन फुटबॉल अकेडमी 2-1 से विजय रहा। फाइनल मुकाबला संत जॉन फुटबॉल अकेडमी और आदिवासी फुटबॉल क्लब पंडरा के बीच खेला गया। इस संघर्षपूर्ण मैच में आदिवासी क्लब पंडरा 1-0 से विजय रहा। प्रतियोगिता के तृतीय एवं चतुर्थ टीम मैनेजर को अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा दोनों टीमों को 11 हजार रुपए पुरस्कार राशि दी गयी। द्वितीय पुरस्कार केंद्रीय सरना समिति के जगलाल पाहन एवं केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा ने संयुक्त रूप से ट्रॉफी एवं 51,000 रुपए का चेक दिया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में अशोक उरांव, जगरनाथ तिर्की, शोभा कच्छप, किरण तिर्की, रंजन मुंडा, शिवधन मुंडा, लक्ष्मण मुंडा, विश्वास उरांव, पुनीत कुजूर, डब्लू उरांव, सुरेंद्र लिंडा, अनीता गाड़ी, मुन्ना लकड़ा, गोविंद उरांव, माठु उरांव, मुकेश मुंडा, मुन्ना हेमरोम, कजरू खलखो, आशीष मुंडा, राकेश मुंडा, राजू मुंडा, शंकर उरांव, मंगल मिंज, सरोज नाथ महतो, दिनेश महतो, संतोष उरांव, दिनेश महतो और अभिजीत विश्वास का सहयोग रहा।

कर्नल कप फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल 7 को ऐतिहासिक होगा फाइनल समारोह : कर्नल संजय

हुसैनाबाद। कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब जपला के तत्वावधान में लागातार चौथे वर्ष कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता हुसैनाबाद अनुमंडल के कपूरी मैदान में खेलाया जा रहा है। यह प्रतियोगिता अब अंतिम पड़ाव में पहुंच चुका है इसका फाइनल मैच 7 जनवरी को अनुमंडलीय कपूरी मैदान में खेला जाएगा। प्रतियोगिता के दो सबसे बेहतरीन टीम बभंडी और पतरिया खिताब जीतने के इरादे से मैदान में उतरेगी। उक्त बातों की जानकारी स्पोर्ट्स क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि पिछले एक महीने से हुसैनाबाद में चल रहे फुटबॉल महाकुंभ अब अंतिम चरण में है रविवार को भव्य फाइनल मैच कपूरी मैदान में खेला जाएगा। जिसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मैदान को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है उन्होंने जानकारी दी है कि कर्नल कप फुटबॉल का चर्चा पूरे राज्य में हो रही है इसी का नतीजा है कि झारखंड के कई दिग्गज नेता फाइनल मैच में खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करने के लिए हुसैनाबाद आ रहें हैं। इसलिए फाइनल समारोह भव्य और ऐतिहासिक साबित होगा। उन्होंने तमाम फुटबॉल प्रेमियों को फाइनल मैच देखने के लिए हुसैनाबाद पहुंचने का आग्रह किया है। मालूम हो कि पिछले वर्ष 23 नवंबर से शुरू हुईं इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के चौबीस पंचायत के टीम ने भाग लिया था। तीन तीन करके टीम को आठ ग्रुप में बांटा गया था प्रत्येक ग्रुप से एक टीम ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई उसके बाद उसमें से चार टीम बैरांव बभंडी सड़ेया और पतरिया सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रही। सेमीफाइनल में बभंडी ने बैरांव को तथा पतरिया ने सड़ेया को हराकर फाइनल में प्रवेश किया है।

दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण के खिलाफ आरोपों पर फिर से शुरू की बहस

एजेंसी। रांची

दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को छह महिला पहलवानों द्वारा दर्ज कथित यौन उत्पीड़न मामले में भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने को लेकर बहस फिर से शुरू की।

पुलिस ने अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत के समक्ष अपनी दलीलें पेश कीं, जिसमें दावा किया गया कि सिंह और सह-आरोपी, डब्ल्यूएफआई के निलंबित सहायक सचिव विनोद तोमर के खिलाफ मुकदमा आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त प्रथम दृष्टया सबूत हैं। सिंह को उस दिन के लिए व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट दी गई थी। कोर्ट शनिवार को भी मामले की सुनवाई जारी रखेगी। ताजा सुनवाई राउज एवेन्यू कोर्ट के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल के स्थानांतरण से शुरू हुई, जिन्होंने पहले मामले की अध्यक्षता की थी।

चूंकि पूर्ववर्ती न्यायाधीश पहले ही व्यापक दलीलें सुन चुके थे, इसलिए पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने नए सिरे से सुनवाई की जरूरत पर जोर दिया था, खासकर आरोप तय करने पर। स्थानांतरण होने पर आदेश सुरक्षित रखने से पहले मामला स्पष्टीकरण के चरण में था। इससे पहले, दिल्ली पुलिस ने सिंह के खिलाफ आरोप तय करने के बारे में अपना पक्ष रखते हुए लिखित दलीलें पेश की थीं। एसीएमएम जसपाल ने दलीलों की प्रति आरोपी और शिकायतकर्ता के वकीलों को सौंपी थी। शिकायतकताओं का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील हर्ष बोरा ने पहले लिखित दलीलें पेश की थीं।

आईसीसी वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए नामित हुए कोहली, शमी, गिल

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली, अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और युवा बल्लेबाज शुभमन गिल की तिकड़ी को आईसीसी पुरुष वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2023 पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिचेल इस पुरस्कार के लिए चौथे और एकमात्र गैर-भारतीय नामांकित व्यक्ति हैं। विराट कोहली ने 2022 के बाद शानदार 2023 के साथ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी वापसी की, जहां उन्हें घरेलू धरती पर पुरुष वनडे विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। उन्होंने विश्व कप में अपनी 11 पारियों में से नौ में कम से कम अर्धशतक जमाया और कुल 765 रन बनाये। उनके 765 रन पुरुषों के वनडे विश्व कप में किसी भी व्यक्तिगत बल्लेबाज द्वारा बनाए गए सबसे अधिक रन हैं, जो 2003 में सचिन तेंदुलकर द्वारा बनाए गए पिछले रिकॉर्ड से आगे निकल गए। कोहली ने टूर्नामेंट को 95.62 के औसत और 90.31 के स्ट्राइक रेट के साथ तीन शतकों के साथ समाप्त किया। सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ कोहली का शतक उनका 50वां एकदिवसीय शतक भी था, जिससे वह प्रारूप के इतिहास में अग्रणी शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए।

ख्वाजा ने वॉन की अपील पर प्रतिक्रिया दी

नई दिल्ली। एससीजी पर बादल छाए रहने और खराब रोशनी के कारण ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच टेस्ट मैच का दूसरा दिन रद्द कर दिया गया। इसके बाद उस्मान ख्वाजा ने कहा कि अगर टेस्ट क्रिकेट गुलाबी गेंद में स्थानांतरित हो जाता है तो वह संन्यास ले लेंगे। गुरुवार को पाकिस्तान के 313 रनों के जवाब में जब ऑस्ट्रेलिया 2 विकेट के नुकसान पर 116 रन पर था, तब बारिश की आशंका के बीच खिलाड़ी और अंपायर को मैदान से बाहर जाना पड़ा। अंपायर माइकल गफ और रिचर्ड इलिंगवर्थ ने खराब लाइट मीटर का सामना करते हुए फैसला किया कि बहुत अंधेरा है और इसे जारी नहीं रखा जा सकता और दिन का खेल रद्द कर दिया गया।

तिसीबार की टीम ने कप पर जमाया कब्जा महुगावां टीम को किया छह विकेट से पराजित

उंटारी रोड पलामू। जिले के बिश्रामपुर माझीआव विधानसभा क्षेत्र के पाण्डु प्रखंड अंतर्गत ग्राम कुटमू मे बाबा साहब क्लब के द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबले का आयोजन किया गया। जिसका उद्घघाटन मुख्य अतिथि के रुप में बसपा के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने किया। फाइनल मुकाबला में तीसीबार के टीम ने महुगावा टीम को 6 विकेट से पराजित कर कप पर कब्जा जमाया। इस क्रिकेट फाइनल मुकाबला के मुख्य अतिथि बसपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया । इस कमिटी अध्यक्ष राजकुमार रवि जी उपाध्यक्ष अखिलेश रवि,सचिव आशीष यादव,विधानसभा प्रभारी अमेश राम, बसपा पांडू प्रखंड अध्यक्ष विजय मंडेला, सोनू रवि, राजकुमार भारती,राष्ट्रीय नाई महासभा के जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर,उस्मान अंसारी इत्यादि हजार क्रिकेट प्रेमी लोग उपस्थित थे।

67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल के ताइक्वांडो प्रतिस्पर्धी के अंतिम दिन झारखंड को चार पदक

रांची। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा बैतूल मध्य प्रदेश में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल 2023-24 के ताइक्वांडो प्रतियोगिता के अंतिम दिन राज्य के खिलाड़ियों ने 4 कांस्य पदक अपने नाम किया। अंडर 17 बालक में मो आसिफ इकबाल ने 68-73 किलो ग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। आसिफ इकबाल ने नॉक आउट स्टेज के बेस्ट ऑफ थ्री मुकाबले के पहले नॉक आउट मैच में दिल्ली को 2-1 से, प्री क्वार्टर फाइनल मैच में छत्तीसगढ़ को 2-0 से, क्वार्टर फाइनल मैच में उत्तरप्रदेश को 2-0 से हराते हुए कांस्य पदक जीता। वहीं अंडर 17 बालिका के 46-49 किलोग्राम भारवर्ग में धानमुनी कुमारी ने पहले नॉक आउट मैच में सी आई इस सी ई को 2-1, प्री क्वार्टर फाइनल मैच में दमन दीव को 2-0, क्वार्टर फाइनल में तमिलनाडु को 2-0 हरा कर, अंडर 19 बालिका के -40 किलो भारवर्ग में अंकिता कुमारी ने प्री क्वार्टर फाइनल मैच में छत्तीसगढ़ को 2-1, क्वार्टर फाइनल में तेलंगाना को 2-0 से हरा कर, एवं अंडर 19 बालिका के 40-42 किलो भारवर्ग में आरती कुमारी ने पहले नॉक आउट मैच में के वी एस को 2-0, प्री क्वार्टर फाइनल मैच में गोवा को 2-0 से, क्वार्टर फाइनल में एन वी एस को 2-0 से हरा कर कांस्य पदक अपने नाम किया। झारखंड टीम ने प्रतियोगिता में कुल 9 पदक, 2 रजत और 7 कांस्य पदक जीता है।

उज्जीवन एसएफबी ने मैक्सिमा बचत और बिजनेस मैक्सिमा चालू खाता किया आरंभ

रांची। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने प्रीमियम ग्राहक वर्ग के लाभार्थ मैक्सिमा बचत खाता और बिजनेस मैक्सिमा चालू खाता आरंभ किया है। इन नई पेशकशों के माध्यम से उज्जीवन ने विभिन्न प्रकार की सेवाएं और लाभ प्रदान करके अपने नए और मौजूदा दोनों ग्राहकों के बैंकिंग अनुभव को शानदार और और बेहतर बनाने का लक्ष्य बनाया है। मैक्सिमा बचत खाते पर वार्षिक ब्याज दर 7.5% तक है, जो इंडस्ट्री में सबसे अधिक है, और ग्राहक एक लाख रुपये के साथ खाता खोल सकते हैं। ग्राहकों को मैक्सिमा बचत खाते की शेष राशि पात्रता मानदंडों को पूरा करने के लिए सावधि जमा में 15 लाख रुपये या उससे अधिक राशि बनाए रखने की सुविधा भी दी गई है, मैक्सिमा बचत खाते द्वारा दी जाने वाली अन्य रोमांचक सेवाओं में शामिल हैंचेक और डीडी जारी करना, सभी चैनलों पर मुफ्त लेनदेन और किसी भी शाखा में असीमित नकद जमा और निकासी।

व्यापार

गूगल ने चुनिंदा यूजर्स के लिए क्रोम में डेटा ट्रैकिंग कुकीज को ब्लॉक करना शुरू किया

एजेंसी। नई दिल्ली

गूगल ने एक नए फीचर की टेस्टिंग शुरू कर दी है, जो डिफॉल्ट रूप से थर्ड-पार्टी कुकीज तक वेबसाइट एक्सेस को प्रतिबंधित करके क्रॉस-साइट ट्रैकिंग को सीमित करता है। कंपनी ने ग्लोबल लेवल पर 1 प्रतिशत क्रोम यूजर्स (लगभग 30 मिलियन यूजर्स) के लिए 'ट्रैकिंग प्रोटेक्शन' फीचर शुरू किया है, जो 2024 की दूसरी छमाही में सभी के लिए थर्ड-पार्टी कुकीज को समाप्त करने की गूगल की 'प्राइवेसी सैंडबॉक्स' पहल का हिस्सा है। गूगल ने कहा, यह यूके के कम्पिटिशन और मार्केट अथॉरिटी की किसी भी शेष प्रतिस्पर्धा संबंधी चिंताओं को संबोधित करने के अधीन है। कंपनी की इस साल के अंत में कुकीज को खत्म करने के लिए 'ट्रैकिंग प्रोटेक्शन' फीचर को पूरी तरह से लागू करने की योजना है। थर्ड-पार्टी कुकीज लगभग तीन दशकों से वेब का फंडामेंटल हिस्सा रही हैं। उनका उपयोग आपकी वेबसाइट एक्टिविटीज को ट्रैक करने के लिए किया जा सकता है, साइटों ने उनका उपयोग कई ऑनलाइन एक्सपीरियंस का समर्थन करने के लिए भी किया है, जैसे आपको लॉग इन करने में मदद करना या आपको रिलेवेंट ऐड दिखाना। गूगल के उपाध्यक्ष एंथनी चावेज ने पिछले महीने 'ट्रैकिंग प्रोटेक्शन' टेस्ट की घोषणा करते हुए कहा, हम क्रोम में थर्ड-पार्टी कुकीज को चरणबद्ध तरीके से हटाने के लिए एक जिम्मेदार दृष्टिकोण अपना रहे हैं। उन्होंने कहा, "प्राइवेसी सैंडबॉक्स के साथ, हम क्रोम में थर्ड-पार्टी कुकीज को चरणबद्ध तरीके से हटाने के लिए एक जिम्मेदार दृष्टिकोण अपना रहे हैं। हमने उन साइट्स के लिए नए टूल बनाए हैं जो प्रमुख उपयोग के मामलों का समर्थन करते हैं, और डेवलपर्स को परिवर्तन करने के लिए समय प्रदान करते हैं। हम क्रोम यूजर्स के एक छोटे प्रतिशत के साथ शुरूआत कर रहे हैं ताकि डेवलपर्स थर्ड-पार्टी कुकीज के बिना वेब के लिए अपनी तैयारी का टेस्ट कर सकें। ट्रैकिंग प्रोटेक्शन, प्राइवेसी सैंडबॉक्स और गूगल द्वारा क्रोम में लॉन्च किए गए सभी फीचर्स के साथ, हम एक ऐसा वेब बनाने के लिए काम करना जारी रखेंगे जो पहले से कहीं अधिक निजी हो, और सभी के लिए सार्वभौमिक रूप से सुलभ हो।

700 करोड़ जुटाने हैं मोबिक्विक ने आईपीओ के लिए किया आवेदन

एजेंसी। नई दिल्ली

फिनटेक यूनिकॉर्न मोबिक्विक ने शेयरों के नए इश्यू के जरिए इस बार 700 करोड़ रुपये जुटाने के अपने दूसरे प्रयास में शुक्रवार को बाजार नियामक सेबी के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया। डीआरएचपी बिना किसी ऑफर-फॉर-सेल (ओएफएस) घटक के आता है, लेकिन कंपनी का लक्ष्य प्री-आईपीओ दौर में 140 करोड़ रुपये जुटाने का है। प्रॉस्पेक्टस के अनुसार, 2009 में बिपिन प्रीत सिंह और उपासना ताकू द्वारा स्थापित कंपनी की आईपीओ में किसी भी मौजूदा शेयर को बेचने की योजना नहीं है। 2021 में, पीक एक्सवी, अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी और अमेरिकन एक्सप्रेस द्वारा समर्थित मोबिक्विक ने नए और मौजूदा शेयरों की बिक्री के माध्यम से लगभग 250 मिलियन डॉलर जुटाने के लिए आईपीओ के लिए आवेदन किया था, लेकिन इसने वैश्विक मंदी और बिगड़ती स्थिति के बीच आईपीओ योजनाओं को बाधित कर दिया। डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म ने इस साल अक्टूबर में चालू वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही के लिए अपने वित्तीय नतीजे (अनऑडिटेड) जारी किए, इसमें वित्त वर्ष 23 की इसी अवधि की तुलना में राजस्व में 52 प्रतिशत की वृद्धि और पीएटी लाभप्रदता की लगातार दूसरी तिमाही है। जुलाई-सितंबर तिमाही में राजस्व 208 करोड़ रुपये रहा, जो उसी वित्तीय वर्ष की पिछली तिमाही की तुलना में 17 प्रतिशत की वृद्धि है, इसमें 5 करोड़ रुपये का कर पश्चात लाभ (पीएटी) है।

एनएसओ का अनुमान, 2022-23 में 7.2 प्रतिशत रहा था वृद्धि दर

जीडीपी वृद्धि दर 7.3 फीसदी रहने का अनुमान

एजेंसी। नई दिल्ली

देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 7.3 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान है। पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में यह 7.2 फीसदी रही थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने शुक्रवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में देश की अर्थव्यवस्था 7.3 फीसदी की दर से बढ़ेगी। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में यह 7.2 फीसदी थी। एनएसओ ने राष्ट्रीय आय के बारे में अपने पहले अग्रिम अनुमान में बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) यानी 2011-12 की स्थिर कीमतों पर जीडीपी के 171.79 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। एनएसओ ने पिछले वित्त वर्ष 2022-23 के लिए जीडीपी 160.06 लाख करोड़ रुपये रहने का अस्थायी अनुमान 31 मई, 2023 को जारी किया था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के मुताबिक चालू वित्त वर्ष में देश की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 7.3 फीसदी रहने का अनुमान है, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में यह 7.2 फीसदी रही थी। इसी तरह वित्त वर्ष 2023-24 में मौजूदा कीमतों पर जीडीपी 296.58 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है, जबकि 31 मई, 2023 को जारी वित्त वर्ष 2022-23 के अस्थायी अनुमानों के मुताबिक जीडीपी 272.41 लाख करोड़ रुपये थी। एनएसओ ने बताया कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में मौजूदा कीमतों पर जीडीपी की वृद्धि दर 8.9 फीसदी रहने का अनुमान है, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 16.1 फीसदी रही थी। इसके साथ ही निर्माण क्षेत्र में दोहरे अंक में 10.7 फीसदी की वृद्धि का अनुमान जताया गया है। कृषि और संबद्ध क्षेत्र को छोड़कर सभी आर्थिक क्षेत्रों ने 6 फीसदी से अधिक की वृद्धि के साथ बेहतर प्रदर्शन किया है, जिसके लिए अनुमानित वृद्धि की दर 1.8 फीसदी है। चालू वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में भारत की अर्थव्यवस्था 7.60 फीसदी की दर से बढ़ी है, जबकि पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में जीडीपी ग्रोथ रेट 7.80 फीसदी रही थी।

सेवा क्षेत्र ने दिसंबर 2023 में दर्ज की जबरदस्त वृद्धि

एजेंसी। मुंबई

एचएसबीसी सर्वेक्षण के अनुसार, मजबूत मांग और सकारात्मक परिदृश्य के कारण भारत के सेवा क्षेत्र ने दिसंबर 2023 में मजबूत वृद्धि दर्ज की। एसएंडपी ग्लोबल द्वारा संकलित एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स नवंबर के 12 महीने के निचले स्तर 56.9 से बढ़कर दिसंबर में 59.0 पर पहुंच गया। सर्वेक्षण में 50 अंक वह सीमा है, जो विकास को संकुचन से अलग करती है। एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, भारत के सेवा क्षेत्र ने तीन महीने के उच्चतम नए ऑर्डर सूचकांक के कारण व्यावसायिक गतिविधि में बढ़ोतरी के साथ साल का अंत उच्च स्तर पर किया। सेवा कंपनियों को उम्मीद है कि इस साल गति मजबूत बनी रहेगी, जो नवंबर के चार महीने के निचले स्तर की तुलना में भविष्य की गतिविधि उप-सूचकांक में बढ़ोतरी से संकेत मिलता है। हालांकि, महीने के दौरान नियुक्ति की गति धीमी रही, लेकनि यह पिछले महीने की तुलना में अधिक थी। मुद्रास्फीति कम होने से कंपनियों को कुछ राहत मिली, इसस परिचालन लागत में वृद्धि धीमी हो गई। उन्होंने अतिरिक्त लागत का भार भी त्वरित गति से ग्राहकों पर डाला, जो कि अधिक मुनाफे को दशार्ता है। हालांकि बुधवार को जारी विनिर्माण क्षेत्र सूचकांक दिसंबर में गिरकर 54.9 पर आ गया, लेकिन मजबूत सेवा गतिविधि ने समग्र एचएसबीसी इंडिया कंपोजिट पीएमआई आउटपुट इंडेक्स को 58.5 तक बढ़ा दिया है, जो तीन महीनों में सबसे अधिक है।

दिसंबर में रिकॉर्ड संख्या में खुले डीमैट अकाउंट

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में साल 2023 के दौरान आई तेजी का असर निवेशकों की संख्या में बढ़ोतरी के रूप में भी नजर आ रहा है। दिसंबर 2023 में कुल 41.78 लाख डीमैट अकाउंट खोले गए। ये संख्या अभी तक किसी भी महीने में खुले डीमैट अकाउंट के मामले में सबसे अधिक है। डीमैट अकाउंट का उपयोग शेयर बाजार में ट्रेडिंग करने के लिए किया जाता है। सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विस लिमिटेड,(सीएसडीएल) और नेशनल सिक्योरिटी डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) से मिले आंकड़ों के मुताबिक दिसंबर महीने में खुले नए डीमैट अकाउंट्स के बाद देश में कुल डीमैट अकाउंट्स की संख्या 13.93 करोड़ से अधिक हो गई है। दिसंबर से पहले नवंबर के महीने में 27.81 लाख डीमैट अकाउंट खोले गए थे। वहीं दिसंबर 2022 में कुल 21 लाख डीमैट अकाउंट की ओपनिंग हुई थी। जानकारों का कहना है कि इस साल शेयर बाजार में आई तेजी का असर आम लोगों पर भी काफी तेजी से पड़ रहा है। इसकी वजह से ज्यादा से ज्यादा लोग शेयर बाजार में निवेश करके पैसा कमाने की कोशिश कर रहे हैं।

एक नजर

बीएचयू गैंगरेप के दोषियों को दी जाये फांसीः झाक्रामं

मेदिनीनगर। झारखंड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने शुक्रवार को पटेल नगर सुदना स्थित आवास पर आयोजित वार्ता में बीएचयू आईआईटी की छात्रा के साथ गैंगरेप के दोषियों को फांसी की सजा दिये जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि मामले में गिरफ्तार आरोपी भाजपा आईटी सेल के कुणाल पाण्डेय,सक्षम पटेल व अभिषेक चौहान को अविलंब फांसी पर लटकाया जाये। उन्होंने रोष जताते हुये कहा कि दुष्कर्म के 60 दिन बाद यूपी पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी कर बिना रिमाण्ड लिए सीधे जेल भेजन की कार्रवाई रामराज्य की अवधारणा के विपरीत है। तीनों आरोपियों का फोटो भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ वायरल होने से साबित हो रहा है कि भाजपा आईटी सेल की आड़ में अराजक तत्वों की फौज खड़ा कर रही है।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने झारखंड प्रभारी से की मुलाकात

मेदिनीनगर। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जैशंकर पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने रांची में प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर से मुलाकात कर उन्हें जिले की वर्तमान राजनीतिक स्थिति की जानकारी दी। प्रदेश प्रभारी के प्रथम झारखंड आगमन पर श्री पाठक ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, शहजादा अनवर, जलेसर महतो की उपस्थिति में श्री मीर को बुके देकर उनका स्वागत किया। झारखंड प्रभारी ने जिलाध्यक्षों के साथ बैठक में सभी को आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाने का निर्देश दिया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि उनके निर्देश पर कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को केंद्र सरकार की नाकामियों से अवगत करा रहे हैं।

रैयतों के मुआवजा मामले में आंदोलन का एलान

मेदिनीनगर। बसपा के लोकसभा प्रभारी सह पूर्व प्रत्याशी डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र विनोद कुमार (अधिवक्ता) एवं बसपा जिलाध्यक्ष अजय कुमार भारती ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से वार्ता कर भू-अर्जन कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ हुंकार भरी। उन्होंने रोष जताते हुये आरोप लगाया कि एनएच-75 फोरलेन निर्माण के लिये पोखराहा खुर्द के रैयतों कि जमीन अधिग्रहित की गयी है। जिसके मुआवजे के बदले अंचल कार्यालय, सरकारी अमीन, कर्मचारी सहित भू-अर्जन कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मचारी मिलने वाले राशि का एक प्रतिशत रिश्वत मांग रहे हैं। नहीं देने पर रैयतों का मुआवजा भुगतान अभी तक लंबित है। पार्टी द्वारा इस संबंध में पहले भी आवाज उठाई जा चुकी है, किंतु कोई पहल नहीं किये जाने से समस्या यथावत बनी हुयी है। अब इस मामले को लेकर बसपा ने आर-पार के संघर्ष का निर्णय लिया है। यदि तत्काल रैयतों को मुआवजे का भुगतान नहीं किया गया पार्टी धरना-प्रदर्शन के लिये बाध्य होगी। बात नहीं बनने पर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से गुहार लगाई जायेगी।

श्रद्धापूर्वक मनायी गयी गुरु गोविंद सिंह की 357 वीं जयंती

संस्कृति की रक्षा के लिये दिया जीवन का बलिदान

जयंती मनाते कार्यकर्ता

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। बेरोजगार संघर्ष मोर्चा द्वारा सिक्खों के 10वें गुरु गोविंद सिंह की जयंती श्रद्धापूर्वक मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने व संचालन संजय कुमार ने किया। गुरु गोविंद सिंह की तस्वीर पर फूल माला चढ़कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह धर्मगुरु के साथ महान शासक, समाज सुधारक एवं क्रांतिकारी संत थे। उन्होंने खालसा पंथ की स्थापना कर अत्याचार के विरुद्ध लड़ाई लड़ी। उन्होंने मानव जाति को जीवन जीने की कला सिखाई। शिवनारायण साहू ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह ने अपनी संस्कृति की रक्षा के लिए जीवन का बलिदान दिया था। इस अवसर पर जसवंत कुमार, विनय, नागेंद्र राम, गिरीश कुमार, प्रद्युम्न तिवारी, श्याम पाठक, उमेश पासवान, राजू राम, संजीत कुमार उपस्थित थे।

मोतियाबिंद शिविर आज

हरिहरगंज। बिहार के रोहतास जिले के जमुहार स्थित नारायण चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल की टीम द्वारा शनिवार को हरिहरगंज शहर के न्यू सब्जी बाजार में मोतियाबिंद निःशुल्क जांच शिविर लगाया जायेगा। जांच शिविर के मुख्य अतिथि हरिहरगंज मुखिया सह एनसीपी विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा होंगे।

महुआडांड में 63 वर्ग किमी में फैला है देश का सबसे बड़ा भेड़िया अभयारण्य

पीटीआर में प्रजनन काल में ही दिखते हैं भेड़िये

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखंड का पलामू टाइगर रिजर्व सिर्फ बाघ अभयारण्य ही नहीं, अपितु यहां के महुआडांड रेंज में 63 वर्ग किमी भू-भाग में फैला देश का सबसे बड़ा भेड़िया अभयारण्य भी स्थित है। हैरत की बात है कि पीटीआर में भेड़ियों का झुंड सिर्फ अपने प्रजनन काल दिसंबर-जनवरी महीने में ही दिखते हैं। उसके बाद मार्च महीने के अंत तक वे अपने मांदों को छोड़कर चले जाते हैं। पलामू टाइगर रिजर्व के दक्षिणी प्रमंडल के उप निदेशक कुमार आशीष ने बताया कि भेड़ियों पर नजर रखने के लिए उनकी मांद के आसपास 10 कैमरे लगाये गये हैं। एक अनुमान के अनुसार यहां 20 से 25 भेड़ियों की मांदें हैं। जिनमें से 20 मांद में भेड़िये रहते हैं। यह भेड़िया अभयारण्य 1976 में बना था। 1979 में भेड़ियों की सबसे पहले की गयी गणना में उनकी तादाद 41 पायी गयी थी। जबकि 10 साल पहले 2013 में महुआडांड रेंज के भेड़िया अभयारण्य में सर्वाधिक 667 भेड़ियों की गणना की गई थी। वर्ष 2024 में यह अनुमान लगाया जा रहा है कि इनकी संख्या घटकर 60-70 के बीच रह गयी है। कुमार आशीष ने बताया कि एक बार में भेड़िये दो से तीन बच्चे पैदा करते हैं।

पीटीआर में विचरण करता भेड़िया

भारत में दो हजार से अधिक हैं भेड़िये , संरक्षण जरूरी

देहरादून के वैज्ञानिक शाहिद इकबाल ने बताया कि भारत वर्ष में इस वक्त 2000 से 3000 भेड़िया हैं। ऐसी स्थिति में महुआडांड में 60 से 70 भेड़ियों की मौजूदगी बहुत ही सुखद संकेत है। उन्होंने बताया कि गुजरात और राजस्थान में भेड़ियों की संख्या आंध्र प्रदेश व महाराष्ट्र से बहुत ज्यादा है। पीटीआर में भेड़ियों के लिए समुचित आहार भी उपलब्ध है।

17 सौ घनफीट बोल्डर चिप्स एवं दो सौ घनफीट डस्ट किया जब्त, संचालक के खिलाफ एफआईआर

संचालित अवैध क्रशर को डीएमओ ने किया सील

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जिले में अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन की रोकथाम को लेकर उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर जिला खनन

सतबरवा थाना क्षेत्र में अवैध रूप से क्रशर का संचालन किये जाने के संबंध में लगातार सूचनायें मिल रही थीं, जिस पर यह कार्रवाई की गयी है : जिला खनन पदाधिकारी

पदाधिकारी आनंद कुमार ने शुक्रवार को थाना प्रभारी सतबरवा व पुलिस बल के साथ मुरमा में अवैध रूप से संचालित क्रशर पर छापेमारी कर क्रशर को सील कर दिया। इस दौरान क्रशर में रखे 17 सौ घनफीट बोल्डर चिप्स एवं दो सौ घनफीट डस्ट को जब्त किया गया। इस मामले में क्रशर संचालक मनिका निवासी प्रयाग यादव एवं अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि सतबरवा थाना क्षेत्र में अवैध रूप से क्रशर का संचालन किये जाने के संबंध में लगातार सूचनायें मिल रहीं थीं। जिस पर यह कार्रवाई की गयी है।

क्रशर प्लांट को सील करते डीएमओ

ईंट भट्ठों का भी किया निरीक्षण

अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन की रोकथाम को लेकर सतबरवा पहुंचे जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने थाना क्षेत्र में संचालित ईंट भट्ठा का भी निरीक्षण किया। डीएमओ ने लेस्लीगंज निवासी राजन सिंह द्वारा संचालित एआरबी ईंट भट्ठा व लातेहार निवासी प्रकाश कुमार साहू द्वारा संचालित पीकेएस ईंट भट्ठा का निरीक्षण किया।

अवैध खनन पर रखें पैनी नजर: डीसी

अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन को लेकर उपायुक्त शशि रंजन ने कहा है कि जिले में किसी भी कीमत पर अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन नहीं हो, सभी संबंधित पदाधिकारी यह सुनिश्चित करें। उन्होंने खनन से जुड़े अवैध गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए रखने के साथ ही ऐसे लोगों को चिन्हित करते हुए कानूनी कार्रवाई करने को निर्देशित किया है।

बख्से नहीं जायेंगे अवैध खनन के कारोबारी : डीएमओ

जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने कहा कि उपायुक्त शशि रंजन के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण के रोकथाम को लेकर विभाग पूरी तरह से सक्रिय है। जिले में किसी भी प्रकार के अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों को किसी भी कीमत पर बख्सा नहीं जाएगा। टीम की कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

कमिश्नर ने विभिन्न शाखा कार्यालयों का किया निरीक्षण

निरीक्षण करते आयुक्त

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। प्रमण्डलीय आयुक्त दशरथ चन्द्र दास ने शुक्रवार को आयुक्त कार्यालय के विभिन्न शाखा कार्यालयों का निरीक्षण किया। आयुक्त ने प्रमंडलीय सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, वीडियो कान्फ्रेंसिंग हॉल, पेसकारी शाखा, नजारत शाखा, क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक का कार्यालय, प्रशाखा पदाधिकारी का चैंबर, रिकॉर्ड रूम, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार कार्यालय, उप निदेशक कल्याण, उप निदेशक पंचायती राज कार्यालय, उपनिदेशक खाद्य कार्यालय एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के चैंबर, सभागार आदि का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय एवं शाखाओं को बेहतर साफ-सफाई रखने का निर्देश दिया। साथ ही दस्तावेजों एवं अभिलेखों को संरक्षित एवं सुरक्षित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अभिलेखों का सही संधारण एवं बेहतर तरीके से रखरखाव तथा स्थान का सही से सदुपयोग करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अभिलेखों का बेहतर तरीके से रखरखाव हेतु व्यवस्थित रिकॉर्ड रूम का प्रस्ताव देने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त के साथ प्रशाखा पदाधिकारी राजीव रंजन तिवारी, अमित कुमार, राकेश कुमार दुबे, तनवीर अहमद, राहुल सहित क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के कर्मी, क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक के कर्मचारी एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

राशन का वितरण नहीं होने से लाभुक परेशान

केतार में पांचवें दिन भी पीडीएस डीलरों की हड़ताल जारी रही

नवीन मेल संवाददाता। केतार

फेयर प्राइस पीडीएस डीलर्स एसोसिएशन की अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण केतार प्रखंड में राशन का वितरण पूरी तरह से ठप पड़ गया है। केतार प्रखंड के सभी सात पंचायतों में 22 डीलर हैं, जिनके माध्यम से सरकार राशन का वितरण कराती है। पीडीएस डीलरों के हड़ताल पर जाने के कारण गरीबों को राशन नहीं मिल पा रहा है। केतार प्रखंड में कुल राशनकार्ड धारियों की संख्या 10802 है। इसमें पीएच राशनकार्ड धारियों की संख्या 8982 है, जिसमें परिवारों की संख्या 43069 है। अंत्योदय राशन कार्ड धारियों की संख्या 1101 है, जिसमें परिवारों की संख्या 4808 है, जबकि ग्रीन राशनकार्ड धारियों की संख्या 745 है। सफेद राशन कार्ड धारियों की संख्या 34 है और इसमें सदस्यों की संख्या 110 है। केतार प्रखंड के डीलर संघ के प्रखंड अध्यक्ष प्रभु नारायण गुप्ता और सचिव सुरेश राम ने कहा कि केंद्र सरकार ने पांच साल तक पांच किलो अनाज बांटने की घोषणा की है। लेकिन डीलरों की सुविधाओं में कोई बढ़ोतरी नहीं की गयी है। कोरोना काल में 16 महीना तक लाभुकों के बीच मुफ्त अनाज का वितरण किया गया था, जिसका कमीशन भी अब तक नहीं मिला है। वहीं डोर टू स्टेप डिलीवरी का पैसा भी मार्च से दिसंबर तक का बकाया है। बताया कि जब तक डीलरों की मांग पूरा नहीं की जायेगी तब तक हड़ताल जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि प्रखंड के डीलर विगत 1 जनवरी से विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं।

10802 राशन कार्डधारी हैं केतार प्रखंड में

राज्य परिषद की बैठक में की गयी घोषणा

डालटनगंज विधानसभा से रुचिर होंगे भाकपा प्रत्याशी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य परिषद की पिछले दिनों रांची में हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। भाकपा के वरिष्ठ नेता सह राज्य कार्यकारिणी सदस्य सूर्यपत सिंह ने बताया कि बैठक में झारखंड राज्य प्रभारी राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अंजान सहित राज्य सचिव महेंद्र पाठक, राजेंद्र यादव, पशुपति कोल, छाया कोल, राज्य परिषद के सुरेश ठाकुर, जितेंद्र सिंह, राजेंद्र बैठा, रुचिर तिवारी भी उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड की हालिया राजनीतिक हलचल पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान स्थानीय नेताओं द्वारा राज्य परिषद का ध्यान पलामू में व्याप्त अकाल की ओर आकर्षित कराया गया। साथ ही बेरोजगारी, बढ़ती महंगाई और आसन्न लोकसभा व विधानसभा चुनावों को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि पार्टी पलामू, चतरा लोकसभा के साथ-साथ डालटनगंज-भंडरिया, पांकी एवं छतरपुर विधानसभा में चुनाव लड़ेगी। डालटनगंज विधानसभा से रुचिर कुमार तिवारी के चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद पार्टी की हलचल बढ़ गयी है।

कार्यपालक पदाधिकारी ने गरीबों में किया कंबल वितरण

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। कड़ाके की ठंड को देखते हुए हरिहरगंज शहरी क्षेत्र के न्यू बस स्टैंड, पुरानी बस स्टैंड सहित आधा दर्जन से अधिक जगह पर गुरुवार की देर शाम कार्यपालक पदाधिकारी सह सीओ यामुन रविदास ने अलाव की व्यवस्था कराई। इस दौरान गरीब, निर्धन तथा दिव्यांग लोगों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया। सीओ ने शहर में घूम कर विभिन्न चौक-चौराहा पर अलाव जलवाने की व्यवस्था कराई। साथ ही शहर वासियों से मिलकर उनकी समस्याओं को भी जानने का प्रयास किया। उन्होंने शहर को साफ व स्वच्छ रखने के प्रति नागरिकों से आह्वान किया। उन्होंने बताया कि आवश्यकतानुसार और कंबलों का वितरण किया जायेगा।

ऋण माफी की अफवाह फैला कर फार्म भरवाने पर पिता-पुत्र को पुलिस ने उठाया

भवनाथपुर। ऋण माफी की अफवाह फैला कर अपनी कंप्यूटर की दुकान में फॉर्म भरने के मामले में बीडीओ के निर्देश पर आरोपी पिता-पुत्र को भवनाथपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए थाना लाया। वहीं कर्ज माफी के लिए फॉर्म भराने आई महिलाओं से बीडीओ नंदजी राम ने कहा कि किसी भी अफवाह में नहीं आएं। बिना किसी अधिकृत व्यक्ति से जानकारी लिए कहीं भी जाकर अपना पैसा और वक्त बर्बाद नहीं करें।आपको बता दें कि भवनाथपुर हाई स्कूल के सामने में आशुतोष लाला के द्वारा पिछले तीन दिनों से कर्ज मुक्ति अभियान नामक एक वेबसाइट पर समूह से लोन लिए महिलाओं का फॉर्म भरा जा रहा था। उक्त फॉर्म भराने को लेकर सैकड़ों की संख्या में महिलाओं का भीड़ उमड़ पड़ा था। जब इसकी सूचना भवनाथपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी को मिला तो उन्होंने दुकान पर जा कर जानकारी लिया। वहां उपस्थित उर्मिला देवी, रूपा देवी, राजमती देवी, रेणु देवी, पुष्पा देवी, विन्दा देवी सहित सैकड़ों महिलाओं के बताया कि हम लोगो अपने लोन माफी कराने के लिए फॉर्म भराने आए हैं।

प्रदर्शन

जिला स्तरीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में खूब दौड़े होनहार

जिले के 250 छात्र-छात्राओं ने दिखाया दमखम

प्रतियोगिता में सफल खिलाड़ी आदित्यपुर खरसावां सरायकेला में सात जनवरी को आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे : संजय कुमार त्रिपाठी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में शुक्रवार को जीएलए कॉलेज स्टेडियम में जिला स्तरीय क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पलामू जिला के विभिन्न प्रखंडों से 250 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा ने पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजातशत्रु प्रसाद सिन्हा, पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमलानंद दुबे, अमित रंजू टेटे के साथ संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के संयुक्त सचिव प्रदीप कुमार मेहता, जीपीएस के शारीरिक शिक्षक सह पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अनिल कुमार पांडे, बाल शिक्षा निकेतन स्कूल के प्राचार्य पीयूष राज पुरुषोत्तम, शिक्षक राजीव रंजन मिश्रा, दीपक तिवारी उपस्थित थे। प्रतियोगिता का संचालन एथलेटिक्स कोच रेशमा पांडे के निर्देशन में कोच मोनू कुमार, प्रीति कुमारी, आर्या सिंह व अक्सा नाम ने किया। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्रतियोगिता में सफल खिलाड़ी आदित्यपुर खरसावां सरायकेला में 7 जनवरी को आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

हरी झंडी दिखाते अतिथि

प्रतियोगिता का परिणाम : अंडर 16 बालक वर्ग में प्रथम सुधाकर कुमार मेहता,द्वितीय संदीप सिंह व तृतीय विकास कुमार जबकि बालिका वर्ग में प्रथम साधना कुमारी, द्वितीय तनु कुमारी एवं तृतीय मेरी तिला खाखा रहीं। अंडर 18 बालक वर्ग में प्रथम प्रभात कुमार रहमानिया, द्वितीय वाल्मीकि रजवार, तृतीय मनजीत कुमार सिंह एवं बालिका वर्ग में प्रथम पूजा कुमारी,द्वितीय स्नेहा खातून व तृतीय स्थान लकी कुमारी ने प्राप्त किया। अंडर 20 बालक वर्ग में प्रथम राकेश कुमार, द्वितीय सोनू यादव तृतीय सुरेश सिंह तथा बालिका वर्ग में प्रथम मोनी कुमारी,द्वितीय चांदनी कुमारी व तृतीय प्राकृतिक तिर्की रहीं। 20 वर्ष से ऊपर पुरुष वर्ग में बजरंगी चौधरी पटेल ने बाजी मारी। तारा मोहम्मदगंज द्वितीय व राकेश कुमार तृतीय स्थान पर रहे।

पेज एक के शेष

गांडेय में उप चुनाव कराने को...

विधानसभा का प्रथम सत्र 06 जनवरी 2020 को अधिवेशित हुआ था। भारत के संविधान के अनुच्छेद 172 के अनुसार पंचम झारखंड विधान सभा का कार्यकाल 05 जनवरी 2025 तक है। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 151ए के अनुसार विधान सभा का कार्यकाल एक वर्ष से अधिक होने की स्थिति में (जैसा कि वर्तमान परिस्थिति में है) उप-चुनाव छह महीने के अन्दर कराया जाना प्रावधानित है। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि सर्वोच्च न्यायालय ने प्रमोद लक्ष्मण गुडाधे बनाम भारत निर्वाचन आयोग एवं अन्य मामले में जन प्रतिनिधित्व अधिनियम का यह प्रावधान आयोग पर बाध्यकारी बताया है। भारत निर्वाचन आयोग ने भी 09 अक्टूबर 2018 को निर्गत प्रेस नोट में इस विषय को स्पष्ट किया है कि एक वर्ष से ज्यादा की अवधि शेष होने की स्थिति में रिक्ति के छह महीने में उप चुनाव कराया जाना आवश्यक है। प्रतिनिधिमंडल में महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, विधायक भूषण तिर्की, नलिन सोरेन और फागु बेसरा मौजूद थे।

धोनी ने पूर्व बिजनेस पार्टनर

की ओर से किए गए मुकदमे में पक्ष रखने वाले विधि एसोसिएट्स के दयानंद सिंह के मुताबिक, अरका स्पोर्ट्स ने इन शर्तों का पालन नहीं किया। इससे धोनी को काफी नुकसान हुआ है। शर्तों का पालन नहीं करने पर धोनी ने अरका स्पोर्ट्स को 15 अगस्त 2021 को नोटिस भेजा था, इसके साथ ही उसे दिया गया अधिकार रद्द कर दिया गया था। धोनी ने बिजनेस पार्टनर के खिलाफ कई नोटिस भेजे थे, लेकिन, फिर भी वे इसे नजरअंदाज करते रहे। धोनी के दोस्त सीमांत लोहानी उर्फ चित्तु ने भी अरका स्पोर्ट्स के प्रमुख मिहिर दिवाकर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। सीमांत के मुताबिक कानूनी कार्रवाई करने के बाद मिहिर दिवाकर ने उन्हें धमकी दी और उनके साथ बदसलूकी की।

मोदी चीनी भाई-भाई ...

चीन के उपायों पर ध्यान केंद्रित करते थे। लेकिन अब वे भारत की निर्यात क्षमता पर अधिक जोर दे रहे हैं। उन्होंने लिखा है कि इसके अलावा, अपने तीव्र आर्थिक और सामाजिक विकास के साथ, भारत रणनीतिक रूप से अधिक आश्वस्त हो गया है और 'भारत नैरेटिव' बनाने और विकसित करने में अधिक सक्रिय हो गया है। कूटनीतिक क्षेत्र में, भारत तेजी से एक महाशक्ति बनने की ओर बढ़ गया है। जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता संभाली है, उन्होंने अमेरिका, जापान, रूस और अन्य देशों और क्षेत्रीय संगठनों के साथ भारत के संबंधों को बढ़ावा देने के लिए बहु-संरेखण रणनीति की वकालत की है। अब, विदेश नीति में भारत की रणनीतिक सोच में एक और बदलाव आया है और वह स्पष्ट रूप से एक महाशक्ति बनने की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने लिखा है कि रूस-यूक्रेन संघर्ष के संबंध में, भारत ने खुद को पश्चिम से दूर कर लिया है और खुद को विकासशील दुनिया के साथ अधिक निकटता से जोड़ लिया है। साथ ही, पश्चिमी शक्तियों के बारे में भारत की आपत्तियां काफी कम हो गई हैं और पश्चिमी देशों के भीतर इसकी गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। लिखा है कि दिसंबर 2023 में, भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद ने पहला 'नॉलेज इंडिया विजिटर्स प्रोग्राम' आयोजित किया, जिसमें 35 देशों के 77 से अधिक विद्वान एक साथ आए। भारतीय विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने एक मजबूत 'भारत नैरेटिव' के निर्माण के महत्व पर जोर दिया और अर्थशास्त्र, विकास, राजनीति और संस्कृति के संदर्भ में 'भारत नैरेटिव' की व्याख्या की। उन्होंने लिखा है कि ज़ाहिर है, भारत अब सांस्कृतिक परंपरा के माध्यम से न केवल अपने हितों को साध रहा है बल्कि विदेशी पर्यटकों को भी आकर्षित कर रहा है। चीनी मीडिया में मोदी सरकार की तारीफ से कांग्रेस आग-बबूला है। उसने अपनी इस नाराजगी के सीमा विवाद, साझा सैन्य अभ्यास, चीन का बढ़ता दबदबा, भारत का घटता कद, मेक इन इंडिया के दावों के बावजूद चीन से आयात मेन बढ़ोतरी सहित 5 कारण भी गिनाए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लिखा कि मोदी सरकार को तय कर लेना चाहिए कि उनकी चीनी नीति क्या है? वैसे मोटे तौर पर कहा जा सकता है कि भारत सबसे बड़ा बाजार तो है ही इसकी वैश्विक धमक से चीन, 'मोदी चीनी भाई-भाई नीति' मेन संभावनाएं तलाश रहा है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

एक नजर

संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने लोस अध्यक्ष बिरला से की मुलाकात

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में रिपब्लिक ऑफ बुल्गारिया की नेशनल असेंबली के प्रेसीडेंट रॉसेन जेल्याजकोव के नेतृत्व में भारत के दौरे पर आए संसदीय शिष्टमंडल के साथ बैठक की।

देश में कोरोना के 761 नए मामले, 12 की मौत

नई दिल्ली। देश में कोरोना के नए मामलों में बढ़ोतरी जारी है। पिछले 24 घंटे में कोरोना के 761 नए मामले सामने आए हैं और इससे 12 मरीजों की मौत हुई है। शुक्रवार को जारी स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में कोरोना के 838 मरीज स्वस्थ हुए हैं। मौजूदा समय में 4334 एक्टिव मामले दर्ज किए गए हैं। कर्नाटक और केरल में कोरोना के नए मामलों में लगातार बढ़ोतरी जारी है।

पाक : आतंकी कमांडर तूर समेत दो मारे गए

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने खैबर पख्तूनख्वा के टैंक जिले में आतंकवादियों के खिलाफ जारी अभियान में दो दहशतगर्दों को मार गिराया। मारे गए लोगों में आतंकी संगठन का दुर्दांत कमांडर गुल यूसुफ तूर भी शामिल है। पाकिस्तान के अखबार द न्यूज ने इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के शुक्रवार को जारी बयान के आधार पर यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षाबलों ने चार-पांच जनवरी की दरमियानी रात दोनों आतंकवादियों को मार गिराया। आतंकवादी तूर टैंक और सीमावर्ती जिलों में दहशत का पर्याय था।

'महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्याधाम' रखने को दी मंजूरी

नई दिल्ली। पीएम की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को अयोध्या हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित करने और इसका नाम 'महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्याधाम' रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार अयोध्या की आर्थिक क्षमता और वैश्विक तीर्थ स्थल के रूप में इसके महत्व को समझने, विदेशी तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए दरवाजे खोलने के लिए अयोध्या हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय दर्जा देना सर्वोपरि है।

रामायण से जुड़े प्रसंगों पर बनेंगे मंच, नई प्रतिभाओं को भी मिलेगा मौका

देश के नामचीन और नवोदित 500 प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध होगा

1111 शंखों की ध्वनि बजाकर विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी

एजेंसी। अयोध्या

22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले सरकार राममय माहौल बनाने में जुटी है। कण-कण में व्याप्त राम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का काम चल रहा है। सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध परंपरा को और निखारकर पूरे प्रदेश को राममय किया जा रहा है। इसी क्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बनाए जाने वाले मंच भी रामायण से जुड़े प्रसंगों पर होंगे। योगी सरकार प्रतिदिन उत्तर प्रदेश समेत देश के नामचीन व नवोदित 500 प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराएगी। साथ ही रामनगरी के कई प्रमुख स्थानों, 25 पौराणिक स्थलों-चौराहों पर भी सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए जाएंगे।

पर्यटन और सांस्कृतिक विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, सरकार की कल्पना है कि अयोध्या के प्रमुख स्थानों पर रामायणकालीन प्रसंगों पर आधारित मंच भी बने, जिससे नई पीढ़ी भी श्रीराम की सदाशयता से अवगत हो। सरकार की तरफ से श्रीराम मंदिर उद्घाटन के अवसर पर राम की पैड़ी पर पुरुषोत्तम मंच, भजन संध्या स्थल पर सरयू मंच, सांस्कृतिक संकुल प्रेक्षागृह में भरत मंच, रामकथा पार्क में कागभुशुन्डि मंच, तुलसी उद्यान में तुलसी मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुर सरिता बहाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही शहर के प्रमुख 25 पौराणिक स्थलों - चौराहों पर भी सांस्कृतिक आयोजन होंगे। इसमें नामचीन व नवोदित प्रतिभाएं भी अपनी कला दिखाएंगी।

एक अधिकारी ने बताया कि सरकार श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर संतों द्वारा रामकथा, अंतरराष्ट्रीय-राष्ट्रीय रामलीलाओं का मंचन, रामायण परंपरा पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियां, शास्त्रीय-उप शास्त्रीय, लोकगायन-वादन व नृत्य की प्रस्तुतियां, रंगोली-चित्रकला, रामायण पर आधारित क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन कराएगी। लोक में राम पर आधारित नाट्य व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देगी। इसका उद्देश्य पूरे यूपी को राममय करना है।

बीते दिनों लखनऊ में हुई बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामायण, कीर्तन, रामचरित मानस के आयोजन कराने के निर्देश दिए थे। अयोध्या के दिगंबर अखाड़ा, वाल्मीकि मंदिर नया पुरवा, वेद मंदिर, मौनी बाबा मंदिर, जानकी महल, रामजानकी मंदिर भरत कुंड, जालपा मां मंदिर, गुप्तार घाट, रामानंद आश्रम निकट छोटी छावनी, वाल्मीकि भवन, सूर्यकुंड समेत कई स्थानों पर 14 जनवरी से 24 मार्च तक भजन-कीर्तन, रामायण-रामचरित मानस पाठ, सुंदरकांड आदि कार्यक्रम के आयोजन पर भी जोर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार श्रीराम जन्मभूमि में 1111 शंखों का वादन करते हुए विश्व रिकॉर्ड किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए एनसीजेडसीसी व आईजीएनसीए की मदद ली जाएगी। इसके अलावा सामूहिक सरयू आरती व सौष्ठव कलाओं के प्रदर्शन का विश्व रिकॉर्ड बनेगा।

पांच वर्षीय रामलला का नूतन विग्रह तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को समर्पित किया

राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए रामलला के नवीन विग्रह के चयन पूरा हो गया, लेकिन श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में अभी इस विग्रह के स्वरूप को गुप्त रखा हुआ है। जयपुर के एक मूर्तिकार ने शुक्रवार को कमल दल पर खड़ी मुद्रा में पांच वर्षीय रामलला की 51 इंच की मूर्ति को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को समर्पित किया है। जिसको लेकर रामलला की मूर्ति को लेकर एक बार फिर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। बड़ी संख्या में लोग इस मूर्ति को देखने के लिए कारसेवकपुरम पहुंच रहे हैं। वहीं इंटरनेशनल और नेशनल मीडिया में भी इस प्रतिमा को लेकर अलग-अलग बाते सामने आ रही है।

फिर से परिभाषित होगा भारत-नेपाल संबंध

एजेंसी। काठमांडू

विदेश मंत्री एस. जयशंकर काठमांडू की अपनी दो दिवसीय यात्रा के बाद शुक्रवार को नई दिल्ली लौट आए। अपने दौरे में विदेश मंत्री ने नेपाल-भारत संयुक्त आयोग की सातवीं बैठक की सह-अध्यक्षता की और कई परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया। एस जयशंकर ने बैठक में हिस्सा लेने के अलावा पशुपतिनाथ मंदिर का भी दौरा किया और कुछ समझौतों पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल, प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल, नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा, विपक्ष के नेता केपी ओली सहित अन्य लोगों के साथ बातचीत भी की। केंद्र के सहयोग से नेपाल में भूकंप के बाद 58 पुनर्निर्माण परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व में, भारत सरकार हमारे पड़ोसी देशों विशेषकर नेपाल के साथ अपने संबंधों को फिर से परिभाषित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने नेपाल के सबसे पुराने त्रिभुवन विश्वविद्यालय के पुस्तकालय भवन का भी उद्घाटन किया, जिसे भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित किया गया था। जयशंकर और नेपाल के विदेश मंत्री एन.पी. सऊद ने संयुक्त रूप से नेपाल के भूकंप के बाद 58वें पुनर्निर्माण का उद्घाटन किया। इनमें 25 स्कूल, 32 स्वास्थ्य सुविधाएं और संस्कृति क्षेत्र की परियोजनाएं शामिल हैं। जयशंकर ने कहा, ''नेपाल में परियोजनाओं को पूरा करना प्रधानमंत्री मोदी द्वारा नेपाल के पुनर्निर्माण के बाद की गई प्रतिबद्धता थी।'' हाल के वर्षों में, हमने भारत-नेपाल संबंधों में वास्तविक परिवर्तन देखा है। इस साझेदारी का कई गुना विस्तार हुआ है। कनेक्टिविटी-भौतिक, डिजिटल और ऊर्जा-संबंधी इस विस्तारित सहयोग के लिए आधारशिला बन गई है। विदेश मंत्री सऊद ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में पुनर्निर्माण एक ऐसा क्षेत्र रहा है, जहां हमें भारत से पर्याप्त मात्रा में वित्तीय सहायता प्राप्त हुई है। नई दिल्ली के सहयोग से, गोरखा और नुवाकोट जिलों में बड़ी संख्या में निजी घरों का सफलतापूर्वक पुनर्निर्माण किया गया है। इससे पहले भारत ने गोरखा (26,912 लाभार्थी) और नुवाकोट (23,088 लाभार्थी) में 50,000 घरों के निर्माण का समर्थन किया था।

दो दिवसीय नेपाल यात्रा के बाद दिल्ली लौटे विदेश मंत्री

त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जयशंकर को विदा करने के बाद मंत्री सऊद ने कहा, ''साथ मिलकर, हमने नेपाल-भारत संयुक्त आयोग की महत्वपूर्ण बैठक सफलतापूर्वक संपन्न की। हमारे देशों के पारस्परिक लाभ के लिए सकारात्मक परिणाम दिए। हम नेपाल-भारत मित्रता की इस गति को बनाए रखने के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे।''

पीएम मोदी संग 'परीक्षा पे चर्चा' के लिए रिकॉर्ड 1 करोड़ पंजीकरण

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्कूली छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा 2024' के लिए, अब तक 1 करोड़ से अधिक पंजीकरण दर्ज किए गए हैं।

शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह देश भर में छात्रों के बीच व्यापक उत्साह को दशार्ता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस अनूठे कार्यक्रम - परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी) की परिकल्पना की है - जिसमें देशभर के साथ-साथ विदेशों से भी छात्र, अभिभावक और शिक्षक परीक्षाओं और स्कूल के बाद के जीवन से संबंधित चिंताओं पर चर्चा करने के लिए उनके साथ बातचीत करते हैं। इस वर्ष यह कार्यक्रम 29 जनवरी को सुबह 11 बजे से भारत मंडपम, आईटीपीओ, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में टाउन-हॉल प्रारूप में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में लगभग 4,000 प्रतिभागी प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करेंगे। प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश से दो छात्रों और एक शिक्षक तथा कला उत्सव एवं वीर गाथा प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य कार्यक्रम के लिए विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जा सकता है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छठी से 12वीं कक्षा के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए ऑनलाइन बहुविकल्?प प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता 11 दिसंबर, 2023 से 12 जनवरी, 2024 के बीच माईगॉव पोर्टल पर लाइव है।

इसरो ने अंतरिक्ष में अपने ईंधन सेल का किया सफल परीक्षण

चेन्नई। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने शुक्रवार को कहा कि उसने अंतरिक्ष में अपने ईंधन सेल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। इसरो के अनुसार, उसने 1 जनवरी को पीएसएलवी-सी58 रॉकेट पर लॉन्च किए गए अपने कक्षीय प्लेटफॉर्म, पीओईएम3 में 100 डब्ल्यू श्रेणी के पॉलिमर इलेक्ट्रोलाइट मेम्ब्रेन ईंधन सेल आधारित पावर सिस्टम (एफसीपीएस) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। इसरो ने कहा कि प्रयोग का उद्देश्य अंतरिक्ष में पॉलिमर इलेक्ट्रोलाइट मेम्ब्रेन ईंधन सेल संचालन का आकलन करना और भविष्य के मिशनों के लिए सिस्टम के डिजाइन की सुविधा के लिए डेटा एकत्र करना है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि छोटी अवधि के परीक्षण के दौरान, उच्च दबाव वाले जहाजों में ऑन-बोर्ड पीओईएम पर संग्रहीत हाइड्रोजन और ऑक्सीजन गैसों से 180 डब्ल्यू बिजली उत्पन्न की गई।

लाहौर हाईकोर्ट ने कहा

इमरान के भाषणों के प्रसारण पर रोक नहीं लगाई जाए

एजेंसी। लाहौर

लाहौर हाईकोर्ट ने पाक इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रेगुलेटरी अथॉरिटी को आदेश दिया है कि वह पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक इमरान खान के भाषणों के प्रसारण को रोकने के लिए टेलीविजन चैनलों पर दबाव न डाले। हाई कोर्ट का यह आदेश टेलीविजन चैनलों पर खान के संबोधनों के प्रसारण पर प्रतिबंध के खिलाफ दायर याचिकाओं की सुनवाई के दौरान गुरुवार को आया। पाक इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रेगुलेटरी अथॉरिटी ने इस तरह के किसी भी प्रतिबंध को लागू करने से इनकार किया है। हाईकोर्ट के जस्टिस शम्स महमूद मिर्जा ने याचिकाओं का निपटारा करते हुए कहा कि इमरान खान के भाषणों को प्रसारित करने के संबंध में दिशा-निर्देश विस्तृत फैसले में जारी किए जाएंगे।

हिज्बुल मुजाहिद्दीन आतंकी की गिरफ्तारी के बाद खुले राज, छह लोगों के नाम आए सामने

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम द्वारा हिज्बुल मुजाहिद्दीन आतंकी जावेद मट्टू को गिरफ्तार किए जाने के बाद लगातार कई खुलासे हो रहे हैं। मट्टू से पूछताछ में सामने आया है कि जावेद और उसके छह साथी करीब डेढ़ दशक से भारत के खिलाफ आतंकी साजिश में शामिल हैं। इन सभी को पाकिस्तान से ट्रेनिंग मिली थी। इसके छह साथियों में दो साथी बचकर पाकिस्तान भाग चुके हैं जबकि चार अलग-अलग समय में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे जा चुके हैं। इसके साथियों के नाम भी सामने आए हैं। इसमें सबसे पहला नाम अब्दुल माजिद जरगर का है। यह मूलतः जम्मू कश्मीर के सोपोर का रहने वाला है, जो अभी पाकिस्तान में छुपा हुआ है और वहीं से हिज्बुल मुजाहिद्दीन कैडर के दूसरे ग्रुप को संभाल रहा है। वहीं से वह जावेद मट्टू को भी हैंडल करता था। यह आतंकी गतिविधियों के लिए वहीं से रुपये और जरूरत पड़ने पर बॉर्डर पार हथियार उपलब्ध कराने का भी काम करता था। आतंकियों में दूसरा नाम अब्दुल कयूम का है, जो प्रशिक्षित आतंकवादी है। यह भी सोपोर का रहने वाला है। यह सात आतंकवादियों को ऑपरेट करने वाले गैंग का इंचार्ज था। कुछ समय पहले सुरक्षाकर्मियों से मुठभेड़ में इसकी मौत हो गई थी। तीसरा आतंकवादी तारिक अहमद है, जो पाकिस्तान प्रशिक्षित है। यह जम्मू कश्मीर के हंदवाड़ा का रहने वाला था। सुरक्षाकर्मियों से बचने के लिए इसने नदी में छलांग लगा दी थी। उस घटना में इसकी मौत हो गई थी।

कैलिफोर्निया में एक के बाद एक 3 हिंदू मंदिरों को बनाया निशाना

एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को

अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया के बे एरिया क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने एक के बाद एक तीन हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया है, जिससे समुदाय के लोग सदमे में हैं। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (एचएएफ) ने शुक्रवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बदमाशों ने हेवर्ड में विजय के शेरावाली मंदिर को तोड़ दिया और भारत विरोधी और खालिस्तान समर्थक नारे लिखे। हिंदू एडवोकेसी ग्रुप ने कहा कि कुछ हफ्ते पहले, नेवार्क में श्री स्वामीनारायण मंदिर की बाहरी दीवारों को इसी तरह के नारों और तस्वीरों से भर दिया गया था, और उसी क्षेत्र में शिव दुर्गा मंदिर में चोरी की सूचना मिली थी। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने एक्स पर पोस्ट में कहा, खालिस्तान समर्थक नारों और तस्वीरों के साथ बे एरिया के एक और हिंदू मंदिर पर हमला किया गया। हेवर्ड में विजय के शेरावाली मंदिर को स्वामीनारायण मंदिर पर हमले के ठीक दो सप्ताह बाद और उसी क्षेत्र में शिव दुर्गा मंदिर में चोरी के एक सप्ताह बाद निशाना बनाया गया।

आप ने स्वाति मालीवाल को रास के लिए अपना उम्मीदवार बनाया

संजय सिंह को दूसरा कार्यकाल

एजेंसी। नई दिल्ली

आप ने दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल को राज्यसभा के लिए अपना उम्मीदवार नामित किया है। जबकि, जबकि संजय सिंह और एनडी गुप्ता को दूसरे कार्यकाल के लिए फिर से नामांकित किया है। स्वाति मालीवाल को राज्यसभा में सुशील कुमार गुप्ता की जगह रिप्लेस किया गया है। आम आदमी पार्टी (आप) की राजनीतिक मामलों की समिति ने 19 जनवरी को दिल्ली में होने वाले आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अपने नामांकन को अंतिम रूप दिया। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में, समिति ने दो मौजूदा सदस्यों को फिर से नामांकन के लिए समर्थन देने का फैसला किया। जबकि,

आप के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार गुप्ता ने हरियाणा की चुनावी राजनीति पर अपना ध्यान केंद्रित करने का इरादा जताया है।

आप ने कहा, सुशील कुमार गुप्ता ने हरियाणा के चुनाव में सक्रिय रूप से शामिल होने की अपनी आकांक्षा व्यक्त की है और हम इस रास्ते पर आगे बढ़ने के उनके फैसले का सम्मान करते हैं। संजय सिंह दिल्ली एक्साइज पॉलिसी (आबकारी नीति) घोटाला मामले में जेल में हैं। दिल्ली की एक अदालत ने उन्हें राज्यसभा के लिए फिर से नामांकन के लिए दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने की अनुमति दे दी है, क्योंकि उनका वर्तमान कार्यकाल 27 जनवरी को समाप्त हो रहा है।

सजगता | समुद्री गश्ती विमान ने जहाज के ऊपर उड़ान भर चालक दल से किया संपर्क

अरब सागर में लाइबेरियाई जहाज के अपहरण का प्रयास

नौसेना ने विदेशी जहाज की सहायता के लिए आईएनएस चेन्नई को मौके पर भेजा

एजेंसी। नई दिल्ली

अरब सागर में सोमालिया के पास लाइबेरिया ध्वज वाले व्यापारिक जहाज एमवी लीला को अपहत करने का प्रयास किया गया है, लेकिन भारतीय नौसेना के माकूल जवाब के बाद यह घटना होने से बच गई है। नौसेना ने जहाज की सहायता के लिए आईएनएस चेन्नई को मौके पर भेजा है।

दरअसल, लाइबेरिया ध्वज वाले व्यापारिक जहाज एमवी लीला ने 04 जनवरी की शाम को लगभग पांच से छह अज्ञात सशस्त्र कर्मियों के सवार होने का संकेत दिया था। जहाज के चालक दल की ओर से यूनाइटेड किंगडम समुद्री व्यापार संचालन (यूकेएमटीओ) पोर्टल पर संदेश मिलने के बाद भारतीय नौसेना सक्रिय हुई। यूकेएमटीओ व्यापारिक जहाजों के लिए संपर्क और क्षेत्र में सैन्य बलों के साथ संपर्क के प्राथमिक बिंदु के रूप में कार्य करता है।

सोमालिया के पास व्यापारिक जहाज एमवी लीला का अपहरण होने के संकेत मिलने के बाद भारतीय नौसेना के मिशन में तैनात प्लेटफार्मों ने अरब सागर में इस समुद्री घटना पर तेजी से प्रतिक्रिया दी। भारतीय नौसेना ने तत्काल एक समुद्री गश्ती विमान (एमपीए) लॉन्च किया और जहाज की सहायता के लिए आईएनएस चेन्नई को मौके पर भेजने के लिए डायवर्ट कर दिया है। विमान ने आज सुबह जहाज के ऊपर से उड़ान भरी और चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए जहाज के साथ संपर्क स्थापित किया।

नौसेना के कमांडर विवेक मधवाल के मुताबिक नौसेना के विमान समुद्री गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं और आईएनएस चेन्नई लाइबेरियाई जहाज को सहायता देने के लिए पहुंच रहा है। पूरे क्षेत्र में अन्य एजेंसियों और बहुराष्ट्रीय बल के समन्वय से समग्र स्थिति पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। भारतीय नौसेना अंतरराष्ट्रीय साझेदारों और मित्रवत देशों के साथ क्षेत्र में व्यापारिक जहाजरानी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

फिल्म जगत

अभिनेता मनोज बाजपेयी के लोस चुनाव लड़ने की अटकलें, अभिनेता ने दी सफाई

इस समय राजनीतिक पार्टियां वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी कर रही हैं। करीब तीन महीने बाद लोकसभा चुनाव होने की संभावना है। इस बीच कई बॉलीवुड हस्तियों के लोकसभा चुनाव मैदान में उतरने की अटकलें लगना शुरू हो गई हैं। चर्चा है अभिनेता मनोज बाजपेयी भी लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। इस तरह की खबर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं कि मनोज बिहार के चंपारण निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ने जा रहे हैं। मनोज वाजपेयी से राजनीति में आने का सवाल अक्सर पूछा जाता था। वह कई बार साफ कर चुके हैं कि वह राजनीति में नहीं आएंगे। हालांकि, एक बार फिर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है कि मनोज वाजपेयी भाजपा से बिहार से लोकसभा चुनाव लड़ने वाले हैं। इस पर वाजपेयी ने ऐसी अफवाहों पर विराम लगा दिया। बाजपेयी ने कहा कि मुझे राजनीति में बहुत दिलचस्पी है। इस बात को उन्होंने कई बार इंटरव्यूज में बताया था। इस बीच, ट्विटर पर एक पोस्ट वायरल हो गया कि वह लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। मनोज बाजपेयी ने अफवाह वाले ट्वीट को रीट्वीट करते हुए लिखा, यह जानकारी आपको किसने दी? या आपने रात में कोई सपना देखा? बताओ...। मनोज बाजपेयी ने अब तक कई हिट फिल्में की हैं। इसके अलावा, वह वेब सीरीज के जरिए दर्शकों के बीच लोकप्रिय हो गए।